H-15/3

# हरियाणा विधान सभा

की

# कार्यवाही

18 नवम्बर, 1996

खण्ड 2, अंक 1

अधिकृत विवरण

Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY

विषय सूची

सोमवार, 18 नवम्बर, 1996


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| शोक प्रस्ताव | (1)1 |
| तारांकित प्रश्न एवं उत्तर | (1)18 |
| नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर | (1)33 |
| अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर | (1)38 |
| अध्यक्ष द्वारा घोषणाएं | |
| (i) सभापतियों के नामों की सूची | (1)42 |
| (ii) याचिका समिति | (1)43 |
| मेवात क्षेत्र में डेंगू तथा मलेरिया बुखार के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के संबंध में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति। | (1)43 |
| बैठक का समय बढ़ाना | (1)67 |


मूल्य : 143

| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| मेवात क्षेत्र में डेंगू तथा मलेरिया बुखार के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के संबंध में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति (पुनरारम्भ) | (1)68 |
| बैठक का समय बढ़ाना | (1)78 |
| मेवात क्षेत्र में डेंगू तथा मलेरिया बुखार के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के संबंध में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति (पुनरारम्भ) | (1)78 |
| बैठक का समय बढ़ाना | (1)85 |
| मेवात क्षेत्र में डेंगू तथा मलेरिया बुखार के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के संबंध में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति (पुनरारम्भ) | (1)85 |
| वाक-आउट | (1)89 |
| बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की पहली रिपोर्ट पेश करना | (1)89 |
| सदन की मेज पर रखे गये/पुनः रखे गए कागज़ पत्र | (1)91 |
| वर्ष 1990-91 तथा 1991-92 के लिए अनुदानों तथा विनियोजनों से अधिक मांगें प्रस्तुत करना। | (1)94 |

Vidhan Sabha Secretariat * Haryana * Chandigarh LIBRARY

# हरियाणा विधान सभा

**सोमवार, 18 नवम्बर, 1996**

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में 14.00 बजे हुई। अध्यक्ष (प्रो० छतर सिंह चौहान) ने अध्यक्षता की।

## शोक प्रस्ताव

**Mr. Speaker :** Now a Minister will make obituary references.

मुख्यमंत्री (श्री बंसी लाल) : अध्यक्ष महोदय, हमारे सदन के पिछले सैशन से इस सैशन के बीच में, हमारे कई साथी और कई बड़े-बड़े नेता हमको छोड़ कर चले गए।

### Shri Neelam Sanjiva Reddy, former President of India

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Shri Neelam Sanjiva Reddy, former President of India, on June 1, 1996.

He was born on May 19,1913. He took active part in freedom movement. He began his political career as a Member of Madras Assembly in 1946. He was elected to the Constituent Assembly in 1947. He remained Minister in Madras Government from 1949 to 1951. He was the Deputy Chief Minister of Andhra Pradesh from 1953 to 1956 and Chief Minister from 1956 to 1957 and again from 1962 to 1964. He was also Union Minister from 1964 to 1967. He was elected to Lok Sabha in 1967 and remained Speaker from 1967 to 1969. In July, 1977, he was elected as the sixth President of India and occupied the highest office till July, 1982.

In his death, the country has lost a great freedom fighter, a patriot, an efficient administrator and a great son of India, who worked all his life, for the service of Motherland. This House resolves to convey its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad and untimely demise of those persons who lost their lives in coastal districts of Andhra Pradesh due to heavy rains and gales in the wake of a severe cyclonic storm, on November 6, 1996.

This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved families.

This House places on record its deep sense of shock and grief on the sad and sudden demise of those passengers who lost their lives in a tragic collision of aircrafts belonging to Saudi Arbian Airways and Kazakhstan Airways in mid-air over Charkhi Dadri in Bhiwani district, on November 12, 1996.

This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved families.

[Sh. Bansi Lal]

This House places on record its deep sence of sorrow on the sad demise of those persons who lost their lives recently due to dengue and malarial fever in the State.

This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved families.

**Shri Yagya Dutt Sharma, former Governor of Orissa and Member of Parliament from Punjab**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Shri Yagya Dutt Sharma, a noted parliamentarian, dedicated leader and patriot, on July 4, 1996.

He was born on October 22, 1921. he took active part in 'Quit India Movement' in 1942 and went to jail. A founder member of Jan-Sangh, Shri Sharma contributed a lot in the formation of the first Non-Congress Government in Punjab in 1967. The same year, he was elected to the Lok Sabha from Amritsar Parliamentary Constituency. He devoted himself whole heartedly to the cause of uplift of the common man. he also served as Governor of Orissa.

In his death, the country has lost a great patriot and an able parliamentarian. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved families.

**Justice Gopal Das Khosla, former Chief Justice of Punjab High Court**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Justice Gopal Das Khosla, former Chief Justice of Punjab High Court, on June 10, 1996.

He was born on December 15, 1901. He began his career in the ICS as an Assistant Commissioner in 1925 and joined Bar in the same year. He went on to serve as a District and Sessions Judge till 1944, when he was appointed a High Court Judge at Lahore. He was appointed Chief Justice of Punjab High Court in 1959. He headed a number of commissions and committees of enquiry including the Commonwealth Commission of Enquiry set up by the British Government to look into the disturbances in Guyana in 1962 and the one-man Commission to enquire into the facts and circumstances relating to the disappearance of Netaji Subash Chandra Bose. He also remained the founder-president of the 'Authors Guild of India' for eight years.

In his death, the country has lost a noted legal luminary and an able administrator. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Justice Tek Chand, former Member of Parliament and Judge of Punjab & Haryana High Court**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Justice Tek Chand, former Member of Parliament and Judge of Punjab & Haryana High Court, on June 16, 1996.

He hailed from Ambala. After graduating from DAV College, Lahore, he went to England for studying Law. After returning to India in 1927, he enrolled himself as an advocate of the Lahore High Court and started practice in 1928 at Ambala and later in Lahore. He was a Lecturer in the Law College at Lahore from 1934 to 1942. He was elected to the Lok Sabha and was a member of various Select Committees on important issues. He was a votary of Prohibition and rendered valuable service to this cause.

In his death, the country has lost a distinguished jurist and parliamentarian. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Shri Nathu Ram Mirdha, Member of Parliament and former Union Minister**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Shri Nathu Ram Mirdha, Member of Parliament and former Union Minister, on August 30, 1996.

He was born on October 20, 1921. He was M.A., LL.B. He participated in freedom struggle. He was Minister in Jodhpur State during 1948-49. He remained Minister of Rajasthan during 1952-54 and from 1957 to 1967. He had been a Member of Rajasthan Legislative Assembly from 1984 to 1989. He was elected to Lok Sabha in 1971, 1977, 1980, 1989, 1991 and for the eleventh Lok sabha in May, 1996 for the sixth term. He remained Union Minister of State during 1979-80. He also remained Union Minister during 1989-90. He worked for the welfare of the poor, farmers and scheduled castes and also held many offices in various organisations. He was a widely travelled man.

In his death, the country has lost a freedom fighter, an able administrator and a renowned parliamentarian. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Shri Asoke Sen, noted Jurist and former Union Law Minister**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Shri Asoke Sen, noted jurist and former Union Law Minister, on August 31. 1996.

He was born on October 10, 1913. After getting higher education, he started his career as a Professor of Law at the City College, Calcutta. He started practising law in the Calcutta High Court in 1941.He became senior Advocate in the Supreme Court of India in 1950. He had been a Member of Lok Sabha from 1957 to 1962 and from 1962 to 1967. He also served as Chairman of the Supreme Court Bar Association for three terms during 1974-75, 1975-76 and 1984-85. He remained Union Law Minister under Prime Ministership of Pt. Jawharlal Nehru, Mrs. Indira Gandhi, Mr. Rajiv Gandhi and Mr. Chander Shekhar. He was a widely travelled man and also led several Indian delegations to the United Nations and Commonwealth conferences.

[Shri Bansi lal]

In his death, the country has lost a veteran parliamentarian and an outstanding jurist. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Shri Basant Singh Khalsa, Member of Parliament**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Shri Basant Singh Khalsa, Member of Parliament, on October 20, 1996.

He was born on March 2, 1932. He was a Graduate. He remained Member of Punjab Legislative Assembly in 1969, 1972, 1980 and 1985. He also remained Parliamentary Secretary during 1970-71. He remained Member of Lok Sabha during 1977-79. He was also elected to 11th Lok Sabha in 1996.

In his death, the country has lost an able legislator and parliamentarian. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Shri Dara Singh, former Minister of the erstwhile PEPSU State**

This House places on record its deep sense of Sorrow on the sad demise of Shri Dara Singh, former Minister of the erstwhile PEPSU State, on October 15, 1996.

He was born on January 1, 1905. He was a Law-graduate. He started practice in 1930 and went on to become a Sessions Judge. He was elected to PEPSU Assembly in 1952 and became Minister. He joined the Bar in the then Punjab High Court in 1956 and became a senior advocate in 1963. He remained a member of the Akali Dal Working Committee for 31 years.

In his death, the country has lost an able legislator, administrator and a noted legal luminary. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Swami Aditya Vesh, former Member of Haryana Legislative Assembly**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Swami Aditya Vesh, former Member of Haryana Legislative Assembly, on October, 22,1996.

He was born on January 1,1942. He was M.A. He was a great social reformer and exponent of the principles of Arya Samaj. He played a significant role in making the prohibition movement a great success in the State. He was elected to the Haryana Vidhan Sabha in 1977. He remained Vice-President of All India Arya Sabha and was associated with various social organisations.

In his death, the State has lost a social reformer and a legislator. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Shri Ajit Singh, former Minister of Joint Punjab**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Shri Ajit Singh, former Minister of Joint Punjab on October, 24, 1996.

He was born on May 19, 1905. He was M.A., LL.B. He remained a Member of the Joint Punjab Legislative Assembly form 1936 to 1952. He served as Minister in Joint Punjab from 1943 to 1945.

In his death, the country has lost an able legislator and an administrator. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Sardar Gurbachan Singh Bajwa, former Minister of Joint Punjab**

This House place on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Sardar Gurbachan Singh Bajwa, Former Minister of Joint Punjab, on October 28, 1996.

He was born in June, 1900. He was a Law-graduate. He was elected to Punjab Legislative Assembly in 1946 for the first time. He remained Parliamentary Secretary during 1946-1947. He served as Minister in Joint Punjab from 1949 to 1950 and again from 1952 to 1957.

In his death, the country has lost an able legislator and an administrator. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Dr. Pran Nath Chhuttani, Chairman of The Tribune Trust and former Director of PGI**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Dr. Pran Nath Chhuttani, Chairman of The Tribune Trust and former Director of PGI, on July 19, 1996.

He was Professor of Medicine at Patiala and Amritsar Medical College from 1956 to 1962. He remained Dean and Director of PGI from 1962 to 1978. He had been the member of the Senate, Panjab University from 1969 to 1987. He held various posts in the field of medicine, had travelled abord widely and represented India in W.H.O. He was awarded Padma Bhushan in 1972 and was bestowed the Dr. B.C. Roy National Award in 1987. He was also the physician to the President of India. He became the Chairman of The Tribune Trust in 1988.

In his death, the country has lost a renowned physician and Multi-faceted personality. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Smt. Aruna Asaf Ali, a veteran freedom fighter**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Smt. Aruna Asaf Ali, a veteran freedom fighter and 'heroine' of the 1942 'Quit India Movement', on July 29, 1996.

[Shri Bansi lal]

She was born on July 16, 1909. She was educated in Christian Missionary Institutions in Lahore and Nainital. She got married in 1928 with the great patriot and freedom fighter Asaf Ali. She becamea radical nationlist and an uncompromising fighter against British Rule. She participated in the Civil Disobedience Movement in 1930 and went to jail. She courted arrest in 1941 when Gandhiji started individual satyagraha against British Rule. She took active part in 'Quit India Movement' in 1942 and also remained underground. She was elected Delhi's first Mayor in 1958.

She was awarded the 'Soviet Land Nehru Award' in 1955, 'Lenin Prize for Peace' in 1975 and also 'Jawaharlal Nehru Award' in 1991. She was associated with 'Link' and The 'Patriot' newspapers. She was a widely travelled woman.

In her death, the nation has lost a brave soldier of the Independence Movement. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Shri Balasaheb Deoras, a great patriot and devoted social worker**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Shri Balasaheb Deoras, a great patriot and devoted social worker, on June 17, 1996.

He was born on December 11, 1915. He joined the RSS when he was at school. He was a Law-graduate. He did not join the legal profession as he decided to dedicate himself to RSS work. He played a significant role in the freedom movement.

He was appointed the Joint General Secretary of RSS in 1946 and then its General Secretary in 1965. He became the RSS Chief on June 5, 1973 following the death of Guruji Golwalkar.

He was a man of modern outlook. He was keen on harnessing Science & Technology for the welfare of mankind. He had a good command on Hindi, Marathi, English, Sanskrit and Bengali languages.

In his death, the country has lost a great patriot and an eminent social worker. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

**Shri Yog Joy, Chief Photographer of The Tribune Group of Newspapers**

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad demise of Shri Yog Joy, Chief Photographer of The Tribune Group of Newspapers, on July 6, 1996.

He was born on July 15, 1938. He was M.A. He joined The Tribune in 1977 as a staff photographer and became Chief Photographer in 1987.

Winning national and international acclaim in the field of photo journalism, Yog Joy won second prize in a photo contest at Hiroshima, Japan in 1985

and again in 1986. He won a bronze medal in the UNESCO World Contest on the theme 'Family' at Tokyo in 1993.

In his death, the country has lost a highly imaginative and gifted photo journalist of international repute. This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved family.

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad and sudden demise of those persons who lost their lives due to adverse weather conditions, in the Kashmir Valley during the 'Amar Nath Yatra' in August, 1996.

This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved families.

This House places on record its deep sense of sorrow on the sad and untimely death of those childern who lost their lives while travelling in a school Bus, which caught fire near village Akoda in Mohindergarh district, on September 29, 1996.

This House resolves to send its heartfelt condolences to the members of the bereaved families.

**श्री ओम प्रकाश चौटाला** (रोड़ी) : अध्यक्ष महोदय, पिछले अधिवेशन के समाप्त होने के बाद और इस अधिवेशन के शुरू होने के मध्य में हमारे बीच से बहुत सी हस्तियां इस दुनियां से चली गई हैं जिनकी कमी हर कोई महसूस करता है। उन हस्तियों में राष्ट्रपति, मंत्री, अच्छे कानूनविद, अच्छे पत्रकार और अनेक अच्छी हस्तियां हमारे बीच में से चली गई हैं। इसके अलावा कुछ दुर्घटनाएं हो गईं जिस वजह से बहुत से लोग इस संसार से चले गए।

सबसे पहले, भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीवा रेड्डी इस देश में नहीं रहे हैं। वे लोकसभा में स्पीकर, पार्टी प्रेजिडैंट और देश के राष्ट्रपति रहे थे। उन्होंने अपने पदों पर रहते हुए देश की बहुत सेवा की, जिस वजह से उनको भुलाया नहीं जा सकता है। इस प्रकार के स्वतन्त्रता सेनानी हमारे बीच से चले गए हैं जोकि बहुत ही दुःख की बात है। हम उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं।

आन्ध्र प्रदेश में 6 नवम्बर 1996 को साइक्लोन आया था जिस वजह से वहां पर कई हजार लोग मारे गए, कईयों के घर बह गए और कई लोग अभी वहां से लापता हैं। हम वहां पर मरने वालों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं और बर्बाद हुए लोगों के प्रति हार्दिक सांतबना प्रकट करते हैं।

अध्यक्ष महोदय, चरखी दादरी के ऊपर दो हवाई जहाजों के भिड़ने की वजह से तीन सौ से भी अधिक लोगों की मृत्यु हो गई, हम उन सब मरने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं।

अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में एक पहले डबवाली में त्रासदी हुई थी और यह जहाज वाली दूसरी त्रासदी है। यह त्रासदी विश्व स्तर पर तीसरी त्रासदी है। यह हरियाणा में घटी है जो प्राकृतिक नहीं है। इस सरकार की नैगलिजैंस की वजह से मलेरिया, वायरल तथा डेंगू फैल गया जिस वजह से अकेले मेवात में ही 10,000 से ज्यादा लोग मर गए हैं। यह हाउस उन मरने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता है।

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

अध्यक्ष महोदय, पंजाब हाई कोर्ट के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश गोपाल दास खोसला हमारे बीच में नहीं रहे। आज भी उनके फैसलों पर अमल किया जाता है। यह हाउस उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करता है।

अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से न्यायाधीश टेकचंद जी जो संसद सदस्य भी थे तथा पंजाब व हरियाण हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश भी रहे। उन की सेवाओं से यह देश वंचित हो गया है। उन्होंने आज के हरियाणा जो कि उस समय पंजाब में ही था, के लोगों का भी नाम रोशन किया। यह सदन उनके प्रति भी अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से नाथुराम मिर्धा जो कि संसद सदस्य के तौर पर इस संसार से चले गये, के निधन पर भी यह सदन अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। वे केन्द्रीय मंत्री भी रहे एवं राजस्थान प्रदेश में मंत्री भी रहे। मुझे तो उनसे व्यक्तिगत तौर पर मिलने का भी अवसर मिला। आज यह देश एक भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं संसद सदस्य की सेवाओं से वंचित हो गया है। वे एक बहुत ही नेक इंसान थे। उनके निधन से भी देश को बहुत नुक्सान हुआ है, इसलिए यह सदन इस दिवंगत नेता के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त करता है। इसी तरह से श्री अशोक सेन जी, एक अच्छे पार्लियामैंटेरियन भी थे एवं एक अच्छे कानूनदान भी थे। वे केन्द्र में मंत्री भी थे तथा अपने प्रदेश बंगाल में भी उन्होंने लोगों की सेवा की। उनकी सेवाओं से भी यह देश वंचित हो गया है। वे स्वतंत्रता सैनानी भी रहे हैं और एक उच्च कोटि के विधि वेत्ता भी रहे हैं। यह सदन शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से यह सदन श्री बसन्त सिंह खालसा, संसद सदस्य जो कि आज हमारे मध्य में नहीं हैं, के परिवार के सदस्यों के प्रति भी अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। यह भी एक संयोग की ही बात है कि बीस अक्तूबर को जब उनका निधन हुआ था तो उनसे मुझे आखिरी बार मिलने का अवसर जालंधर में तब हुआ था जब मैं अपने एक मित्र के लड़के की शादी में वहां गया था। वे एक बहुत ही अच्छे और नेक इंसान थे लेकिन आज वे हमारे मध्य में नहीं हैं। आज यह देश एक योग्य सांसद की सेवाओं से वंचित हो गया है। इसी तरह से श्री दारा सिंह जो कि पैप्सू स्टेट में मंत्री भी रहे एवं एक अच्छे कानूनदान भी रहे, के निधन पर भी यह सदन अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। अध्यक्ष महोदय, वे क्रिमिनल केसिज के वकील थे। उन्होंने विधायक के तौर पर, प्रशासक के तौर पर और कानूनदान के तौर पर भी अपने प्रदेश के लोगों की बहुत सेवा की है। यह सदन दिवंगत के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। इसी तरह से स्वामी आदित्यवेश जो कि हरियाणा विधान सभा के सदस्य भी रहे हैं और मंत्री भी रहे हैं, के निधन पर भी यह सदन अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। वे एक समाज सेवी आदमी थे लेकिन वे आज हमारे बीच में नहीं हैं। इसी प्रकार से श्री अजीत सिंह जो कि संयुक्त पंजाब के भूतपूर्व मंत्री रहे हैं आज हमारे मध्य नहीं हैं। आज यह देश एक विधायक तथा एक प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन उनके परिवार के सदस्यों के प्रति भी संवेदना व्यक्त करता है। इसी तरह से सरदार गुरबचन सिंह बाजवा जो कि मुश्तरका पंजाब में मंत्री रहे हैं, के निधन पर भी यह सदन अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। मुझे उनसे व्यक्तिगत तौर पर भी मिलने का अवसर मिला है। वे एक नेक इंसन थे एवं फ्रीडम फाईटर भी रहे थे। आज यह देश उनकी सेवाओं से वंचित हो गया है। इसी प्रकार से डॉ० प्राणनाथ चुट्टानी जी कि अपने आप में ही एक अथोरिटी थे। जब पी०जी०आई० बनायी गयी थी तो वे उसमें सबसे पहले डायरैक्टर के रूप में आए थे। उन्होंने वहां पर रह कर पंजाब और आज के हरियाणा के लोगों की बहुत सेवा की, रहती सृष्टि तक उनका नाम रहेगा। आज देश एक बढ़िया फिजीशयन की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन उनके शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

श्रीमती अरुणा आसफ अली भी आज हमारे बीच नहीं हैं। वे 1942 की 'भारत छोड़ो आंदोलन' की हीरो थीं। सन् 1942 में श्रीमती अरुणा आसफ अली को पहली दफा मुझे अपने गाँव चौटाला में देखने का अवसर मिला था और उसके बाद भी मुझे उनसे मिलने का अवसर मिलता रहा। उनके प्रयासों से आज हम आजादी के सुख की सांस ले रहे हैं। उनके निधन पर मैं उनके शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूँ।

श्री बाला साहब देवरस एक महान देश भक्त व समर्पित समाजसेवी थे। उन्होंने निष्काम सेवा भाव से इस देश के लोगों को राजनीति से अलग-थलग रह कर शारीरिक तौर पर और मानसिक तौर पर बहुत अच्छा रास्ता दिखाया। उनके दिखाये रास्ते पर चलते हुए आज भी हम उनकी नीतियों का प्रचार करते हुए चल रहे हैं। उनके निधन से यह देश एक महान देशभक्त और प्रमुख समाजसेवी की सेवाओं से वंचित हो गया है। मैं अपनी तरफ से व अपनी पार्टी की तरफ से उनके शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ।

अगस्त, 1996 में कश्मीर घाटी में खराब मौसम के कारण यात्रियों के साथ एक त्रासदी हुई और हजारों लोग उसमें मरे। यह प्रकृति का प्रकोप था। मौसम यात्रा के अनुकूल नहीं था इस प्रकार हजारों लोग इस संसार से चले गये। वे एक शुभ यात्रा के लिए गये थे लेकिन अफसोस कि बहुत से लोग वहां शिवजी के दर्शन भी नहीं कर पाए और उससे पहले ही संसार से चले गये। यह सदन उन दिवंगत आत्माओं के प्रति और उनके शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय, आज हमारे बीच में श्री यज्ञ दत्त शर्मा जी भी नहीं है। वे भूतपूर्व राज्यपाल भी रहे, मंत्री भी रहे, संसद सदस्य भी रहे और पंजाब के लोगों के लिए उनकी बहुत भारी देन है। वे एक संघर्षशील नेता थे और संघर्ष के बलबूते पर उन्होंने अपनी पहचान कायम की । हम सभी उनके आजीवन ऋणी रहेंगे। यह सदन दिवंगत के शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

अध्यक्ष महोदय, 29 सितम्बर, 1996 को महेन्द्रगढ़ में आकोदा गांव के समीप मासूम बच्चे एक स्कूल बस में दुर्घटनाग्रस्त होकर इस संसार से चले गये। यह सदन उनके परिवार के शोक संतप्त सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

**श्री भजन लाल (आदमपुर)** : अध्यक्ष महोदय, पिछले सैशन के बाद और आज यह सैशन शुरू हो रहा है, इस बीच में इस देश की कई महान हस्तियां हमारे बीच से जुदा हो गईं और उनके जाने से इस देश को भारी क्षति पहुंची है। अध्यक्ष महोदय, संसार में जो आया है उसे एक दिन तो अवश्य जाना है। लेकिन कुछ हस्तियां ऐसी होती हैं कि उनके जाने से उनको सारा संसार या सारा देश हमेशा-हमेशा के लिए याद रखता है। इनमें भी कुछ ऐसी हस्तियां थीं जिनके प्रति यह सदन हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। जैसे श्री नीलम संजीवा रेड्डी, भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति जिन्होंने देश की आजादी के लिए कितनी बार जेल की यात्रा की। उन्होंने भारी कष्ट सहे और कष्ट सहने के बाद इस देश को आजाद करवाया। आजादी के बाद उन्होंने इस देश के निर्माण में बड़ा भारी योगदान दिया। वे देश के सबसे बड़े पद पर पहुंचे और इस पद की गरिमा बनाये रखी। उनके निधन से यह देश एक देश भक्त व्यक्ति से वंचित हो गया है। सारा सदन उनके प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

[श्री भजन लाल]

अध्यक्ष महोदय, आन्ध्र प्रदेश के तटवर्ती जिलों में 6 नवम्बर, 1996 को एक भारी समुन्द्री तूफान आया और उससे हजारों आदमी मारे गये। लाखों घर बह गये और बड़ा भारी नुकसान हुआ। बड़ी सीरियस घटना वहां पर घटी उसके प्रति भी यह सदन हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

अध्यक्ष महोदय, जिला भिवानी में चरखी दादरी के क्षेत्र में साउदी अरब और कजाक एयरबेज के दो विमानों में हवाई टक्कर हो जाने से बड़ी भंयकर दुर्घटना हुई है। मैं समझता हूँ कि हिन्दुस्तान में ऐसी घटना पहले कभी नहीं हुई। किसी दूसरे देश में पहले एक ऐसी घटना घटी थी लेकिन हिन्दुस्तान में ऐसी घटना मैंने पहले कभी नहीं सुनी। वहां 350 के करीब आदमी सिर्फ दस सैकिण्ड में ही मारे गये। ऐसा बड़ा भारी हादसा देखकर दिल दहक जाता है। उनके आश्रितों के लिए भारत सरकार को अवश्य कोई सहायता का इंतजाम करना चाहिए। उनके परिवारों के प्रति भी यह सदन हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय, हाल ही में डेंगू बुखार की वजह से और मलेरिया बुखार की वजह से दस हजार से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गयी। यह सिर्फ चार महीनों के अन्दर हुआ। उनके परिवार के प्रति भी यह सदन संवेदना व्यक्त करता है। परमात्मा उनके परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति अवश्य दे। सरकार को इस तरह की बीमारियों को रोकने के लिए पूरे तौर पर कार्यवाही करनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, श्री यज्ञ दत्त शर्मा जो कि उड़ीसा के राज्यपाल रहे, एक महान, योग्य और काबिल इंसान थे। वे एक ऐसे इंसान थे जिनमें काबलियत की झलक नजर आती थी। उनके अन्दर इंसानियत कूट-कूट कर भरी हुई थी। उनके परिवार के प्रति भी यह सदन संवेदना प्रकट करता है।

अध्यक्ष महोदय, श्री गोपाल दास खोसला, पंजाब हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। उनके निधन से एक बहुत ही योग्य और काबिल व्यक्ति से यह देश वंचित हो गया है। उनके परिवार के प्रति भी यह सदन संवेदना प्रकट करता है।

अध्यक्ष महोदय, न्यायाधीश, श्री टेक चन्द पूर्व संसद सदस्य थे और पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उनके निधन से भी यह देश एक काबिल इंसान से वंचित हो गया है। उन के प्रति भी यह सदन हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय, जैसा कि आप जानते हैं कि श्री नाथू राम जी मिर्धा, संसद सदस्य तथा भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री, आपके पड़ौस राजस्थान के रहने वाले थे। वे एक काबिल और योग्य इंसान थे। उन्होंने राजस्थान ही नहीं, बल्कि सारे देश के किसानों और गरीब लोगों की बड़ी भारी सेवा की। वे जब भी कभी बोलते थे, चाहे वह बात पार्लियामैंट में कहने की होती थी, चाहे कैबिनेट में, वे किसानों की जोरदार बकालत करते थे कि किसानों को अच्छा बीज मिलना चाहिए, अच्छी खाद मिलनी चाहिए। वे गरीबों के लिए हमेशा ही लड़ते रहे। उनके चले जाने से इस देश को बड़ी हानि उठानी पड़ी है। यह सदन उनके प्रति भी संवेदना प्रकट करता है। अध्यक्ष महोदय, श्री अशोक सैन, प्रख्यात विधिवेत्ता तथा भूतपूर्व केन्द्रीय विधि मंत्री जी के बारे में आप जानते हैं। वे बहुत ही काबिल और योग्य इंसान थे। वे एक काबिल और लायक वकील थे। पार्लियामेंट में रहकर भी और वकील के रूप में भी उन्होंने देश की बड़ी भारी सेवा की। उनके चले जाने से हमने एक उच्चकोटि का विद्वान और उच्चकोटि का वकील खो दिया है। उनके प्रति भी मैं हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूँ। अध्यक्ष महोदय, श्री बसंत सिंह खालसा, संसद सदस्य के चले जाने से भी भारी क्षति हुई है। उनके प्रति भी यह सदन संवेदना प्रकट करता है। श्री दारा

सिंह, तत्कालीन पेप्सू रियासत के भूतपूर्व मंत्री के निधन से भी काफी हानि हुई है। उनके प्रति भी यह सदन संवेदना प्रकट करता है। अध्यक्ष महोदय, स्वामी आदित्य वेश, हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य जो कि मेरी कैबिनेट में मंत्री भी थे, बहुत ही काबिल इंसान थे और अच्छे समाजसेवी थे। उन्होंने समाज की बड़ी भारी सेवा की। वे पूर्ण आर्य समाज विचारधारा के इंसान थे। उनके जाने से भी बड़ी भारी हानि हुई है। उनके निधन पर यह सदन संवेदना प्रकट करता है। श्री अजीत सिंह जी, संयुक्त पंजाब के भूतपूर्व मंत्री के चले जाने से भी देश को भारी हानि हुई है। उनके प्रति भी यह सदन संवेदना प्रकट करता है। सरदार गुरबचन सिंह बाजवा, संयुक्त पंजाब के भूतपूर्व मंत्री के निधन से भी हानि हुई है। मैं उनके प्रति सहानुभूति और संवेदना प्रकट करता हूँ

अध्यक्ष महोदय, डॉ० पी०एन० चुट्टानी, ट्रिब्यून ट्रस्ट के चेयरमैन तथा पी०जी०आई० के भूतपूर्व निदेशक, एक बहुत ही योग्य और काबिल इंसान थे। उनके जाने से देश को बड़ी भारी क्षति पहुंची है। उनके प्रति भी मैं संवेदना प्रकट करता हूँ। इसके साथ-साथ श्रीमती अरूणा आसफ अली, बयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी, जिन्होंने बचपन से ही देश की आजादी के लिए लड़ना शुरु कर दिया तथा कितनी ही बार वे जेल गईं। 1942 के "भारत छोड़ो आंदोलन" में उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ऐसे देशभक्त के चले जाने से देश को कितनी हानि होती है, आप भलिभांति जानते हैं। आहिस्ता-आहिस्ता, ऐसे ही अनेकों देशभक्त हम से विदा हो गए। उनके प्रति भी यह सदन सहानुभूति और संवेदना प्रकट करता है।

अध्यक्ष महोदय, श्री बाला साहब देवरस, एक महान देशभक्त और समर्पित समाजसेवी थे। उनके प्रति जितना कुछ भी कहा जाए, मैं समझता हूँ थोड़ा है। उन्होंने देश की आजादी के लिये बहुत भारी योगदान दिया है। उनके चले जाने से यह सदन संवेदना प्रकट करता है। अध्यक्ष महोदय, श्री योग जॉय, ट्रिब्यून समाचार-पत्र समूह के मुख्य छायाकार के निधन से हमने एक शानदार फोटोग्राफर खो दिया है। उनके प्रति भी यह सदन संवेदना प्रकट करता है। अध्यक्ष महोदय, अगस्त, 1996 में कश्मीर घाटी में खराब मौसम की बजह से काफी अमरनाथ यात्री मारे गए, मैं उनके प्रति गहरा दुख प्रकट करता हूँ। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि कोई इंसान भगवान के दर्शन के लिए जाए लेकिन भगवान को प्यारा हो जाए तो कितना दुख होता है। उनके निधन से भी देश को बड़ा भारी धक्का लगा है। उनके प्रति भी यह सदन भारी संवेदना प्रकट करता है। अध्यक्ष महोदय, 29 सितम्बर 1996 को जिला महेन्द्रगढ़ के आकोदा गांव के समीप एक स्कूल बस में आग लग जाने के कारण काफी बच्चे मारे गए। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि यह एक बहुत ही बड़ी दुर्घटना थी और बहुत ही दुखदायी दुर्घटना थी। स्कूल जाते हुए छोटे-छोटे बच्चे बस में आग लग जाने से जल कर मर गए इससे बड़ा हादसा और क्या हो सकता है। मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से उन मारे गए बच्चों के परिवारों के प्रति सहानुभूति प्रकट करता हूँ। इन शब्दों के साथ मैं यह कहता हूँ कि हाउस की तरफ से उन मारे गए बच्चों के परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की जाए।

**श्री खुर्शीद अहमद (नूह) :** जनाब स्पीकर साहब, पिछले सैशन के बाद और आज सैशन के शुरुआत के वक्त तक जितनी भी महान हस्तियां हमारे बीच में से चली गई हैं उनसे हम कुछ न कुछ सीख सकते थे, उनसे कुछ ले सकते थे, लेकिन अल्लाताला ने उनको हमारे बीच में से उठा लिया। उन सभी महान हस्तियों के बारे में मेरे से पूर्व बोलने वाले सभी साथियों ने जो कुछ कहा है मैं भी अपनी पार्टी की तरफ से और अपनी तरफ से उनके साथ शामिल होता हूँ। हमारे देश के जो महान लोग हमारे बीच में से चले गए हैं उनमें से सबसे पहले हमारे भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री नीलम संजीवा रेड्डी जी का नाम

[श्री खुर्शीद अहमद]

है। उन्होंने राष्ट्रपति के पद की गरिमा को पूरे तौर से निभाया। वे हमारे दरमियान नहीं रहे, मुझे बड़ा दुख है। आंध्र प्रदेश के तटवर्ती जिलों में 6 नवम्बर 1996 को जो भीषण समुद्री तूफान आया और उससे जो जानें चली गईं, उसका भी मुझे बड़ा दुःख है। उनके बारे में हमारे हाऊस ने जो रैजोल्यूशन पेश किया है मैं भी अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से उसमें शामिल होता हूँ। स्पीकर साहब, हमारे ही सूबे की जमीन पर 12 नवम्बर, 1996 को जिला भिवानी के चरखी दादरी क्षेत्र के ऊपर साऊदी अरब एयरवेज तथा कजाकिस्तान एयरवेज के विमानों के बीच हुई हवाई दुर्घटना में 350 लाशे आकर पड़ी। उन लाशों में से जिन लाशों को उनके वारिस अपने यहां नहीं ले जा सके उनके दाहसंस्कार के लिए उन गांवों के लोगों ने अपनी जमीनें दीं। खास करके चिड़िया गांव के लोगों ने उन लाशों का दाहसंस्कार करने के लिए अपनी जमीनें दीं। उस हादसे में जो लोग मारे गए उनमें बाहर के मुल्कों के लोग भी थे। उनके बारे में हाऊस ने जो रैजोल्यूशन रखा है मैं अपनी पार्टी की तरफ से और अपनी तरफ से उसमें शामिल होता हूँ। स्पीकर सर, हमारे अपने ही सूबे में और खास कर के मेवात में जो फलड आया और उससे जो बीमारियां फैलीं उससे हजारों आदमियों की मौत हुई। उस बीमारी से ग्रस्त जो भी आदमी कहीं किसी और जगह पर गया तो वह बीमारी वहां पर भी फैल गई। इस तरह से वह बीमारी दूर-दूर तक के इलाकों में फैलती चली गई। उस बीमारी ने ऐपेडेमिक रूप धारण कर लिया। आज भी ज्यों-ज्यों सर्दी बढ़ती जा रही है उस बीमारी से मरने वालों का सिलसिला उतना ही शुरू हो गया है। उन लोगों के लिए घर नहीं, दवाई नहीं, ऊपर से तन ढकने के लिए कपड़ा नहीं। सर्दी बढ़ती जा रही है। उन लोगों को मौत से बचाने के लिए सरकार को अपने सारे रिसोर्सिज का वहां पर इस्तेमाल करना चाहिए। अगर ऐसा किया जाता है तो यह एक बहुत ही बड़ी बात होगी। स्पीकर साहब, यज्ञ दत्त शर्मा जी उड़ीसा के गवर्नर रहे। पंजाब स्टेट में जब नौन कांग्रेस सरकार बनी थी, उसमें उन्होंने अपना योगदान दिया था। वे एक बहुत ही नफीस इंसान थे। हमें उनसे हमेशा ही कुछ न कुछ सीखने के लिए मिलता था। उनके चले जाने से हमारे मुल्क को एक बहुत ही बड़ा नुकसान हुआ है। न्यायाधीश गोपाल दास खोसला एक प्रख्यात न्यायविद् और योग्य प्रशासक थे, उनके चले जाने से देश को बहुत नुकसान हुआ है। इसी तरह से न्यायाधीश टेकचन्द और संसद के भूतपूर्व सदस्य तथा पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के निधन से मुझे बड़ा अफसोस है। उन्होंने एक नफीस जज के तौर पर काम किया। वे मैम्बर पार्लियामेंट रहे। पार्लियामेंट में उनका बड़ा भारी कन्ट्रीब्यूशन रहा। उनके निधन से हमें दुख है और हम भी इस दुख में शामिल होते हैं।

श्री नाथूराम मिर्धा कई बार पार्लियामेंट के लिए मैम्बर चुने गए। वे केन्द्र में भी दो बार मंत्री रहे। उनके चले जाने का न केवल राजस्थान प्रदेश को दुख हुआ है बल्कि सारे हिन्दुस्तान को दुःख हुआ है।

श्री अशोक सेन भी बहुत काबिल वकील रहे हैं। वे सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएसन के तीन बार अध्यक्ष रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वे जब किसी अपने जूनियर से केस लेते थे वे आध घण्टा उस केस को समझने में लगाते थे। जब वे किसी केस को लेते थे और उस पर बहस करते थे तो वे 10-10 घण्टे तक बहस करते थे और वे कानून के आधार पर कोर्ट को अपने साथ करने में पुरजोर कोशिश करते थे। उनके निधन से भी हम सभी को बहुत दुःख हुआ है।

इसी प्रकार से बसंत सिंह खालसा, संसद सदस्य का भी निधन हुआ है। उनके निधन पर भी हमें दुःख है। वे कई बार पंजाब विधान सभा के सदस्य रहे और पार्लियामेंट में भी मेरी उनसे बातचीत होती रहती थी। उनके निधन का भी मुझे दुःख है।

इसी प्रकार से सरदार दारा सिंह तत्कालीन पैप्सू रियासत के मंत्री थे। वे एक बहुत अच्छे एडवोकेट थे। उन्होंने हर अमीर गरीब को न्याय दिलाने की कोशिश की। बल्कि जब उनको लगता था कि कोई नाजायज फंस रहा है तो उसको फांसी के फंदे से भी मुक्त करवाया। मैं भी उनके निधन पर दुख प्रकट करता हूँ।

15.00 बजे स्वामी आदित्या वेश जी इस सदन के सदस्य रहे हैं। वे बहुत योग्य विधायक रहे। उन्होंने अपने हल्के के लोगों की दुख तकलीफों को दूर करने की पूरी कोशिश की। मेरा हल्का उनके हल्के के साथ लगता है। वे अपने सारे वोटरों को साथ लेकर चलने वाले इंसान थे। मैं भी उनके निधन से इस दुख की घड़ी में शामिल होता हूँ और अपनी हमदर्दी जाहिर करता हूँ।

अध्यक्ष महोदय, श्री अजीत सिंह ज्वायंट पंजाब के मंत्री रहे हैं। वे 1936 से 1952 तक ज्वायंट पंजाब के सदस्य रहे हैं। अब वे हमारे बीच में नहीं रहे, उन के चले जाने का हम सब को दुख है। हम उनके साथ काम करते थे, अब वे इस संसार में नहीं रहे, उनके चले जाने का सभी को दुख है। इस शोक प्रस्ताव में मैं भी अपना दुख प्रकट करता हूँ और इस रैजोल्यूशन के साथ शामिल होता हूँ।

सरदार गुरबचन सिंह बाजवा भी ज्वायंट पंजाब में मंत्री रहे हैं। 1962 में हमें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। अब वे इस संसार में नहीं रहे, उनके चले जाने का मुझे बहुत दुख है।

अध्यक्ष महोदय, डॉ० प्राण नाथ चुट्टानी के चले जाने का सभी को बहुत दुख है क्योंकि वे यहां की पी०जी०आई० की रूह थे। उनके प्रयास से ही चण्डीगढ़ में बहुत अच्छा एमीनेंट इन्स्टीच्यूट पी०जी०आई० खड़ा हो पाया। नार्दर्न इंडिया में और कोई इसके मुकाबले का इन्स्टीच्यूट नहीं है। बाद में वे ट्रिब्यून ट्रस्ट के चेयरमैन रहे जिस कारण ट्रिब्यून पेपर केवल रिजनल पेपर न रह कर एक नेशनल पेपर का दर्जा पा सका। उनके चले जाने का हम सभी को बहुत दुख है।

श्रीमती अरूणा आसफ अली एक स्वतंत्रता सेनानी महिला थीं। वे कट्टर राष्ट्रवादी और ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाली महिला जानी जाती थीं। वे उस समय जेल भी गई जब गांधी जी ने अंग्रेजों के विरुद्ध सत्याग्रह शुरू किया था। वे हरेक को बहुत प्यार करती थीं। वे हमसे जुदा हो गई, इसका हमें दुख है और इस रैजोल्यूशन के साथ मैं और मेरी पार्टी शामिल है।

श्री देवरस एक बढ़िया किस्म के इंसान थे। उन्होंने इस देश को एक सांईटिफिक तरीके से डिवैल्पमेंट की दिशा देने की कोशिश की। उनकी कोशिश से सारे देश को डिवैल्पमेंट की एक नई दिशा मिली जिससे देश को फायदा हुआ। उनके निधन से सारे देश को बहुत नुकसान हुआ है। इस हाउस के रैजोल्यूशन के साथ शामिल होते हुए मैं अपनी तरफ से तथा अपनी पार्टी की तरफ से हमदर्दी जाहिर करते हुए उनके दुख में शामिल होता हूँ। इसी तरह से ट्रिब्यून के फोटोग्राफर श्री योग ज्वाय का निधन हो गया है जिनके फोटोग्राफ्स हम ट्रिब्यून में देखा करते थे। नये फोटोग्राफर्ज के लिये उनके फोटोग्राफ्स एक प्रेरणा का सोर्स हो सकते हैं। उनका हमारे बीच से उठ जाना न केवल ट्रिब्यून अखबार के लिए दुखदायी है बल्कि सबके लिए दुखदायी है। मैं इस रैजोल्यूशन की ताईद करता हूं तथा अपनी हमदर्दी मृतक के परिवार के साथ जोड़ता हूं। अमरनाथ यात्रा के लिए निकले हुए लोग जो घरों से अपना जीवन संवारने के लिए अनेकों उमंगें लेकर निकले थे, अपनी जिन्दगी के आखिरी हिस्से को संवारने के लिए निकले थे वे अपनी जिन्दगी की इस आखिरी मंजिल तक पहुंच ही नहीं पाए और कुदरत ने उनसे उनकी बेशकीमती

[श्री खुरशीद अहमद]
जिन्दगियां छीन लीं। जिन लोगों की जिन्दगियां इस कुदरत के भंयकर हादसे में चली गई उनके परिवार के सदस्यों के साथ मैं अपनी हमदर्दी प्रकट करता हूं। इस हाउस में जो रैजोल्यूशन आया है, मैं अपनी तरफ से तथा अपनी पार्टी की तरफ से इसमें शामिल होता हूँ। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से वे मासूम बच्चे जिन्होंने अपनी जिन्दगी में अभी कुछ भी नहीं देखा था स्कूल जाने के लिए अपने घरों से निकले थे। महेन्द्रगढ़ जिले के आकोदा गांव के पास बस में आग लग जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। यह दुर्घटना बहुत ही संवेदनशील तथा दिल को हिलाने वाली थी, यह बड़ा ही सैंसेटिव वाक्या था। मैं इन सभी परिवारों से हमदर्दी प्रकट करता हूं। अध्यक्ष महोदय, I express my deepest grief for all these fellows through this resolution. I wish that all the bereaved families may be conveyed the feelings of the House

शिक्षा मन्त्री (श्री राम बिलास शर्मा) : अध्यक्ष जी, सदन के नेता ने जो शोक प्रस्ताव रखा है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इन पिछले छः महीनों में जो महान हस्तियां दुनियां से बिदा हो गई हैं मैं उनको श्रद्धांजली अर्पित करता हूं। इन हस्तियों में ऐसी हस्तियां भी शामिल हैं जिन्होंने देश की आजादी में एक अहम भूमिका अदा की। आज़ादी के बाद हिन्दुस्तान के निर्माण का नक्शा जिनके दिमाग में था और जिन्होंने अपने प्रयासों से देश को इस मुकाम तक पहुंचाया उनमें श्री नीलम संजीवा रेड्डी का नाम बहुत ही अहम् है। वे भारत के राष्ट्रपति पद पर सुशोभित हुए। आज वे हमारे बीच नहीं है, जिसका हमें बहुत दुख है। अध्यक्ष महोदय, आन्ध्र प्रदेश में बहुत ही भयानक तूफान आया जिसमें अनेकों लोग काल के गाल में चले गए, हजारों किसान समुद्र के पानी के साथ बह गए। इसके साथ ही साथ 50 हजार नारियल के पेड़ भी बह गए। किसान को पेड़ और पशु अपनी जान से कम प्यारे नहीं होते। अध्यक्ष महोदय, हमारे प्रदेश के मुख्य मंत्री महोदय ने 10 लाख रुपये की राशि तूफान पीड़ितों की सहायता के लिए दी है। स्पीकर सर, 12 नवम्बर को चरखी दादरी के उपर हवा में एक दुर्घटना हुई और 350 लाशें जमीन पर गिर गई। यह एक भयंकर घटना थी परन्तु इस मौके पर वहां पर सामाजिक संस्थाओं ने जो काम किया वह सराहनीय था। अभी बोलते हुए माननीय साथी चौधरी खुर्शीद अहमद जी ने भी जिक्र किया कि वहां कैसा माहौल था। जो लोग मरे थे उनकी कोई जाति की बात तो दूर उन लाशों को पहचाना भी नहीं जा सकता था। 95 लाशें ऐसी थीं जिनका पता नहीं चल पाया कि मरने वाले हिन्दू थे अथवा मुस्लमान थे। बिना किसी भेदभाव के वहां पर मृतकों की लाशों को निकालने का काम हुआ। वहां नागरिकों ने जो काम किया वह उनके प्रति एक ट्रिब्यूट है। पूरे संस्कार किए गए वहां पर मौलवी को और पंडित को बुलाया गया। जो हिन्दू थे उनका संस्कार करने के लिए शंकराचार्य जी आए और मुस्लमान भाइयों के संस्कार के लिए जामा मस्जिद के इमाम भी तशरीफ लाए। वहां पर एक आदरणीय मुस्लमान बुजुर्ग रो रहा था, बिलख रहा था क्योंकि अभी काफी लोगों की लाशें नहीं मिल रही थीं और उसके रिश्तेदार की लाश भी नहीं मिली थी। उससे पूछा कि तुम क्यों रो रहे हो, आपके आदमी की तो लाश नहीं मिली है। उस बुजुर्ग ने कहा कि मैं इसलिए नहीं रो रहा कि लाश नहीं मिली बल्कि इस लिए रो रहा हूं कि जिन लोगों को हम गाली दे रहे थे वही लोग अंतिम मौके पर हमारी लाशों को उठा रहे हैं और उन लाशों की अंतिम विदाई को अन्जाम दे रहे हैं। तो स्पीकर साहब, हम उनके प्रति संवेदना प्रकट करते हैं।

स्पीकर साहब, श्री यज्ञ दत्त शर्मा जी का कार्य क्षेत्र केवल पंजाब नहीं था, वे पंजाब के संसद सदस्य थे और उड़ीसा के राज्यपाल भी रहे थे। उन्होंने अपना राजनीतिक जीवन भिवानी जिले से शुरू

किया था। आज भी उनकी प्रेरणा लेकर लोग राजनीति करते हैं। मेरा भी उनके साथ गहरा सम्बंध था। उनके न रहने से बहुत ही खलल पैदा हुई है। हम उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं।

इसके अलावा जो हरियाणा में मलेरिया और डेंगू फैला है, अच्छा होता कि उस बारे में कोई राजनैतिक टिप्पणी नहीं होती लेकिन चौटाला साहब ने जो कहा मैं उस पर नहीं जाना चाहता। जिन लोगों की इस वजह से जान गई हैं, हम उनके परिवारों के प्रति गहरा शोक प्रकट करते हैं।

इसी प्रकार खोसला साहब और टेक चन्द जी भी इस दुनियां में नहीं रहे।

श्री नाथूराम मिर्धा जो कि हमारे पड़ौसी राज्य राजस्थान के रहने वाले थे वे बहुत लम्बे समय तक लोकसभा के सदस्य रहे। उन्होंने राजस्थान के किसानों के लिए कई आंदोलन किए। हम भी उनके साथ कई आन्दोलनों में गए। आज उनके न रहने से किसानों को बहुत नुकसान हुआ है।

श्री अशोक सेन, श्री बसंत सिंह खालसा भी आज इस दुनियां में नहीं रहे, हम उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं।

श्री दारा सिंह जी भी आज हमारे बीच में नहीं रहे हैं। वे कानून को बहुत ही अच्छी तरह से जानते थे। आज भी लोग मानते हैं कि वे बहुत ही अच्छी तरह वकालत करते थे। कोर्ट के न्यायाधीश आज भी मानते हैं कि वे अदालत में लॉ की व्याख्या बहुत ही अच्छी तरह से करते रहे।

स्वामी आदित्य वेश जी इसी हाउस के सदस्य थे और एक कारपोरेशन के चेयरमैन भी रहे। आज उनकी आत्मा हमारी सरकार को आशीष देती होगी कि इस सरकार ने शराब पर पाबन्दी लगा दी। वे भी अपने जीवन में मद्यनिषेध आन्दोलन को सफल बनाने में लगे रहे। आज उनके इस दुनियां में न रहने की वजह से आर्य समाज सभा में बहुत कमी आई होगी।

श्री अजीत सिंह, सरदार गुरबचन सिंह बाजवा भी इस दुनियां में नहीं रहे हैं। हम उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं।

डॉ० प्राणनाथ चुट्टानी भी इस दुनियां में नहीं रहे। आज जो पी०जी०आई० है यह उनकी ही एक रचना है। आज इसका जो भी नाम है यह उनकी तपस्या का फल है। उनके इस दुनियां में न रहने से साईंस की टैक्नोलोजी में बहुत बड़ी खलल आई है।

स्पीकर सर, श्रीमती अरूणा आसफ अली भी आज इस दुनियां में नहीं रही हैं। अगर हम आज भारत माता के चरित्र का इतिहास पढ़ते हैं तो हमें अरूणा जी याद आती हैं। 1942 में एक आन्दोलन हुआ था उसमें महात्मा गांधी जी ने नारा दिया था "करो या मरो" उस आन्दोलन में भी उन्होंने हिस्सा लिया। वे औरत होते हुए भी मर्दों जैसी निडर थीं। एक बार महात्मा गांधी जी ने पूछा कि तुम किस आदमी के साथ शादी करना चाहोगी। तो उन्होंने कहा था कि जो आदमी निडर होगा जिसे अपनी जान की परवाह नहीं होगी मैं उस आदमी से शादी करुंगी चाहे वह किसी भी कास्ट का हो। इस किस्म की वे औरत थीं। उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने की प्रेरणा मिलती है। उनके न रहने से हमें बहुत ही दुःख हुआ है। यह हाउस उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

स्पीकर सर, श्रीमान बाला साहब देवरस जी विधि स्नातक थे एवं गोल्ड मैडलिस्ट भी थे। उनके पिता के दो पुत्र थे, एक तो बाला साहब तथा दूसरे भावराव देवरस जी थे। इनके दूसरे भाई भी

[श्री राम विलास शर्मा]

एम०एस०सी० (फिजिक्स) में गोल्ड मैडलिस्ट थे। स्पीकर सर, इन दोनों ही भाइयों ने अपना घर नहीं बसाया। कहते हैं कि अगर लड़का घर बसा लेता है तो फिर उस परिवार की संतति चल जाती है लेकिन जब इनसे शादी करने के लिए कहा गया तो दोनों ने ही शादी करने से मना कर दिया। बाला साहब ने एक ही बात कही थी कि हम एक ऐसे परिवार का निर्माण करेंगे जो कभी भी मिट नहीं सकेगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ नाम का एक ऐसा संगठन तैयार किया जिसके कारण उनका नाम रहती दुनिया तक रहेगा। इसी तरह से श्री योग ज्याय हमारे सम्मानित ट्रिब्यून अखबार के फोटोग्राफर थे। सर, आपने भी देखा होगा कि फोटो तो सभी खींचते हैं लेकिन उनके खींचे हुए फोटों में फोटो के साथ -साथ चेहरे के भाव भी झलकते थे। उनके खींचे हुए फोटो बहुत ही गहराई लिये होते थे। उनके खींचे फोटो बोलते थे। उनके निधन से पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत बड़ा खलल आया है। कश्मीर घाटी में हर साल अमरनाथ की यात्रा के लिए काफी लोग जाते हैं। मैं तब ज्यादा अच्छा समझता अगर चौटाला साहब यह कहते कि अमरनाथ की यात्रा के दौरान काफी लोगों की लाशें नहीं मिली। खैर इस पर हम बाद में चर्चा करेंगे लेकिन वहां पर लाशें ढूंढी नहीं जा सकीं। रामेश्वरम वगैरह से या अन्य दूर-दूर जगहों से जो लोग वहां यात्रा करने गए थे, उन लोगों की लाशें नहीं मिलीं। वहां के प्रशासन की हम यहां पर चर्चा नहीं करते। कितने ही लोग वहां पर रोते बिलखते रहे परन्तु अपने लोगों को नहीं पा सके। हमने यहां पर कम से कम उनकी विदाई तो कर दी लेकिन वे लोग तो यह काम भी नहीं कर सके। स्पीकर सर, उनके जाने से हमें बहुत दुःख हुआ है और हम उनके परिवार के लोगों के दुख के साथ अपने आप को जोड़ते हैं। इसी प्रकार से मेरे चुनाव क्षेत्र के आकोदा गांव के प्राइमरी स्कूल के बच्चों को ले जाने वाली बस में 6 बच्चों की आग लगने से मृत्यु हो गई और वे इस दुनियां से चले गए।

अध्यक्ष महोदय,

'फूल तो जावजां बहारे दिखला गए, हसरत तो उनकी गूलेचा जो बिन खिले मुरझा गए'

मैं उनके लिए अपनी संवेदना प्रकट करता हूँ तथा इस शोक प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

**कैप्टन अजय सिंह यादव :** स्पीकर सर, आज के 18 नवम्बर के दिन ही 1962 में जो लड़ाई हुई थी उसमें कुमाउं रेजीमेंट के 13 वीर जवान एवं अन्य 114 और जवान शहीद हो गये थे तो मैं चाहूंगा कि उनके नाम भी इस शोक प्रस्ताव में शामिल कर लिए जाने चाहिएं क्योंकि 13 जवान हरियाणा के ही रहने वाले थे। इनमें से कुछ के नाम मैं यहां बता रहा हूँ — परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह भाटी, जमादार सूरजाराम यादव वीर चक्र, हरिराम यादाव वीर चक्र, नायक गुलाब सिंह यादव वीरचक्र आदि।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, Leaders of the different parties have expressed their sentiments for the departeed personalities, I also associate myself with their feelings. इसमें कुछ ऐसी महान हस्तियां हैं जिन्होंने इस देश को आजाद कराने में काफी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। आज हमारे बीच में से कुछ पुरुष और महिलाएं दोनों ही विदा हो गए हैं। जिनकी क्षतिपूर्ति असंभव है। लेकिन प्रकृति का एक नियम है कि जो आता है वो जरूर जाता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री नीलम संजीवा रेड्डी का पहली जून, 1996 को दुखद निधन हुआ। वे भारत के एक महान नेता थे। उन्होंने देश के राष्ट्रपति पद को भी सुशोभित किया, वे कांग्रेस के प्रैजीडैन्ट भी रहे तथा लोकसभा अध्यक्ष भी रहे। उनके जाने से देश को एक महान नेता से वंचित होना पड़ा और देश को बड़ा भारी आघात लगा। यह सदन उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

इसी प्रकार श्री यशवन्त शर्मा जो उड़ीसा के गवर्नर भी रहे। 4 जुलाई 1996 को उनका दुखद निधन हो गया। श्री शर्मा पंजाब में पले लेकिन उनका जिला भिवानी से भी निकट संबंध रहा था। देवराला गांव और खास तौर से माओं की ढाणी जो तोशाम क्षेत्र में आती है, यदि यह कहें कि उनका राजनीतिक जीवन वहां से आरम्भ हुआ तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। ऐसे महान पुरुष के हमारे बीच से जाने से हमें बहुत ही गहरा दुःख है। इसी प्रकार आंध्र प्रदेश के तटवर्ती जिलें में 6 नवम्बर 1996 को आए भीषण समुद्री तूफान में काफी लोग मारे गए। यह सदन उनके परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है। 12 नवम्बर, 1996 को जिला भिवानी के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरवेज और कजाकिस्तान एयरवेज के विमानों के बीच हुई दुर्घटना में सैकड़ों लोग मारे गए। यह एक बहुत ही हृदय विदारक घटना घटी। यह सदन शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

इसी प्रकार हरियाणा में मेवात एरिया में डेंगू और मलेरिया से मरने वाले लोगों के प्रति यह सदन अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

न्यायाधीश गोपाल दास खोसला जो पंजाब हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस थे उनके निधन से एक बहुत ही उच्च कोटि के कानून ज्ञाता और कुशल प्रशासक की सेवाओं से देश वंचित हो गया है। यह सदन उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।

इसी प्रकार न्यायाधीश टेक चन्द जी जो पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट के जज थे और लोक सभा के सदस्य थे। 16 जून 1996 को हुए उनके दुखद निधन पर यह सदन अपनी संवेदना व्यक्त करता है। न्यायाधीश टेक चंद जी सारे देश में मद्य निषेध के प्रबल समर्थक थे। इसीलिए उनकी बहुमूल्य सेवाएं चिरस्मरणीय रहेंगी। श्री नाथू राम मिर्धा का जन्म राजस्थान में हुआ था। वे एक उच्च कोटि के स्वतंत्रता सेनानी, योग्य प्रशासक और प्रख्यात सांसद थे। उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए यह सदन उनके शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

श्री अशोक सेन एक उच्च कोटि के विधिवेत्ता, सांसद और योग्य प्रशासक थे। उनका जीवन विधिवेत्ताओं की पंक्ति मे हमेशा स्मरणीय रहेगा। पं० जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी और श्री राजीव गांधी जी के मंत्रिमंडल में वे विधि मंत्री रहे। उनके जाने से देश एक अनुभवी सांसद एवं उच्च कोटि के विधिवेत्ता की सेवाओं से वंचित हो गया है।

श्री बसंत सिंह खालसा के निधन पर मैं अपना गहरा दुख प्रकट करता हूँ। परमात्मा उनके परिवार को इस दुख को झेलने का साहस दे।

श्री दारा सिंह भूतपूर्व पैप्सू राज्य के पूर्व मंत्री थे और मुझे याद है 1953 में जब वे पैप्सू राज्य के शिक्षा मंत्री थे तो वे मेरे गांव में आये थे। मुझे उनके भाषण को सुनने का मौका मिला था। वे एक उच्च कोटि के वक्ता और शिक्षा मंत्री थे। उनके नाम को एक पोलिटिकल लीडर की बजाय एक विधिवेता के रूप में लिया जाये तो अच्छा होगा। मैं उनके प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूँ और परमात्मा से प्रार्थना करता हूँ कि उनके परिवार को इस हादसे को सहने की शक्ति प्रदान करे।

स्वामी आदित्य वेश, हरियाणा विधान सभा के पूर्व सदस्य थे। वे एक प्रिंसिपल के व्यक्ति थे। उन्होंने प्रदेश में मद्य निषेध आंदोलन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से प्रदेश महान समाज सुधारक की सेवाओं से वंचित हो गया है। उनके प्रति भी मैं संवेदना व्यक्त करता हूं।

[श्री अध्यक्ष]

श्री अजीत सिंह संयुक्त पंजाब के पूर्व मंत्री थे। उनका निधन 24-10-96 को हुआ वे एक कुशल प्रशासक और विधायक थे। उनके प्रति भी यह सदन संवेदना प्रकट करता है।

सरदार गुरबचन सिंह बाजवा संयुक्त पंजाब के पूर्व मंत्री थे जिनका निधन 28 अक्तूबर 1996 को हुआ। वे एक बहुत ही उच्च कोटि के विधायक और प्रशासक थे, उनकी सेवाओं से यह प्रदेश वंचित हो गया है। यह सदन उनके प्रति संवेदना प्रकट करता है। डॉ० प्राण नाथ चुट्टानी ट्रिब्यून ट्रस्ट के चेयरमेन और पी०जी०आई० के भूतपूर्व निदेशक थे। उनके प्रति यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज पी०जी०आई० को जिस रूप में देखते हैं उसको बनाने में श्री चुट्टानी जी का पूरा योगदान रहा है। उनके जाने से हम एक बहुत अच्छे डाक्टर, बहुमुखी प्रतिभा वाले व्यक्तित्व की सेवा से वंचित हो गये हैं। सारा सदन दिवंगत आत्मा के प्रति दुख प्रकट करता है और उनके परिवार के सदस्यों को परमात्मा शक्ति दे कि वे इस दुख को सहने की हिम्मत करें।

श्रीमती अरूणा आसफ अली, व्योवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी थीं जिन्होंने 1942 में 'क्वीट इंडिया मूवमेंट' में एक अच्छी भूमिका निभाई थी। उनकी सेवाओं को देश कभी भुला नही सकता। वे महात्मा गांधी की अनुयायी थीं और देश के प्रति उनकी बड़ी आस्था थी। देश कैसे आजाद हुआ, उसकी लड़ाई की पंक्ति में वह सबसे आगे थीं। उनकी मृत्यु से सारा देश एक महान स्वतंत्रता सेनानी और देश भक्त की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन उनके प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

श्री बाला साहब देवरस, एक महान देशभक्त तथा समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे और इसके साथ-साथ उनका अपना एक दृष्टिकोण था। अगर यह कहें कि वे समाज में सामंजस्य स्थापित करने में महान थे तो यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। उनके निधन से यह देश एक महान व्यक्तित्व से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत आत्मा के प्रति और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करता है।

श्री योग ज्वाय जिनके रोजाना ट्रिब्यून के अखबार में फोटो देखने को मिलते थे, एक अच्छे फोटोग्राफर थे। वे एक अच्छे पत्रकार भी थे और एक कल्पनाशील व्यक्ति भी थे। परमात्मा उनके परिवार को यह गहरा दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। अगस्त, 1996 में कश्मीर घाटी में मौसम खराब होने के कारण जिन तीर्थ यात्रियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, उन दिवगंत आत्माओं के प्रति तथा उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति यह सदन हार्दिक संवेदना प्रकट करता है। 29 सितंबर, 1996 को हमारे जिले के साथ लगते हुए गांव आकोदा में जिस प्रकार से मासूम बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, वह अपने आप में एक दुखद घटना है। इस घटना पर यह सदन अफसोस जाहिर करता है तथा भगवान से प्रार्थना करता है कि भगवान उनके परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

I will convey the sympathies of the House to the bereaved families. Now I will request the Hon'ble Members to rise in their places for two minutes to pay homage to the departed souls.

(At this stage the House stood in silence for two minutes as a mark of respect to the memory of deceased)

---

## तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

### Providing of drinking water in Rewari City

*1. **Captain Ajay Singh Yadav** : Will the Minister for Development be pleased to state—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to provide drinking water facilities in Shiv Colony, Vikas Nagar, Ajay Nagar, Vasant Vihar, Yadav Nagar and Shakti Colony of Rewari City; and

(b) if so, the time by which the above said proposal is likely to be materialised ?

**विकास तथा पंचायत मंत्री** (श्री जगन्नाथ) :

(क) जी हाँ, शिव कालोनी, विकास नगर, अजय नगर और यादव नगर में 45 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन की दर से पानी उपलब्ध करवाने की योजना का कार्य प्रगति पर है।

(ख) इन चारों कालोनियों में यह कार्य 31 मार्च, 1997 तक पूर्ण कर दिया जायेगा।

**कैप्टन अजय सिंह यादव** : अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूँ कि मैंने अपने दो तारांकित प्रश्न सबमिट किए थे, जिनको अतारांकित प्रश्नों में कन्वर्ट कर दिया गया है। (interruptions) You are the custodian of the House. At least you can hear my submission. Under rule 47 the speaker can amend the question in form or give the member concerned an opportunity of amending it.

**श्री अध्यक्ष** : कैप्टन साहब, आप विधायक हैं, आपको प्रश्न पूछने का तरीका आना चाहिए।

**कैप्टन अजय सिंह यादव** : अध्यक्ष महोदय, मैं पूछना चाहता हूँ कि why my starred questions have been converted into unstarred questions (noice).

एम०एल०ए० एरिया डिवैल्पमैंट स्कीम वाले मेरे दो प्रश्न थे।

**श्री अध्यक्ष** : कृपया आप अपना सवाल पूछिए। यहां भाषण देने का कष्ट न करें।

**कैप्टन अजय सिंह यादव** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूँ कि जिस स्कीम के तहत इन कॉलोनीज़ में पानी उपलब्ध कराने की योजना है, उसके लिए इस वर्ष में आपने कितना पैसा रखा है ? दूसरे, जो मेरा प्रश्न शक्ति कालोनी और बसंत विहार के बारे में था, उसका रिप्लाई नहीं दिया गया है। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि कब तक आप इन कालोनीज में पानी उपलब्ध करा पाएंगे ? इसके अतिरिक्त, कितना पैसा आपने इसके लिए एलोकेट किया है क्योंकि मंत्री महोदय ने कहा है कि इन चारों कालोनियों में यह कार्य 31 मार्च, 1997 तक पूर्ण कर दिया जाएगा।

**श्री जगन नाथ** : स्पीकर सर, मैं कर्नल साहब को बताना चाहूँगा। (हंसी)

**एक आवाज** : ये तो कैप्टन रहे हैं कर्नल नहीं रहे।

**श्री जगन नाथ** : स्पीकर साहब, रिवाड़ी और महेन्द्रगढ़ साइड के लोग ज्यादातर कर्नल ही रहे हैं जैसे कर्नल राम सिंह, कर्नल महा सिंह। अब ये पता नहीं हैंड बाल के कैप्टन रहे हैं या मिलट्री में कैप्टन रहे हैं। मैंने जो चार स्कीमें बताई हैं, इनके लिए चार लाख रुपये का प्रोविजन था जिनमें से तीन लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और एक लाख रुपया देना अभी बाकी रहता है। जो एक लाख रुपया बाकी रहता है वह भी दिया जा सकता है लेकिन बीच में रेलवे लाईन पड़ती है। इसलिए रेलवे डिपार्टमैंट से उसके

[श्री जगननाथ]

बारे में मंजूरा लेनी पड़ी, वह मंजूरी आ गई है। अब जल्दी ही वह पैसा दे दिया जाएगा। जो बंसत विहार और शक्ति नगर हैं उनके लिए हमने पिछले महीने की 17 तारीख को 18 लाख 35 हजार रुपए का प्रोविजन किया है जिसमें से 2 लाख रुपया रीलीज किया जा चुका है। इनमें से बंसत विहार तो एक छोटा सा नगर है। हमारे पास पैसे का आभाव है कुछ समय के बाद पैसे का प्रबंध किया जाएगा।

**कैप्टन अजय सिंह यादव :** स्पीकर साहब, मैं यह जानना चाहता हूँ कि रिवाड़ी और महेन्द्रगढ़ जिलों के लिए जो नहर पर आधारित पीने के पानी की स्कीम के लिए चार करोड़ रुपये की स्कीम थी उस स्कीम के लिए अब तक कितना पैसा दिया जा चुका है ?

इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया।

---

## Outstanding payment of sugarcane

***10. Shri Ram Pal Majra :** Will the Minister for Cooperation be pleased to state —

(a) the total quantity of sugarcane purchased by each Co-operative Sugar Mill during the years 1994-95 & 1995-96 in the State; and

(b) whether the entire payment of the aforesaid sugarcane has been made to the farmers; if not, the reasons thereof togetherwith the time by which the outstanding payment as referred to above, will be made to the farmers ?

**Minister of Cooperation & Labour** (Shri Ganeshi Lal) : A statement is laid on the Table of the House.

**Statement**

(a) The detail of Sugar Cane purchased by the Coop. Sugar Mills in 1994-95 and 1995-96 are given as under :-

| S.No. | Name of the Mills | Cane Purchased 1994-95 | (In Lac Qtls) 1995-96 |
|---|---|---|---|
| 1. | Panipat | 16.16 | 19.20 |
| 2. | Rohtak | 29.80 | 36.70 |
| 3. | Karnal | 30.07 | 53.52 |
| 4. | Sonepat | 22.19 | 33.90 |
| 5. | Shahabad | 29.91 | 61.75 |
| 6. | Jind | 25.72 | 37.10 |
| 7. | Palwal | 22.02 | 30.61 |
| 8. | Meham | 35.97 | 42.33 |
| 9. | Kaithal | 15.51 | 36.45 |
| 10. | Bhuna | 8.43 | 14.14 |
| | | 235.78 | 365.70 |

(b) Entire payment in respect of 1994-95 has been made to the farmers. As regards 1995-96, Kaithal and Palwal Mills have made the entire payment. The outstanding amount in respect of other Mills are as follows :-

| S. No. | Name of the Mills | (In lac Rs.) |
|---|---|---|
| 1. | Panipat | 997.48 |
| 2. | Rohtak | 140.00 |
| 3. | Karnal | 5.75 |
| 4. | Sonepat | 202.00 |
| 5. | Shahabad | 0.87 |
| 6. | Jind | 1.04 |
| 7. | Meham | 100.20 |
| 8. | Bhuna | 28.50 |
| | | 1475.84 |

Reasons for non-payment vary from Mills to Mills. But the common factor was the financial losses suffered by the Mills.

स्पीकर साहब, फिर भी हमने हमारे 10 शूगर मिलों में वर्ष 1994-95 में 235.78 लाख क्विंटल गन्ना क्रश किया और 1995-96 में 365.70 लाख क्विंटल गन्ना क्रश किया। दूसरे प्रश्न के साथ इनके तीन सवाल जुड़े हुए हैं। इन्होंने यह जानना चाहा है कि क्या पूर्वोक्त गन्ने की पूरी अदायगी किसानों को कर दी गई है यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं तथा ऊपर यथानिर्दिष्ट बकाया अदायगी किसानों को कब तक कर दी जाएगी। अध्यक्ष महोदय, यहां तक गन्ने की अदायगी का संबंध है, कैथल और पलवल के किसानों को पूरे पैसे की अदायगी कर दी गई है। बाकी 8 मिलों का जो 259.14 करोड़ रुपया बकाया था उसमें 244.90 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। सोनीपत और रोहतक मिलों की तरफ किसानों का लगभग 51 लाख रुपया बकाया था वह पे कर दिया गया है। इस समय 14 करोड़ 24 लाख रुपया बैलेंस है। जहां तक गन्ने की पेमेंट न करने का सवाल है उसका मेन कारण मिलों के फाइनेंशियल लोसिज हैं।

**श्री राम पाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, अभी जवाब देते समय मंत्री महोदय ने बताया कि 1994-95 व 1995-96 में इतना गन्ना क्रश किया। इस बारे में मेरा कहना यह है कि यह गन्ना इन्होंने किसी प्रणाली के तहत ही लिया होगा यानि कोई सिस्टम अपनाया हुआ होगा। यह प्रणाली तो जब यह मिलें 1956 से शुरू हुई थीं तब से चली आ रही हैं। अब पड़ता प्रणाली के तहत और बौंड प्रणाली के तहत भी गन्ना लिया जाता है। मेरा सवाल है कि किसानों से गन्ना तो ले लिया जाता है लेकिन उसकी पेमेंट समय पर नहीं की जाती मैं जानना चाहूंगा कि बकाया पेमेंट कब तक कर दी जाएगी। साथ ही मैं जानना चाहूंगा कि दि पंजाब शूगर (रैगुलेशन ऑफ परचेज एण्ड सप्लाई) रूल्ज 1993 के रूल 18 के तहत जैसे वहां पर गन्ना किसानों का लिया जाता है तो एक सप्ताह के अन्दर पेमेंट कर दी जाती है और यदि एक सप्ताह में पेमेंट नहीं होती है तो उस पर उसे ब्याज दिया जाता है। मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या मंत्री महोदय उसी आधार पर हमारे किसानों को यह सुविधा उपलब्ध करवाएंगे ताकि उनको कोई हानि न हो। दूसरा मेरा सवाल है कि जिन किसानों का गन्ना सरकार ने बौंड नहीं किया है, क्या उस गन्ने को भी लेने पर सरकार विचार करेगी ?

**श्री गणेशी लाल :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जहां तक बकाया राशि को देने के बारे में पूछा है उस बारे में मैं सदन की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि शाहबाद, जींद और करनाल की मिलों को सारा पैसा किसानों को देने के लिए दिया जा चुका है। रोहतक और सोनीपत की मिलों को भी अभी-अभी 51 लाख रुपया दिया जा चुका है। जो बकाया रहता है वह भी एक सप्ताह में दे दिया जायेगा। मेहम और भूना की मिलों को भी 2 करोड़ 42 लाख रुपया दिया जा चुका है। बकाया पैसे को भी जल्दी ही चुकता कर दिया जायेगा। पानीपत मिल को भी 10 लाख रुपया दिया जा चुका है और जो बकाया पैसा रहता है वह भी सरकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता के तहत ही मैं सदन को सूचना दे रहा हूं कि भारतीय किसान यूनियन ने जो हड़ताल हमारे यहां पर की हुई थी, उस हड़ताल को तोड़ दिया है। किसान पूरी तरह से सरकार के साथ हैं और सरकार किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखेगी। एक बात सदस्य ने गन्ने को बौंड करने की कही। साथ ही यह भी कहा कि किसानों का पूरा गन्ना लिया जाये। इस बारे में मेरा कहना है कि जिस क्षेत्र में जो मिल लगा है, उसके 16 किलोमीटर एरिया में जो गन्ना आता है सरकार उसको बौंड करती है और लेती है। प्रत्येक मिल पहले उस गन्ने को लेती है जिससे शूगर अधिक बनती है यानि हाई शूगर सी०ओ०डी० 64 को पहले लेने में प्राथमिकता देती है। कहने का मतलब यह है कि जो मिल ने गन्ना बौंड किया हुआ होता है उसको लेती है। जहां तक बाकी किसानों के गन्ने की बात कही यानि जिनका गन्ना बौंड नहीं होता, उसके लिए सरकार ने लिबरल पालिसी बरती है कि वे अपने गन्ने को कोहलू से क्रश करके खण्डसारी या गुड़ बना सकते हैं।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** स्पीकर सर, एक तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जितनी शूगर मिलें को-आप्रेटिव सैक्टर में हैं ये किसान का पैसा देने के लिए क्या कर रही हैं क्योंकि उनकी चीनी एकदम उठती नहीं है, उठते उठते ही उठती है। मिल को-आप्रेटिव बैंक से लोन लेती हैं। मेरा अपना अन्दाजा है कि जिस जिले के अंदर को-आप्रेटिव शूगर मिल नहीं हैं वहां पर को-आप्रेटिव बैंक सरवाईव नहीं कर पा रहे हैं। जिस जिले में शूगर मिल होती है वहां पर कम से कम एक करोड़ रुपये के करीब अकेले शूगर मिल से को-आप्रेटिव बैंक को इन्ट्रैस्ट मिलता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय जी से यह जानना चाहता हूँ कि क्या इन्होंने कभी ऐसा सोचा है कि एक करोड़ रुपये के करीब जो इन्ट्रैस्ट बैंक को जाता है वह किसानों को मिले। क्या सरकार ऐसा प्रावधान नहीं कर सकती कि किसानों के ही पैसे से वहां पर एक रिवोल्विंग फण्ड क्रिएट कर दें और उन्हीं का पैसा मिलों को ब्याज पर मिले। किसानों का पैसा ही रिवोल्व होता रहे और 18 या 20 परसैंट जो वे ब्याज देते हैं वह किसान के रिवोल्विंग फण्ड ही में रहे। इसी पैसे से किसान के पैसे की अदायगी भी हो जाये और इन्ट्रैस्ट भी बैंक को न देना पड़े। अगर इस प्रकार से प्रावधान किया जाए तो किसान को अदायगी की मुसीबत नहीं होगी। स्पीकर सर, दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि अकेले पानीपत शूगर मिल में 10 करोड़ रुपये की पेमैंट उन्होंने करनी थी। अभी मंत्री महोदय ने बताया कि किसानों की यूनियन के लोग वहां पर आमरण अनशन पर बैठे थे और उन्होंने अपना अनशन खत्म कर दिया है। स्पीकर सर, मैं कहना चाहता हूं कि पानीपत शूगर मिल का एक्सपैंशन हुआ उसकी टीथिंग प्रॉब्लम यह रही है कि उसका शूगर कन्टैंट बाहर बह जाता है इसलिए यह कोन्स्टैंटली लौस में चल रही है। अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्या इस मिल की मशीनरी को चेंज करेंगे, क्या इस साईट से दूसरी साइट पर इस मिल को बदलने का कोई इरादा है। इस मिल को जो कोन्स्टैंट लौस हो रहा है क्या उसको कम करेंगे ताकि यह मिल भी प्रोफिट में आ सके।

**श्री गणेशी लाल :** अध्यक्ष महोदय, जहां तक माननीय सदस्य द्वारा पूछे गये पहले प्रश्न का सम्बन्ध है, उस पर हाईपोथेटिकली विचार किया जा सकता है। जहां तक किसान को पेमैंट करने का सम्बन्ध है, वर्ष 1994-95 में हमारे सभी मिलों ने आठ करोड़ से अधिक का लाभ अर्जित किया है और

किसानों का कोई भी ऐरियर बकाया नहीं है। जहां तक वर्ष 1995-96 के अन्दर क्रशिंग का सम्बन्ध है, कुछ ऐसे क्लाईमिटिक फैक्टर्ज़ हुए कि कैथल, भूना, मेहम, और शाहाबाद मिलों की कैपेसिटी 1250 टन पर डे से बढ़ा कर 3500 टन पर डे बढ़ायी गयी। कैपिटल इक्विपमैंट्स के अन्दर कुछ ऐसी शरारतें हुईं, मिस मैनेजमैंट तो हुई ही हुई। उन शूगर मिलों के कारण जो शूगर रिकवरी थी वह 9.01 से घटकर 8.18 पर आ गयी। अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन को बताना चाहूंगा कि .1 कम रिकवरी का अर्थ होता है कि मिल को 3.75 करोड़ के लगभग लौस प्राप्त होना। इसके साथ-साथ वर्ष 1995-96 में सरकार ने एट रैण्डम 70 से 75 रुपये प्रति क्विंटल चीनी की कीमत कम कर दी और उधर शूगर बोर्ड ने 1241 रुपये पर क्विंटल से घटा कर चीनी का रेट 1198रुपये कर दिया। इसके साथ ही साथ एक और बात जो हमारे साथ जुड़ी हुई है वह यह है कि गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया जब हमको आर्डर देती है तभी लैवी चीनी लिफ्ट होती है। अध्यक्ष महोदय, 1-11-1995 को हमारा स्टाक 3 लाख 47 हजार क्विंटल का था लेकिन 1-11-1996 को हमारा स्टाक 12 लाख 20 हजार क्विंटल हो गया। इस प्रकार एक्सैस चीनी हमारी मिलों के अन्दर पड़ी है और हम उसको उठा नहीं पा रहे हैं। इसका ब्याज भी 18 करोड़ के लगभग होता है। इस प्रकार से कुछ प्रैक्टिकल डिफिक्लटीज आ रही हैं। अगर गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया तुरन्त चीनी को उठाती है तो यह सच है कि बैंक के द्वारा जो 80% रुपया हमने प्राप्त किया होता है उसके अगेंस्ट प्लैज करके उसके बाद भी 20 करोड़ रुपये हमारे पास रह जाता है और हम यह एकाउंट क्लीयर कर सकते हैं। जहां तक कैथल, भूना, मेहम और शाहाबाद की शूगर मिलों की बात है, तो मैंने कहा है कि कैपिटल इक्विपमैंट के अन्दर कुछ शरारतें हैं और मिसचीवियसनैस या डिफैक्ट्स की बात थी। अध्यक्ष महोदय मैं आज आपके माध्यम से हाउस को बताना चाहता हूँ कि जो इस प्रकार की बातें थीं वे रैक्टिफाई कर दी गई हैं और उन डिफैक्ट्स को दूर कर दिया गया है। आज हमारी मिलें पिछले साल की बजाए लगभग 10 दिन या 15 दिन पहले क्रशिंग स्टार्ट कर चुकी हैं।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय मैंने पानीपत की मिल जो कई सालों से लौस में चल रही है, उसके बारे में पूछा था कि क्या इनका उस मशीनरी को तबदील करवाने का कोई प्रोजैक्ट है। क्या इस बारे में आप कुछ सोच रहे हैं ?

**श्री गणेशी लाल :** अध्यक्ष महोदय, पानीपत के बारे में जहां तक सम्बन्ध है इस बारे में विचार किया गया है कि किसानों ने जो गन्ना बोया हुआ था उसके बारे में सरकार प्राथमिकता देती है और उनके वैलफेयर के बारे में यह सरकार सोचती है। इस नाते से हमने सोचा कि इस मिल को चलाना चाहिए। जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा कि इस मिल को चलाते हुए 57 साल हो गए हैं। इसकी मशीनरी आउट डेटिड हो गई है। उससे बहुत कुछ ज्यादा प्राप्त नहीं हो सकता है। इस बारे में यह प्रयास किया गया है कि अगर पानीपत मिल नो प्रोफिट नो लॉस पर भी चल जाए तो हमारा प्रोग्राम अगले साल इसमें कुछ चेंजिज़ करके चलाने का रहेगा। इसके अलावा सरकार विचार कर रही है कि इस मिल को क्लोज डाउन करके इसके स्थान पर दूसरा मिल जिसका लैटर ऑफ इन्टैंट 1993 में गोहाना मिल को प्राप्त हो चुका है, उस मिल को चलाने का प्रावधान है। ऐसा करने का भी सरकार विचार कर रही है।

**श्री बलवन्त सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहूँगा कि मंत्री जी ने एक बात कही कि 16 किलोमीटर के अन्दर का गन्ना क्रश किया जाता है। उसी 16 किलोमीटर के अन्दर जिस किसान का गन्ना आज भी खड़ा है उसको बाउन्ड क्यों नहीं किया जा रहा है। उस किसान को जो लौस होगा क्या उस लौस की जिम्मेवार यह सरकार नहीं होगी? दूसरी तरफ अगर वहां पर कोई किसान

[श्री बलवन्त सिंह]
गन्ना नहीं देता है तो उसको पकड़कर जेल में डालने की कोशिश की जाती है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि यह सरकार की जिम्मेवारी है कि वह किसानों का गन्ना ले।

दूसरी बात यह है कि चौधरी देवी लाल जी के वक्त में किसान को जो पेमैन्ट आठ दिन के बाद की जाती थी तो वह ब्याज के साथ दी जाती थी। आज भी रोहतक मिल के अन्दर किसानों का सवा करोड़ रुपया बकाया है। क्या सरकार उन किसानों का पैसा ब्याज समेत वापिस करेगी। इसके अलावा आगे भी जो पैसा किसानों को समय पर नहीं दिया जायेगा तो उस पैसे को किसान को ब्याज समेत वापिस किया जाएगा। इस बारे में मंत्री जी बताएं। (शोर)

**श्री गणेशी लाल** : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने किसानों का गन्ना बाउन्ड करने और चीनी मिल द्वारा लिए जाने का सवाल किया है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि हमने लगभग 362 लाख क्विंटल गन्ना बाउन्ड किया है। (विघ्न) 457 लाख क्विंटल गन्ना डाईवर्शन की तरफ है, जो मिलों को जा सकता है। इस बारे में हमारा यह कहना है कि 457 लाख क्विंटल गन्ना है जिसमें से 362 लाख क्विंटल गन्ना हम आज की तारीख तक बाउन्ड कर चुके हैं। जो गन्ना 16 किलोमीटर रेडियस के बीच में है यह 30, 40 और 50 किलोमीटर तक भी किसी-किसी मिल के साथ जुड़ा हुआ है क्योंकि सड़क से घूमने के पश्चात गांव 16 किलोमीटर से परे भी चले जाते हैं लेकिन जो नया गन्ना ग्रोवर है उसका गन्ना मिल ने बाउन्ड नहीं किया है। 6 महीने तक गन्ना क्रश करना होता है उसके पश्चात हमें बाकी गन्ने को भी क्रश करने को कहा गया। जैसा पिछली बार हमने मई, जून और जुलाई जो कि समर के हौट मंथ होते हैं में भी गन्ना क्रश किया। अगर इस गन्ने को भी क्रश करने के लिए कहा जाएगा तो सरकार इस पर विचार कर सकती है, उस गन्ने को क्रश करने के लिए शूगर की रिकवरी से कनैक्ट किया जा सकता है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष** : अब मनी राम जी अगला सवाल पूछेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

आप सभी बैठिए।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला** : अध्यक्ष महोदय, आप हमारी बात तो सुनिए। (शोर)

**श्री धीरपाल सिंह** : अध्यक्ष महोदय, आप मंत्री जी को बचा रहे हैं जबकि आपका यह दायित्व बनता है कि आप सरकार को आदेश दें कि वह हमारे प्रश्न का जवाब दे। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष** : धीरपाल सिंह जी आप बैठिए। मेरी आप सभी से रिक्वैस्ट है कि यह क्वैश्चन ऑवर है इसको आराम से चलने दीजिए। जो बात आप डिबेट करना चाहते हैं उसका भी टाईम आएगा। इसलिए अब मनीराम जी अपना सवाल पूछें।

(शोर एवं व्यवधान)

**श्री धीरपाल सिंह** : अध्यक्ष महोदय, यह डिबेट की बात नहीं है। अगर मंत्री जी गलत जानकारी दें तब क्या होगा। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष** : ये जो भी कह रहे हैं वह रिकार्ड न किया जाए। (शोर)

**श्री धीरपाल सिंह** : **********

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, आप हमारी बात तो सुनिए।

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला साहब, मेरी आप सब से सबमिशन है कि आप बैठिए।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, आखिर माननीय सदस्यों को इस हाउस के माध्यम से कुछ चीजों की जानकारी हासिल करनी है। वे एक नये विधायक हैं इसलिए आपको उनको दो मौके तो सवाल पूछने के देने चाहिएं। मंत्री जी से वे जिस जवाब को जानना चाहते हैं वह उन्होंने नहीं दिया। वे तो 14 और 16 किलोमीटर में ही घूमते रहे। मैं आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि शूगर केन ग्रोअर्ज को यदि 14 दिनों तक उसका पैसा नहीं मिलेगा तो जैसा कि एक्ट में प्रोविजन भी है कि यदि उसको 14 दिनों तक पैसा नहीं मिलेगा तो उसको बाद में ब्याज सहित पैसा दिया जाना चाहिए। तो यहां तो 14-14 महीने हो गये लेकिन किसानों को उनके गन्ने का पैसा नहीं दिया। हम आपके द्वारा मंत्री जी से यह जानना चाहते हैं कि जिन लोगों का अभी तक शूगर मिल की तरफ पैसा बकाया पड़ा है तो क्या उनको ब्याज समेत पैसा दिया जाएगा या नहीं ? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री गणेशी लाल :** अध्यक्ष महोदय, ब्याज देने का कोई प्रोविजन नहीं है और ब्याज देने का कोई प्रश्न भी नहीं उठता है क्योंकि मिल किसानों का है और उसी के साथ सब जुड़े हुए हैं। इसलिए ब्याज देने का कोई प्रश्न नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, क्या आप इस जवाब से संतुष्ट हैं।

16.00 बजे **श्री बीरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने खुद कहा है कि करोड़ों रुपयों की चीनी पर जो कि इनके स्टोर में है ये बैंकों को ब्याज देंगे और किसानों के लिए ये कह रहे हैं कि ब्याज नहीं देंगे।

**श्री अध्यक्ष :** आप सभी बैठिए। मनीराम जी अब आप अपना सवाल पूछिए।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर सर, मंत्री महोदय ने कह दिया कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। अगर ऐसा कोई प्रावधान नहीं है तो पिछली सरकार ने किसानों को कैसे मय ब्याज के पैसा दिया ? (शोर एवं व्यवधान) आपने तो कह दिया कि अगला प्रश्न पूछें। आप यह बात कह सकते हैं क्योंकि यह आपका अधिकार है लेकिन यह सम्मानित हाउस लोगों को इस बात की जानकारी कैसे देगा। आखिर हमारा माध्यम तो यही है। क्वैश्चन ऑवर में सही जवाब हमें नहीं मिलेगा तो कब मिलेगा। या तो आप यह कह दें कि मंत्री जी जवाब दें या न दें तो हम इस बात को छोड़ देते हैं। कोई क्वैश्चन पूछा जाए उसका सही जवाब हमें मिलना चाहिए या नहीं यह मैं आपसे पूछना चाहता हूँ।

**शिक्षा मंत्री (श्री राम विलास शर्मा) :** स्पीकर सर, चौधरी राम पाल माजरा का एक स्पेसिफिक क्वैश्चन था कि कितना गन्ना बौन्ड करेंगे। मंत्री महोदय ने उसका इतना सटीक उत्तर दिया कि उसके बाद भी चौटाला साहब यह पूछना चाहते हैं (शोर एवं व्यवधान) कि ब्याज देना चाहते हैं कि या नहीं ? छः महीने की तो हमारी सरकार है। चौधरी भजन लाल की सरकार ने किसानों का गन्ना लिया। अब वह ब्याज हम कैसे दे सकते हैं ? (शोर एवं व्यवधान) नानी खसम करके भाग गई, दोहता दंड भुगते तो यह कोई बात है। (शोर एवं व्यवधान) इसमें से ब्याज का प्रश्न अराइज नहीं होता। हम जो गन्ना बौंड करेंगे वह देंगे।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी बैठे हुए हैं, अब दो बातें बड़ी अहम आ गई हैं जिनसे किसानों का इंट्रेस्ट जुड़ा हुआ है। गणेशी लाल जी वैसे बड़े काबिल वजीर हैं। उन्होंने कह दिया कि मई, जून, जुलाई तक मिल चलेगी और उसमें जो शूगर उसमें निकलेगी उसके हिसाब से भाव तय

[श्री भजन लाल]

किया जाएगा। ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ है। इस बात को मुख्य मंत्री जी क्लीयर करें कि क्या रेट वही मिलेगा। आज तक वही मिलता रहा है। दूसरा जो कायदा है वह यह है कि 14 दिन तक तो ब्याज देने की बात नहीं है अगर 14 दिन से ज्यादा होने पर किसान की रकम मिल की तरफ खड़ी है तो कानूनन उसे ब्याज देना पड़ेगा। क्या मुख्य मंत्री जी बताएंगे कि 14 दिन के बाद रकम का सूद देना है या नहीं और गन्ने के कंटेन्ट्स के साथ उसका रेट जोड़ेंगे कि नहीं ?

**मुख्य मंत्री** (श्री बंसी लाल) **:** अध्यक्ष महोदय, जहां तक पैसा देने का सवाल है जैसा कानून में होगा वैसा हम करेंगे। जहां तक गन्ना पीरने का सवाल है कानून में मिलों को चलाने की तारीख होती है कि कब मिल चलेंगी और कब मिल बंद होंगी। उसी हिसाब से हम मिलों को चलाएंगे और उसी हिसाब से चलाई जाती हैं। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** अब इस प्रश्न पर और ज्यादा डिसकशन नहीं होगी। (विघ्न) मनीराम जी आप अपना प्रश्न पूछिये। (विघ्न) देखिए लीडर ऑफ दी हाउस ने पहले ही अश्योरेंस दे दिया है इसलिए कृपया आप बैठ जाईये। (विघ्न)

**श्री धीरपाल सिंह :** स्पीकर साहब, आप किसानों को कितना पैसा देने जा रहें हैं। जो पैसा दे रहे हैं वह बिल्कुल कम है। किसानों को 15/- रुपये क्विंटल के हिसाब से गन्ने का मूल्य दे रहे हैं। मिल न तो मंत्री की है, न मुख्य मंत्री जी की है, न किसी और की है। मिल तो किसानों की है फिर आप किसानों को उसका फायदा क्यों नहीं दे रहे हैं ?

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, बात साफ हो गई है। धीरपाल सिंह जी ने कहा है कि मिल न तो मंत्री की हैं न मुख्य मंत्री की हैं। मिल तो किसानों की हैं। इसलिए किसानों को ही उसका फायदा होना चाहिये। (विघ्न) इसलिए अध्यक्ष महोदय, जो बोर्ड आफ डायरेक्टर फैसला करेंगे वहीं हम लागू कर देंगे।

**श्री वीरेन्द्र सिंह :** बोर्ड आफ डायरेक्टर का इसमें कोई काम नहीं है।

**श्री खुरशीद अहमद :** किसानों का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर कहीं नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष :** प्लीज आप बैठिए। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री राम बिलास शर्मा :** स्पीकर सर, यह तो झज्जर में 26 हजार से मात खाये बैठे हैं उस बात की परेशानी है। गन्ने की इनको कोई परेशानी नहीं है। (विघ्न)

**श्री धीरपाल सिंह :** हम इसके लिए परेशान नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** In rule 53 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly, It is mentioned "No discussion shall be permitted during the time for questions......." Mani Ram Ji, please ask your question. (Intertuptions)

**श्री धीरपाल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, हम डिसकशन नहीं करना चाहते। हम तो मंत्री जी से यह जानना चाहते हैं कि वे नये केन ग्रोवर को क्या सुविधा देंगे। क्योंकि ऐसा आप करेंगे तो जो नया ग्रोवर है वह कहां जायेगा। (विघ्न) हम तो सप्लीमेंटरी कर रहे हैं। (विघ्न)

**Mr. Speaker :** Please take your seat.

**Setting up of Spinning Mill at Dabwali**

***29. Shri Mani Ram :** Will the Minister for Cooperation be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to set up a Spinning Mill at Dabwali; if so the time by which the aforesaid proposal is likely to be materialised ?

**सहकारिता तथा श्रम मंत्री (श्री गणेशी लाल) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का प्रश्न है कि क्या सहकारिता मंत्री बताएंगे कि सरकार के अधीन मंडी डबवाली में स्पिनिंग मिल लगाने की योजना का कोई मामला चल रहा है और यदि ऐसा है तो वह कब तक संभावित है। मैं इनको बताना चाहता हूं कि ऐसा कोई मामला नहीं है। पहले कोई मामला चला था लेकिन अब कोई मिल वहां पर लगाने की योजना नहीं है। जो इस प्रकार की योजना थी वह अब समाप्त हो गई है।

**श्री मनीराम :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि पहली बार वहां से बनकर ये आए हैं और सिरसा इनका अपना जिला है। वहां पर इनका अपना घर है। वहां के लोग इन पर काफी आशाएं संजोए बैठे हैं। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि यह मिल वहां जरूर लगे। साथ ही साथ मैं यह भी पूछना चाहता हूं कि किस ग्राउंड पर यह मिल लगाने का आइडिया ड्रॉप कर दिया गया है। इसके बारे में मैं जानकारी लेना चाहता हूं। चौधरी भजन लाल भी इस प्रौजैक्ट को आदमपुर और फतेहाबाद में लगाना चाहते थे वे भी इसको नहीं लगा सके। (विघ्न) आज सिरसा जिले में ऐसा कोई मिल नहीं है। वहां पर श्री गोदारा जी का परिवार रहता है, भजन लाल जी का परिवार रहता है। वहां पर कपास और नरमे की फसल बहुत अच्छी होती है। इसलिए वहां पर यह धागा मिल जरूर लगनी चाहिए।

**श्री अध्यक्ष :** कृपया आप प्रश्न पूछिए।

**श्री मनीराम :** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रश्न ही कर रहा हूं। वहां पर लोगों के साथ ज्यादती हुई है। उनको उचित भाव नहीं मिलता है। (विघ्न)

**गृह मन्त्री (श्री मनी राम गोदारा) :** चौधरी भजन लाल जी तो शराब की फैक्टरी लगाना चाहते होंगे। (हंसी)

**श्री भजन लाल :** शराब की फैक्टरी तो लगाए हुए हैं बहुत साल से, बिकवाना नहीं चाहता आपकी तरह से । (हंसी)

**श्री मनीराम :** स्पीकर सर, वहां पानी अच्छा मिलता है। अगर वहां पर मिल लगाई जाए तो लोगों को रोजगार मिलेगा, माल का अच्छा भाव मिलेगा तथा सरकार की आमदनी भी होगी। इसलिए इसमें घाटा क्या है ? वजीर साहब ने तो अपना जवाब दे दिया। (विघ्न) लेकिन मैं मुख्यमंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे थोड़ी उदारता दिखाएं। चौधरी भजन लाल जी ने तो ड्रॉप कर दिया था। रिश्ते में वे मेरे सांडू लगते हैं क्योंकि हम दोनों एक ही गांव में ब्याहे हुए हैं। (हंसी) लेकिन उन्होंने हमारे काम नहीं किए। मैं मुख्यमंत्री जी से आश्वासन चाहता हूं कि वह थोड़ी उदारता दिखाते हुए वहां पर एक स्पिनिंग मिल लगाएं। इनका बहुत धन्यवाद होगा। यह सारा इलाका इनका देखा हुआ है। इस बारे में गोदारा साहब जी से भी मेरा निवेदन है।

**श्री गणेशी लाल :** अध्यक्ष महोदय, 1983 में हरियाणा सरकार के सहकारिता विभाग ने यह निर्णय किया था कि हैफेड के द्वारा कोई भी कताई मिल नहीं लगाया जाएगा। 1979 में जब उस समय के मुख्यमंत्री महोदय उधर गए तो डबवाली के लोगों ने उनके सामने वहां पर कताई मिल लगाने की प्रार्थना

[श्री गणेशी लाल]

की। फिर वह प्रौजैक्ट सरकार के द्वारा हैफेड के पास आया कि 31 लाख 94 हजार रुपये की लागत का मिल 25 हजार स्पिंडल का लगेगा और उसके लिए साढ़े छब्बीस एकड़ जमीन भी वहां पर एक्वायर की गई। उस प्रोजैक्ट को वहां पर बनाने के लिए एन०सी०डी०सी० के माध्यम से जब विश्व बैंक को अप्रूवल के लिए भेजा गया तो उसने मंजूरी नहीं दी। उसको अस्वीकार कर दिया गया। इसके साथ-साथ 1990-91 में डिलाइसैंसिंग हो गया कि कोई भी आदमी मिल लगा सकता है। इसके साथ-साथ इसमें यह भी विचार किया गया कि हरियाणा और पंजाब की सीमा के साथ सरसा खेड़ा गांव लगता है, जहां पर 25 हजार स्पिंडल का मिल लगाया जाए। उन दिनों वहां पर टरमॉयल्ज़ भी थे और कुछ डिस्ट्रबैंसिज़ भी थीं। इसके कारण इस मिल को नहीं लगाया गया। लेकिन कुल मिला कर अध्यक्ष महोदय, जो सबसे बड़ी बात थी वह यह थी कि एन०सी०डी०सी० ने ही उसको मंजूरी नहीं दी इसलिए इस मिल को लगाने का विचार ड्रॉप कर दिया गया। उसके बाद जब नई सरकार आई तो यह विचार किया गया कि सहकारिता विभाग द्वारा, हैफेड द्वारा अगर यह मिल नहीं चलेगा तो एच०एस०आई०डी०सी० के द्वारा इस मिल को फतेहाबाद या आदमपुर के अंदर बनाया जाए। 6 मिल हिसार जिले के अंदर पहले ही चल रहे थे। इसलिए इस मिल को हैफेड के द्वारा या सरकार द्वारा चलाने के बारे में एन०सी०डी०सी० से स्वीकृति नहीं मिली। इसके लिये 26.5 एकड़ जमीन जो एक्वायर की गई थी वह भी अब हैफेड के पास है और किसानों ने एनहांसमैंट का केस कोर्ट में किया हुआ है। इस बारे में जो भी फैसला कोर्ट करेगा, उसके बाद उनको उचित मुआवजा दे दिया जाएगा। यह 26.5 एकड़ सरसा खेड़ा गांव की जमीन आज भी हैफेड के पास है। (विघ्न)

---

**Department of Food, Science & Technology**

*** 18. Shri Birender Singh :** Will the Minister for Agriculture be pleased to State whether there is any proposal under consideration of the Government to set up a Separate wing of Food, Science and Technology in the Agriculture Department of the State ?

कृषि मंत्री (श्री कर्ण सिंह दलाल) : ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, इस सरकार के विचाराधीन यह प्रस्ताव नहीं है। हो सकता है यह प्रस्ताव एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के विचाराधीन हो या किसी और यूनिवर्सिटी के विचाराधीन हो जो अपने यहां अलग से यह डिपार्टमैंट कायम कर सके। क्योंकि हमारे एग्रीकल्चर डिपार्टमैंट ने एक एम्बीसियश प्लान बना कर कुण्डली के पास एक बहुत बड़ी सब्जी मंडी बनाने की योजना बनाई है। वहां पर प्रोसेसिंग करके सब्जियां एक्सपोर्ट की जाएंगी। मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहूंगा कि अगर आप वहां पर प्रोसेसिंग करके वर्ल्ड मार्किट में एक्सपोर्ट कर सकते हो और फायदा उठा सकते हो तो आप राज्य के कृषि विभाग में खाद्य, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी का एक पृथक विंग स्थापित क्यों नहीं कर सकते। यदि आप कुण्डली के प्रोजैक्ट के प्रति सिनसियर हैं तो आप एग्रीकल्चर विभाग में फूड प्रोसेसिंग के लिए साईंस एंड टैक्नोलोजी का विंग स्थापित करें लेकिन आप उस प्रोजैक्ट के प्रति सिनसियर नजर नहीं आते।

**Mr. Speaker :** Ch Birender Singh Ji, kindly ask a straight question.

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** स्पीकर साहब, जब ये लोग कुण्डली में इतना बड़ा प्रोजैक्ट एशिया की बिगैस्ट मंडी के नाम से लगा रहे हैं तो अपने विभाग में उस विंग को स्थापित क्यों नहीं कर सकते ?

**श्री कर्ण सिंह दलाल :** स्पीकर साहब, श्री बीरेन्द्र सिंह जी ने एक बहुत अच्छा सवाल किया था कि क्या एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में ऐसा कोई विंग स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है, उसका जवाब मैंने दे दिया है। जहां तक इनका फूड प्रोसेसिंग के लिए साईंस एंड टैक्नोलोजी विंग स्थापित करने का सुझाव है, यह बहुत अच्छा सुझाव है। हमने चौधरी चरण सिंह एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार में इस तरह का एक कोर्स शुरू करवाया है और उसमें 10 बच्चों ने दाखिला भी लिया है। वे बच्चे इस बारे में प्रशिक्षण ले रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, जितनी भी खाद्य सामग्री है वे बच्चे उनकी प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके अलावा जो हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन है उसके माध्यम से हम फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। माननीय सदस्य ने अपने मेन सवाल में यूनिवर्सिटी का कोई जिक्र नहीं किया था।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** यह आपकी बात ठीक है कि मैंने अपने मेन सवाल में यूनिवर्सिटी का जिक्र नहीं किया था।

---

### 132 KV Sub-Station at Munak

***32. Shri Krishan Lal :** Will the Chief Minister be pleased to state the time by which the construction work of 132 KV Sub-Station at Munak in District Karnal is schuduled to be completed ?

**Chief Minister** (Shri Bansi Lal) : The construction of 132 KV Sub-Station at Munak is likely to be completed before july, 1997.

**श्री कृष्ण लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि जिला करनाल में मूनक में जो 132 के०वी० सब स्टेशन बनाना है उसके लिए टोटल कितना अमाउंट सैंक्शन किया है।जो पैसा सैंक्शन किया है उसमें से कितना पैसा खर्च किया जा चुका है और जो बाकी अमाउंट है वह कब तक खर्च कर दिया जाएगा तथा वह सब स्टेशन कब तक कम्पलीट हो जाएगा ?

**Shri Bansi Lal :** Speaker Sir, 90% of the civil works completed. 90% of the bus bar work completed. 40% transformer erection completed. Out of 22 towers, 19 towers erected. Out of 6.25 Kilometer conductors, 1.25 kilometer completed. We will complete this work by next July.,

---

### Election to Bahadurgarh Municipal Council

***53. Shri Nafe Singh Rathee :** Will the Minister for Health be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to hold the election of Bahadurgarh Municipal Council; if so, the time by which the said election is likely to be held ?

**स्वास्थ्य मंत्री** (डॉ० कमला वर्मा) : हाँ जी। माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा चुनाव तिथि घोषित करने के लिये राज्य चुनाव आयोग को समयानुसार अनुरोध किया जायेगा।

**श्री नफे सिंह राठी :** स्पीकर साहब, 1994 में हरियाणा नगरपालिकाओं के चुनाव हुए थे। इन चुनावों को हुए आज तकरीबन दो साल हो गये हैं। उस समय बहादुरगढ़ नगरपालिका का चुनाव नहीं हो पाया था। यह चुनाव उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार नहीं हुआ था। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि जो खामियां रह गई थीं उनको दूर करके चुनाव करवाये जाएं। मैं बताना चाहूंगा कि उच्च न्यायालय के निर्णय को हुए तकरीबन डेढ़ साल हो चुके हैं। मैं जानना चाहूंगा कि सरकार वहां पर कब तक चुनाव करवा देगी ?

**डॉ० कमला वर्मा :** अध्यक्ष महोदय, मैं इनकी जानकारी के लिये बताना चाहती हूं कि बहादुरगढ़ के श्री श्याम लाल जी ने गांव हसनपुर परनाला और सांसौल को शामिल न किया जाए, की कोर्ट में आपत्ति दायर की थी, उस आपत्ति पर ही उच्च न्यायालय ने 26-12-94 को वह चुनाव रद्द कर दिया था। उसके बाद वह चुनाव अभी तक पुनः नहीं हो पाया है। चुनाव इसलिये नहीं हुआ था क्योंकि कुछ आपत्तियां आ गई थीं। चुनाव आयोग ने भी इस चुनाव को रद्द कर दिया। उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं हो पायी लेकिन इस सरकार ने आते ही वहां पर चुनाव कराने के लिए अधिसूचना 25-9-96 को जारी कर दी और लोगों को कह दिया कि 7-11-1996 तक वे अपनी अपनी आपत्तियां दायर कर दें। अब उपायुक्त और निर्देशक स्थानीय निकाय ने उनकी सुनवाई करनी है। सुनवाई के बाद वार्डों की वार्ड बंदी करके छः महीने में चुनाव करवा दिये जाएंगे।

---

## Upgadation of Schools

***63. Rao Narender Singh :** Will the Minister for Education be pleased to state the number of schools upgraded in District Mahendergarh during the year 1996, togetherwith the criteria adopted for the purpose ?

शिक्षा मंत्री (श्री राम बिलास शर्मा) : सूचना सदन के पटल पर रखी है।

### सूचना

| Sr. No. | Name of the School | Level to which it is upgraded | Criteria adopted for the purpose |
|---|---|---|---|
| 1. | Govt. Middle School, Pathera. | High | While upgrading a Primary School to Middle level, it mainly requires 8 class rooms, a science room, one office room, a store, 3 acres of land an enrolment of 150 students from class I-V and atleast population of 500 habitants. |
| 2. | Govt. Middle School, Budhin. | High | While upgrading Middle School to the level of High School, it requires 10 class rooms, one office room, one store room, 2 science rooms; 5 acres of land; an enrolment of 250 students from class I-VIII and at least population of 1000 habitants. |
| 3. | Govt. Middle School, Kothalkalan | High | Similarly, while upgrading a High School to the level of Senior Secondary School, it requires 14 class |

rooms 1 office room, 2 store-rooms, 3 science rooms, 1 staff room, a hall, 6 acres of land; 150 students from class IX-X and atleast population of 5000 habitants.

| | | |
|---|---|---|
| 4. | Govt. High School, Basai | Senior Secondary |
| 5. | Govt. Girls High School, Mohindergarh | Senior Secondary |
| 6. | Govt. High School, Gujjarwas | Senior Secondary |

**राव नरेन्द्र सिंह :** स्पीकर साहब, इन्होंने मेरे हल्के में जो गुजरवास स्कूल अपग्रेड करने की बात कही, उस बारे में मैं बताना चाहूंगा कि वहां पर जो शर्तें इन्होंने बताई वे पूरी नहीं थीं लेकिन फिर भी वह स्कूल अपग्रेड कर दिया। वहां पर 3 लड़कियां फेल हो गई थीं लेकिन उनको अगली क्लास में दाखिल कर दिया गया। (विघ्न) मेरे कहने का मतलब यह है कि जो शर्तें माननीय मंत्री जी ने बताई हैं उस आधार की शर्तें तो बहुत से और स्कूल भी पूरी करते हैं। मैं जानना चाहूंगा कि ऐसे स्कूलों को कब तक अपग्रेड कर दिया जायेगा ?

**राम बिलास शर्मा :** अध्यक्ष महोदय, इनके हल्के गुजरवास में जो स्कूल अपग्रेड हुआ है यदि ये चाहते हैं कि उसको अपग्रेड न किया जाये तो उस स्कूल को डाउनग्रेड करने पर सरकार विचार कर सकती है। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि चौधरी बंसी लाल जी की सरकार कायदे कानून से चलने वाली सरकार है। इससे पहले एक और सरकार थी जिसने स्पीकर सर, चुनाव से ठीक एक या डेढ़ महीने पहले 243 स्कूल अपग्रेड कर दिये। एक एक विद्यालय में मैंने खुद जा कर देखा है। हिमाचल प्रदेश की सीमा पर लगता हुआ अन्तिम गांव टिक्कर ताल है जहां पर ग्यारहवीं और 12वीं कक्षा में एक भी बच्चा नहीं लेकिन वहां पर 8 लैक्चरर्ज़ लगे हुए हैं। मैंने टीचर्ज़ का रैशनेलाईज़ेशन करवाया है। (विघ्न) स्पीकर सर, माननीय सदस्य हमें बताएं कि जो विद्यालय क्राईटीरिया पूरा करते हैं क्या वे उनका अपग्रेडेशन चाहते हैं। जहां तक विद्यालय के लिये वित्त का सम्बन्ध है, मैं भाई नरेन्द्र सिंह जी को बताना चाहता हूं कि जो विद्यालय क्राईटीरिया पूरा करते हैं उनके बारे में बताएं। जिस विद्यालय का दर्जा हम बढ़ाएंगे उसके लिए फाईनैंस की दिक्कत नहीं आने देंगे और वहां पर क्लासिज़ शुरू करेंगे। लोगों को बहकाने के लिये किसी विद्यालय का दर्जा हम नहीं बढ़ाएंगे। ये बताएं अगर कोई विद्यालय क्राईटीरिया पूरा करता होगा तो उस पर हम विचार करेंगे।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मन्त्री जी ने बिल्कुल ठीक बात कही है, मैं इसका पक्षधर हूं। हरियाणा में कोई आदमी कहे कि साहब मेरे यहां स्कूल अपग्रेड होना चाहिए, तो उससे कोई बात नहीं बनती। मन्त्री जी ने रैशनेलाईज़ेशन की बात जो कही है वह ठीक है। पिछले 10 साल में शिक्षा की प्रणाली में हरियाणा प्रदेश में बहुत अधिक परिवर्तन आया है। हर गांव में पब्लिक टाईप स्कूल लोगों ने खोले हुये हैं (विघ्न) एक बहुत ही जरूरी बात मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं। मेरे अपने गांव में लड़कियों का हाई स्कूल है और लड़कों का भी हाई स्कूल है। लड़कियों के हाई स्कूल में पिछले से पिछले साल टीचर्ज़ की संख्या 35 थी और स्टूडेंटस की संख्या 23 थी। ऐसा उन इलाकों में है जहां गांव शहरों के नज़दीक हैं। वहां पर लोगों ने पब्लिक स्कूल खोले हुये हैं इसलिये वहां के बच्चे नज़दीक के शहर के पब्लिक स्कूलों में चले जाते हैं। इसलिये वहां पर सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं यह बात कहना चाहूंगा कि बड़ा भारी स्टेट फण्ड इसमें इन्वाल्वड है। जहां स्टूडेंटस

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

की संख्या काफी कम है वहां पर टीचर्ज ज्यादा हैं। कुछ टीचर्ज के पास पढ़ाने के लिये बच्चे नहीं हैं। कहीं पर बच्चे ज्यादा हैं लेकिन वहां पर पढ़ाने के लिए टीचर्ज नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं शिक्षा मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या रैशनेलाईज़ेशन के लिए वे थौरो इन्वैस्टिगेशन करेंगे ताकि स्टूडेंटस और टीचर्ज की संख्या का परोपर परपोशनिट बन सके ?

**श्री राम बिलास शर्मा** : अध्यक्ष महोदय, चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी की चिन्ता बिल्कुल जायज है। इन्होंने बहुत ही मौलिक सवाल पूछा है। जैसे कि मैंने बताया कि बहुत से स्कूल ऐसे हैं जहां बच्चों की संख्या काफी कम है लेकिन अध्यापकों का प्रावधान पूरा है। कई ऐसे विद्यालय हैं जहां बच्चों की संख्या काफी ज़्यादा है लकिन वहां पर अध्यापकों का उतना प्रावधान नहीं है। स्पीकर सर, बहुत बड़ी एक्सरसाईज़ हमने शिक्षा विभाग में की है। आर्थिक संकट से गुजरती हुई सरकार के बावजूद भी हमने एक बात कही है कि कोई भी बच्चा बिना अध्यापकों के नहीं रहेगा और कोई भी अध्यापक बच्चों के बिना नहीं रहेगा। स्पीकर साहब, हमने पोस्टें एडवरटाईज कर दी हैं लेकिन एस०एस०एस०बोर्ड से प्रोसैस होने में समय लगेगा। परीक्षाएं नज़दीक हैं और बच्चों का कैरियर खराब न हो इसलिए इस महीने के आखिर तक हम टीचर्ज़ के पदों को एडहॉक पर भर्ती करके भरेंगे। विद्यालयों से ले कर कॉलेजों तक और यूनिवर्सिटी स्तर तक कोई भी स्थान रिक्त नहीं रहने देंगे। एडहॉक बेसिज़ पर नियुक्ति करके सभी पद भरेंगे (विघ्न)। स्पीकर सर, हमने रैशनेलाईज़ेशन की है। प्राईमरी से ले कर आखिर तक करीब 1500 अध्यापक ऐसे निकले हैं जिनको हमने बाकी जगहों पर एडजस्ट कर दिया है। स्पीकर साहब, हमने शिक्षा विभाग में आर्थिक संकट को नहीं देखा है बच्चे के कैरियर को देखा है। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने बात कही है कि पिछले 8-10 साल में शिक्षा का स्तर बहुत ही चिन्तनीय हुआ है तो हम इसके स्तर को सुधारेंगे।

---

**Repair of Roads of Baroda Constituency**

***74. Shri Ramesh Kumar :** Will the Minister for Home be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to repair the following roads of Baroda Constituency in District Sonepat :-

(i) Mahmudpur to Sieanka, Chhaitra;
(ii) Chirana to Dhurana via Badothi;
(iii) Mudlana to Busana;
(iv) Dhurana to Jawahara;
(v) Jagsi to Matand;
(vi) Madina to Mirzapur-Kheri;
(vii) Ridhana to Dhanana;
(viii) Butana to Gangana via Rana-Kheri;
(ix) Khera to Kohla;
(x) Bhawar to Garhwal via Nizampur;
(xi) Baroda to Garhi; and
(xii) Ahmadpur Mazra to Bichperi; and

(b) if so, the time by which the afore-said roads are likely to be repaired ?

**Home Minister** (Shri Mani Ram Godara) :

(a) Yes Sir,

(b) Work of essential repairs of these roads is in hand and will be completed by 31-12-1996.

**श्री रमेश कुमार :** अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने जो अपने जवाब में कहा है यह बहुत ही हैरानी वाली बात है। मैंने अपने सवाल में जो क्रम संख्या 1 से लेकर 12 तक नाम दिये हैं इन सड़कों की रिपेयर के बारे में पूछा है। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने इसके जवाब में दर्शाया है, "हां, इनकी रिपेयर हो रही है।" मंत्री जी आप वहां पर देख लें कि एक भी सड़क पर काम नहीं हो रहा है।

**श्री अध्यक्ष :** रमेश जी आप सवाल करें।

**श्री रमेश कुमार :** अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो जवाब दिया है वह गलत है। वहां पर किसी भी सड़क पर काम शुरु नहीं हुआ है। इन्होंने यह भी कह दिया कि 31-12-96 तक पूर्ण कर दिया जाएगा। जब काम शुरु ही नहीं हुआ है तो खत्म कैसे हो जाएगा। मंत्री जी यह बताएं कि यह काम कब तक शुरु हो जाएगा ?

**श्री मनी राम गोदारा :** मैंने जवाब में कहा है कि 31-12-96 तक काम पूर्ण कर दिया जाएगा।

**श्री अध्यक्ष :** आनरेबल मैम्बर्ज, अब प्रश्न काल समाप्त होता है।

---

**नियम 45 के अधीन सदन की मेज़ पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर।**

### Dig out of Minor Ramkali to Behbalpur

***44. Shri Sat Narain Lather :** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to dig out a minor from Ram Kali to Behbalpur which off-takes from Sunder Branch of W.J.C.; if so, the time by which the said minor is likely to be dug out ?

**मुख्य मंत्री** (श्री बंसी लाल) : हाँ। परियोजना तैयारी के स्तर पर है। सरकार की स्वीकृति के उपरान्त ही समय सारणी दर्शाई/बताई जा सकती है।

---

### Sale of Illicit liquor

***80. Shri Bhagi Ram**
**Smt. Krishna Gahlawat** : Will the Minister for home be pleased to state the district-wise number of cases registered against the persons indulging in selling of illicit liquor since the imposition of prohibition in the State to-date ?

**गृह मंत्री** (श्री मनीराम गोदारा) : 3060 मुकदमें 1-7-96 से 31-10-96 तक दर्ज किये गये।

| जिला | दर्ज किये मुकदमें |
|---|---|
| पंचकूला | - |
| अम्बाला | - |
| यमुनानगर | - |
| कुरुक्षेत्र | 186 |
| कैथल | 343 |
| हिसार | 1424 |
| सिरसा | 965 |
| भिवानी | 281 |
| जीन्द | 341 |
| गुड़गांव | - |
| फरीदाबाद | - |
| नारनौल | - |
| रिवाड़ी | - |
| रोहतक | - |
| सोनीपत | 70 |
| करनाल | 251 |
| पानीपत | 99 |
| रेलवेज | - |
| **कुल** | **3960** |

## Soil Erosion

***87. Shri Ramji Lal :** Will the Minister for Agriculture be pleased to state the steps taken or proposed to be taken to check the soil erosion in Kandi area under Kandi Project togetherwith the amount spent thereon so far ?

**कृषि मंत्री (श्री कर्ण सिंह दलाल)** : कण्डी परियोजना के अधीन कण्डी क्षेत्र में भूमि कटाव को रोकने के लिये उठाये गये पग इस प्रकार हैं :-

(i) खेती योग्य एवं बंजर भूमि का उपचार।

(ii) बरसाती नदी-नालों का वनस्पति तथा निर्माण कार्यों द्वारा उपचार करना।

इस परियोजना के अधीन मुख्य कार्य बंजर भूमि में पौधारोपण, फलदार पौधे लगाना, उन्नत फसलों का प्रदर्शन शामिल है।

परियोजना के अप्रैल, 1990 में आरम्भ होने से अक्तूबर, 1996 तक 3110.34 लाख रुपये खर्च किये गये हैं।

### Construction of Tourist Complex at Gohana

*** 116. Shri Jagbir Singh Malik :** Will the Chief Minister be pleased to state –

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a Tourist Complex at Gohana; and

(b) if so, the time by which it is likely to be constructed ?

**मुख्य मंत्री** (श्री बंसी लाल)

(क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

---

### Releasing of Electricity Connections to Tubewells

***107. Shri Dhir Pal Singh :** Will the Chief Minister be pleased to state the districtwise number of electricity connections for tubewells released during the period from 10th May, 1996 to date ?

**मुख्य मंत्री** (श्री बंसी लाल) : एक विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

**विवरण**

हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड में आँकड़ों को जिला अनुसार न रख कर परिमण्डल अनुसार रखा जाता है। पहली मई, 1996 से 31 अगस्त, 1996 तक दिये गये नलकूप कनैक्शनों का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

| क्र० सं० | सर्कल का नाम | दिये गये कनैक्शनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अम्बाला | 56 |
| 2. | यमुनानगर | 52 |
| 3. | कुरुक्षेत्र | 108 |
| 4. | करनाल | 100 |
| 5. | फरीदाबाद | 24 |
| 6. | सोनीपत | 12 |
| 7. | गुड़गांव | 44 |
| 8. | नारनौल | 108 |
| 9. | सिरसा | 62 |
| 10. | भिवानी | 24 |
| 11. | जीन्द | 27 |
| 12. | रोहतक | 14 |
| 13. | हिसार | 67 |
| | **योग** | **698** |

## Building of Primary Health Centre, Kiloi

***97. Shri Siri Krishan Hooda :** Will the Minister for Health be pleased to state —

(a) whether it is a fact that the building of Primary Health Centre, Kiloi, is in dilapidated condition; and

(b) if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to re-construct the building of the above said Primary Health Centre togetherwith the time by which the construction work of the said building is likely to be started/completed ?

**स्वास्थ्य मंत्री** (डॉ० कमला वर्मा)

(क) जी हां।

(ख) जी हां। भवन के पुनर्निर्माण हेतु सरकार तत्परता से प्रस्ताव पर विचार कर रही है तथा आगामी वित्त वर्ष में भवन का निर्माण किये जाने की संभावाना है।

---

## Recruitment of Patwaris

*** 101. Shri Satvinder Singh Rana, Smt. Krishna Gahlawat :** Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) whether any recruitment of Revenue Patwaris was made during the years 1991-92, 1992-93, 1993-94, 1994-95 and 1995-96;

(b) if so, the number of persons so recruited togetherwith the mode of their recruitment; and

(c) whether any posts of patwaris are lying vacant as at present; if so, the number thereof ?

**राजस्व मन्त्री** (श्री सूरजपाल सिंह) : सूचना सदन के पटल पर रखी है।

### सूचना

(क) जी हां

| (ख) वर्ष | भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या | भर्ती करने का ढंग |
|---|---|---|
| 1991-92 | कोई नहीं | — |
| 1992-93 | 54 विकलांग | रोजगार कार्यालय |
| 1993-94 | कोई नहीं | — |
| 1994-95 | 1248 | अधीनस्थ सेवायें प्रवरण मण्डल |
| 1995-96 | कोई नहीं | |

(ग) 1858 पटवारियों के पद वर्तमान में खाली पड़े हैं।

---

### Bibipur Lake

***131. Shri Jaswinder Singh Sandhu :** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideratin of the Government to pay an adequate compensation to those farmers whose lands come under the Bibipur lake in District Kurukshetra ?

मुख्य मंत्री (श्री बंसी लाल) : जी नहीं।

---

### Tubewells of Haryana State Minor Irrigation Tubewells Corporation.

*96. **Shri Rishal Singh :** Will the Chief Minister be pleased to state —

(a) the total number of tubewells of Haryana State Minor Irrigation Tubewells Corporation at present; and

(b) whether Government is aware of the fact that the connection of all tubewells has been disconnected by the Haryana State Electricity Board; if so, the reasons therefore ?

मुख्य मंत्री (श्री बंसी लाल) :

(क) 3191

(ख) नहीं, श्रीमान् जी, बिजली के बिलों की अदायगी न होने के कारण केवल 106 सीधी सिंचाई नलकूपों के कनैक्शन काटे जा चुके हैं।

---

### Old Age Pension

*94. **Shri Balwant Singh :** Will the Minister for Health be pleased to state —

(a) the total number of persons eligible for old age pension in the State as on 1.4.96 and from 1.4.96 to 30.9.96; and

(b) the total number of persons who are getting old age pension at present ?

---

स्वास्थ्य मंत्री (डॉ० कमला वर्मा) :

(क) 1-4-96 को वृद्धावस्था पैंशन प्राप्त करने वाले योग्य लाभपात्रों की संख्या 7,41,296 थी तथा दिनांक 1-4-96 से 30-9-96 तक लाभपात्रों की संख्या का विवरण निम्न प्रकार से है :-

[डॉ० कमला वर्मा]

| दिनांक | लाभपात्रों की संख्या |
|---|---|
| 1-4-96 | 7,41,296 |
| 30-4-96 | 7,41,296 |
| 31-5-96 | 7,41,296 |
| 30-6-96 | 7,33,736 |
| 31-7-96 | 7,27,798 |
| 31-8-96 | 7,22,522 |
| 30-9-96 | 7,17,419 |

(ख) वर्तमान में लगभग 7,12,500 लाभपात्र वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे हैं।

---

**Construction of a Minor**

***145 Shri Randeep Singh Surjewala :** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a new link minor from Bhakra Main Line to Dhamtan Distributory (Narwana Constituency) for the augmentation of the Capacity of the above said Distributory; if so, the time by which it is likely to be constructed/completed ?

मुख्य मंत्री (श्री बंसी लाल) : इस स्कीम की तकनीकी सुगमता की जांच कराई जा रही है।

---

**Opening of Law Degree College**

***127. Shri Azad Mohd.:** Will the Minister for Education be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Law Degree College in any of the Gurgaon, Rewari and Mahendergarh Districts of the State ?

शिक्षा मन्त्री (श्री राम विलास शर्मा) : जी नहीं।

---

अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर

**M.L.A.'s Local Area Development Scheme**

1. **Captain Ajay Singh :** Will the Minister for Finance be pleased to state—

(a) whether it is a fact that the "MLA's Local Area Development scheme" for the development of his Constituency has been discontinued; and

(b) if so, the reasons thereof ?

वित्त मंत्री (सेठ सिरी किशन दास) :

(क) हां, श्रीमान जी।

(ख) एम०एल०ए० लोकल एरिया डिवैल्पमैंट स्कीम समूचे राज्य में वर्ष 1996-97 से बन्द कर दी गई है क्योंकि इस स्कीम के अन्तर्गत जो राशि पिछले दो वर्षों में प्रदान की गई थी वह विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत रखी गई राशि से स्थानान्तरित की गई थी। विकेन्द्रीकृत योजनां के लिए रखी गई ऐसी राशि का स्थानातंरण उचित नहीं था और योजना के अन्तर्गत निश्चित की गई राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के प्रतिकूल था।

---

## Transformers

2. **Capt. Ajay Singh Yadav :** Will the Chief Minister be pleased to state —

(a) the districtwise numbers of transformers burnt in the State during the year 1995-96 and from 1st April, 1996 todate, togetherwith the date of purchase, installation and expected guranteed life of each transformer separately; and

(b) the names of the manufacturer(s) from whom the transformers, as referred to in part (a) above were purchased ?

**Chief Minister** (Shri Bansi Lal) : (a & b) Statistics in HSEB are maintained circlewise and not districtwise. The circlewise details of transformers burnt during the periods referred in the question are as below :-

| Name of Circle | Number of transformers damaged 1995-96 | 1996-97 (1.4.96 to 30.9.96) |
|---|---|---|
| Ambala | 1355 | 985 |
| Yamuna Nagar | 1768 | 1210 |
| Kurukshetra | 5011 | 3989 |
| Karnal | 5336 | 3951 |
| Faridabad | 1419 | 1004 |
| Sonepat | 1320 | 1019 |
| Gurgaon | 1336 | 799 |
| Narnaul | 2526 | 1362 |
| Sirsa | 1334 | 840 |
| Bhiwani | 1346 | 859 |
| Jind | 1509 | 980 |
| Rohtak | 1340 | 685 |
| Hisar | 1967 | 1430 |
| Total | 27567 | 19113 |

[Shri Bansi Lal]

Detailed particulars of installation dates of above mentioned 46680 number damaged tranformers are maintained in 233 Sub-divisional offices and sub offices of the State. Besides particulars concerning names of firms and dates of purchase etc. are marked on the name plates of individual transformer. A large number out of these transformers have already been repaired and reinstalled and many have been disposed of. Collection of these details from different offices is a voluminous and time consuming exercise and the time and efforts involved in collecting this information may not be commensurate with the results sought to be achieved.

Although the expected life of a transformer is about 25 years yet due to poor operating voltage conditions of the grid and handling by unauthorised persons by fixing oversize fuses themselves, the transformers get damaged early. The damage rate has been higher during current year due to the fact that about 7.25% more power was supplied through same system without any significant increase in number of distribution transformers since last year, thereby overloading the transformers. The transformers also get overloaded whenever the grid voltage goes down, resulting in their damage.

---

**Damaged Transformers**

**3. Capt. Ajay Singh Yadav :** Will the Chief Minister be pleased to state —

(a) the number of transformers which were out of order in the State as on 31.8.1996 togetherwith the number out of those which remained as such during the last six months;

(b) the reasons for not getting the transformers repaired as referred to in part (a) above;

(c) whether any of the transformers referred to in part (a) above have been repaired/replaced and are in working order at present; and

(d) the number of transformers required by Haryana State Electricity Board at present togetherwith total cost thereof and time by which these are likely to be procured?

**Chief Minister** (Shri Bansi Lal)

(a) As on 31.8.96, 29215 transformers were out of order in the State. These transformers were lying in field, in various stores, with different transformer repairing workshops of the Board and with various transformer repairing firms. Collection of details in respect of 29215 transformers about dates of damage is a voluminous exercise and the time and effort spent in doing so may not be commensurate with the results sought to be achieved.

(b) On an average, about 2000 defective transformers are repaired every month.

(c) During September, 1996, 2297 transformers have been repaired.

(d) The HSEB meets its requirement for transformers by purchasing new transformers and repairing damaged ones. During the current year, the Board has placed orders to purchase 13055 new transformers at an outlay of about Rs. 45 crores. 4000 new transformers have been received and the balance will be received by the end of the current financial year. In addition, about 2000 damaged transformers are also repaired every month as given in (b) above. Approximately an additional Rs. 44 crores are needed to replace all damaged transformers at one go. However currently this is beyond the present financial means of HSEB.

---

### Construction of Road from Jaushi to Madlauda

**4. Shri Krishan Lal :** Will the Minister for Agriculture be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a new road from village Jaushi to village Madlauda in district Panipat by the Haryana State Agricultural Marketing Board; if so, the time by which the construction work of the said road is likely to be started/completed ?

**कृषि मन्त्री** (श्री कर्ण सिंह दलाल) : वर्ष 1996-97 में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा इस सड़क के निर्माण करने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

---

### Construction of Road from Dharamgarh to Baljatan

**5. Shri Krishan Lal :** Will the Minister for Agriculture be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a new road from village Dharamgarh to village Baljatan in district Panipat by the Haryana State Agricultural Marketing Board; if so, the time by which the construction work of the said road is likely to be started/completed ?

**कृषि मन्त्री** (श्री कर्ण सिंह दलाल) : यह सड़क सितम्बर, 1997 तक पूरी बना दी जायेगी।

---

### Repair of Road from village Munak to Kavi

**6. Shri Krishan Lal :** Will the Minister for Home be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to repair the road form village Munak Bus Stand to village Kavi (District Panipat); if so, the time by which the said road is likely to be repaired ?

**गृह मन्त्री** (श्री मनी राम गोदारा) : हां श्रीमान् जी, मूनक बस स्टैंड से गांव कवी सड़क की जरूरी मरम्मत जो कि अच्छी हालत में नहीं थी, पहले ही कर दी गई है। मोरमाजरा से कवी हिस्से की विशेष मरम्मत और सरफेसिंग शीघ्र कर दी जायेगी।

---

### Incident of Hooch Tragedy

**7. Shri Mani Ram :** Will the Minister for Home be pleased to state -

(a) whether any incident of hooch tragedy occurred in the State since the introduction of prohibition;

(b) if so, the number of persons, if any, died or became incapacitated on account of the aforesaid tragedy;

(c) the details of the action, if any, taken against the persons held responsible for the tragedy as referred to in part (a) above;

(d) whether Government is aware of the fact that the illicit liquor is being smuggled from the neighbouring States; if so, the steps taken or proposed to be taken to stop the said smuggling; and

(e) the quantity of illict liquor seized in violation of the prohibition policy and the provision of the Excise Act ?

गृह मन्त्री (श्री मनी राम गोदारा) :

(क) हां, केवल एक घटना हुई।

(ख) 6 व्यक्ति मरे, 4 अयोग्य हुए।

(ग) मुकदमा नं० 187 दिनांक 2-8-96 धाराधीन 304 भा०द०सं० व 61/1/14 आबकारी अधिनियम थाना उकलाना जिला हिसार दर्ज हुआ है, 5 व्यक्ति गिरफ्तार किए हैं जो न्यायिक हिरासत में हैं। 24-9-96 को इनके विरुद्ध चालान न्यायालय में दिया गया, जो कि विचाराधीन न्यायालय है।

(घ) हां, पड़ोसी राज्य से नाजायज शराब की तस्करी के बारे में सरकार जागरूक है, राज्य की सीमा पर चुने हुए निश्चित स्थान पर नाकाबन्दी की जा रही है और पुलिस तथा आबकारी विभाग भी संयुक्त रूप से विशेष दल द्वारा सड़कों/सीमाओं पर अवैध शराब की तस्करी की चैकिंग की जा रही है। राज्य में नाजायज शराब की तस्करी को चैक करने के लिए पुलिस के कुत्तों (डॉग स्कावड) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

(ङ) 1-7-96 से 31-10-96 तक अंग्रेजी शराब की 113876 बोतलें, देशी शराब की 48781 बोतलें, नाजायज शराब की 23235 बोतलें, बीयर की 19641 बोतलें, चालू भट्ठियां 317, शराब की 106404 थैलियां तथा 55769 किलो ग्राम लाहण बरामद की गई।

---

अध्यक्ष द्वारा घोषणाएं

**(i) सभापतियों के नामों की सूची**

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, under rule 13(1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryanaf Legislative Assembly, I nominate the following members to serve on the Panel of Chairmen :-

1. Shri Jaswant Singh (Narnaund)
2. Shri Dharamvir Yadav
3. Shri Shashi Pal Mehta
4. Shri Balwant Singh

**(ii) याचिका समिति**

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, under rule 286(1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly, I nominate the following members to serve on the Committee on Petitions :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Shri Faqir Chand<br>Deputy Speaker | Ex-Officio,<br>Chairman |
| 2. | Shri Jaswant Singh (Narnaund) | Member |
| 3. | Shri Sat Narain Lather | Member |
| 4. | Shri Jagbir Singh Malik | Member |
| 5. | Shri Azad Mohmad | Member |

---

## मेवात क्षेत्र में डेंगू तथा मलेरिया बुखार के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के संबंध में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, हमारा एक स्थगन प्रस्ताव है और यह बहुत ही अहम मुद्दा है। हरियाणा प्रदेश में महामारी प्रकोप से केवल मेवात में 10,000 से ऊपर लोग मारे जा चुके हैं। सरकारी जो आंकड़े हैं वे गलत हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूँ।

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी साहब, एक मिनट आप बैठें। आनरेबल मैम्बर्ज इस सम्बन्ध में इनका स्थगन प्रस्ताव आज ही आया है। कल भी हमारे पास इस सम्बन्ध में रूल 84 के तहत मोशन और काल अटेन्शन मोशन आया है कि यह मामला हाउस में डिस्कस किया जाए। यह सर्वश्री ओम प्रकाश चौटाला और खुर्शीद अहमद जी की तरफ से आया है।

मैं यह बात लीडर ऑफ दी अपोजीशन पर ही छोड़ता हूं कि इस बारे में उनका अपना क्या मत है क्योंकि रूल 84 में समय की कोई सीमा नहीं है जबकि एडजर्नमैंट मोशन में समय निश्चित है। मेरे अपने विचार में अगर आप यह चाहते हैं कि प्रदेश के हितों को देखते हुए इस मसले पर खुलकर चर्चा हो तो रूल 84 में समय की सीमा न होने के कारण इसके तहत ही इस मसले पर चर्चा हो लेकिन चूंकि लीडर ऑफ दी अपोजीशन ने एडजर्नमैंट मोशन दी है इसलिए मैं अब यह मामला उन्हीं पर ही छोड़ता हूं कि वे किस रूल के तहत चर्चा करना चाहते हैं।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, हमने भी काम रोको प्रस्ताव दिया है और यह प्रस्ताव हमने रूल 67 के तहत दिया है। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप और काम बाद में करें क्योंकि यह बहुत ही सीरियस मैटर है। दस हजार से भी ज्यादा लोगों की मृत्यु डेंगू बुखार से हुई है और हजारों आदमी इसके कारण बीमार पड़े हुए हैं। इसलिए पहले इस मामले पर डिस्कशन होनी चाहिए।

**श्री अध्यक्ष :** मैंने पहले ही कहा है कि कांग्रेस की तरफ से भी, कांग्रेस तिवारी की तरफ से भी और लीडर ऑफ दी अपोजीशन की तरफ से भी यह प्रस्ताव आया है। इसके अलावा एक दर्जन से भी ज्यादा विधायकगण हैं जिन्होंने रूल 84 के तहत और कालिंग अटेन्शन मोशन के द्वारा चर्चा करवाने के लिए निवेदन किया है। इसलिए अब मैं लीडर ऑफ दी अपोजीशन पर ही छोड़ता हूं कि वे इस बारे में क्या कहना चाहते हैं ?

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, आपके कहने के मुताबिक जब इतने लोगों की तरफ से एडजर्नमैंट मोशन और कालिंग अटेन्शन मोशन आए हैं तो फिर यह जाहिर है कि यह बहुत ही अहम मुद्दा है। मैं इस मुद्दे पर अपनी तरफ से सारे हालात आपके समक्ष पेश करना चाहूंगा।

**श्री अध्यक्ष :** पहले आप यह बताएं कि आप एडजर्नमैंट मोशन के तहत चर्चा करवाना चाहते हैं या कालिंग अटैन्शन मोशन अथवा रूल 84 के तहत चाहते हैं या फिर किसी और तरह से चाहते हैं ?

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, हमने रूल 66 एवं 67 के तहत एडजर्नमैंट मोशन दी है और हम उसी के तहत चर्चा कराना चाहते हैं।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, I have received notices of adjournment motions from the Leader of the Opposition, some members of the Congress Party and Ch. Khurshid Ahmed, a member from the Congress (T). Leave is granted to move the motion. Now Shri Om Parkash Chautala, may move his motion. (Noise & Interruptions).

**Shri Dhir Pal Singh :** Mr. Speaker, Sir ........ (Noise & Interruptions).

**Mr. Speaker :** Please take your seat. You please listen ....

(Noise & Interruptions) एडजर्नमैंट मोशन पर डिस्कशन के लिए रूल में दो घंटे के लिए टाईम फिक्स है। मैं आपको यह भी बताना चाहूंगा कि चाहे मोशन मूव करने वाला हो या फिर कोई दूसरा सदस्य हो वह इस रूल के तहत 15 मिनट से ज्यादा नहीं बोल सकता।

श्री धीरपाल सिंह : समय की बात तो आपके अधिकार क्षेत्र में है।

**श्री अध्यक्ष :** आप बैठिए।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** आप फैसला लेने से पहले अपने पुराने समय को भी ध्यान में रखें।

**श्री अध्यक्ष :** वह तो मैं रखूंगा ही।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** तब फिर कोई दिक्कत नहीं आएगी।

**Mr. Speaker :** Hon'ble members, leave is granted, if the House agrees, the motion will be taken up after the transaction of the business fixed for today.

मुख्य मन्त्री (श्री बंसी लाल) : अध्यक्ष महोदय, मेरी प्रार्थना है कि जब आपने एडजर्नमैंट मोशन एडमिट कर लिया है तो पहले वही डिसकस होगा।

शिक्षा मन्त्री (श्री राम विलास शर्मा) : स्पीकर सर, यह जो एडजर्नमैंट मोशन आया है उसके बारे में मेरी आपसे गुजारिश है कि आपने जो दो घंटे का समय दिया है इसमें प्रोपोरशनेटिली गवर्नमैंट के रिप्लाई के लिए भी टाइम दें। (शोर)

**श्री अध्यक्ष :** ठीक है, चौटाला साहब, आप टाइम नोट कर लें। दो घंटे ऐज़ पर रूल टाइम देंगे और एक आदमी 15 मिनट से ज्यादा नहीं लेगा।

As per Rule, time is two hours and that will be divided proportionately. Now the Leader of the Opposition will move the motion.

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, राम बिलास जी जो टाइम मांग रहे हैं यह सत्ता पक्ष की तरफ से मांग रहे हैं या विपक्ष की तरफ से मांग रहे हैं। यह दो घंटे तो विपक्ष के होने चाहिएं।

**Shri Khurshid Ahmed :** Sir, I would like to draw your attention to Rule 72. There is no restriction for your discretion. You can use it and you can extend to 6 hours even. I quote the Rule -

"No speech during the debate shall exceed fifteen minutes in duration:

Provided that it shall be within the discretion of the Speaker to allow the mover and the Minister answering him to exceed the said limit of time."

So you kindly extend the time limit. We request you to use this discretion generously. We cannot expect you to be miser in giving us time. You please be generous.

**श्री ओम प्रकाश चौटाला (रोड़ी) :** अध्यक्ष महोदय, मैं सादर प्रस्ताव करता हूँ कि सदन अब स्थगित हो। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश में बाढ़ की वजह से बड़ी विनाश लीला हुई और मुख्यमंत्री महोदय और इनके घटक ने चुनाव घोषणा पत्र में एक बात कही थी कि हरियाणा प्रदेश में बाढ़ का प्रकोप कतई नहीं होगा। मुख्यमंत्री जी ने पद भार संभालते ही उन गांवों का दौरा किया था जहां बाढ़ की संभावना थी। ये अरावली बांध पर गये थे लेकिन उस दरवाजे तक नहीं पहुँच पाए जो आज भी खुलने लायक नहीं है। यही हालत कामेड़ा बांध की थी और यही उजीणा डायवर्शन के उस गेट की थी जहां बेइन्तिहा पानी आया और जिसकी वजह से दोनों बांध टूट गये और मेवात क्षेत्र में 20-20 फुट पानी था। आज भी हालत यह है कि मेवात क्षेत्र के गांवों में पानी खड़ा है। जैमत गांव, जो आजाद मोहम्मद के क्षेत्र में आता है तथा महरूढ़ गांव है जहां आज भी पानी खड़ा है।

19 तारीख को चौधरी साहब ने कहा था कि 30 सितम्बर तक हरियाणा प्रदेश की धरती पर एक इंच भी बाढ़ का पानी नहीं रहेगा। आज भी 50 गांव जिनमें झज्जर, बेरी, मेहम और मेवात के कुछ गांव हैं का बुरा हाल है। अगर इस पानी को पहले बन्द किया जाता तो प्रदेश में यह तबाही नहीं हो पाती। इस भयानक तबाही के बाद भी सरकार ने यह वायदा किया था कि गन्दे पानी को बाहर निकालेंगे। लेकिन गन्दे पानी से आदमी मरे हैं, पशु मरे हैं, फसलें नष्ट हुई हैं और गांवों के बिटोड़े बह बह कर आये हैं। गांवों में जो कब्रिस्तान हैं उनमें मुर्दों दफनाने के लिए भी जगह नहीं है। उन लोगों का अल्ला ही रहनुमा है और अल्ला के रहमोकर्म पर उनको छोड़ दिया गया है। जोहड़ का पानी और गन्दा पानी पीने के पाईपों में घुस गया है जिसको पीने से यह डेंगू हुआ है, उसी की वजह से यह महामारी फैली है। आज सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री ने बताया कि 43 मौतें डेंगू से हुई हैं। इसके बाद बताया गया कि 900 के लगभग मौतें इस बीमारी की वजह से हुई हैं। आज स्वास्थ्य मंत्री महोदया मेरे सामने बैठी हुई हैं इनका लेटैस्ट 5 नवम्बर का ब्यान यह है कि हरियाणा प्रदेश में 800 के लगभग मौतें हुई हैं।

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

इन्होंने महामारी के बारे में गलत आंकड़े पेश किए हैं। न तो कहीं पर स्प्रे किया गया, न दवा दी गई। अध्यक्ष महोदय, मलेरिया की रोकथाम के लिए एक-एक आदमी को 8-8 और 10-10 गोलियां जबरदस्ती दी गई, उसका नतीजा यह हुआ कि वे चक्कर खाकर पागल हो कर मर गये। 250-300 लोग तो ऐसे मारे गये हैं। सूरजपाल जी यहां बैठे हुए हैं उनके गांव के ही 150 के करीब लोग मारे गये हैं।

**राजस्व मन्त्री (श्री सूरजपाल सिंह) :** अध्यक्ष महोदय, यह सरासर गलत बात है। हमारी सरकार ने तो बहुत अच्छा प्रबन्ध किया है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** सरकार ने उनके लिए कोई प्रबन्ध नहीं किया बल्कि सार्वजनिक संस्थाओं ने तथा हमारी समता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांवों के लोगों की सेवा की। आज भी मेवात के गांवों में हमारी पार्टी के मुफ्त चिकित्सा सेवा के शिविर लगे हुए हैं जिनमें एम०एस० और एम०बी०बी०एस० डाक्टर हैं। वे रोजाना कई हजार लोगों की दवा दारू करते हैं क्योंकि वहां रोगियों की संख्या हजारों में है। मैं एक गांव में गया था और एक आदमी से मैंने बात की तो उसने कहा कि सरकार की तरफ से कोई दवा दारू नहीं की गई है। हमारी सुध किसी ने नहीं ली है, हम तो अल्ला के रहमोकर्म पर हैं। उसने कहा की चौधरी बंसी लाल जब पहले मुख्य मंत्री थे तो उन्होंने पैदा होने के काम को रोका था और अब मुख्यमंत्री बने हैं तो उन्होंने बचे हुए लोगों को मारने का काम शुरु कर दिया है। अध्यक्ष महोदय, इससे दुखी और आदमी क्या हो सकता है। ये सारे तथ्यों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। विशेष रूप से हरियाणा प्रदेश की सरकार के लिए इससे शर्मनाक और क्या बात हो सकती है। प्रधानमंत्री महोदय ने मुख्यमंत्री को एक चिट्ठी लिखी जिसमें इस काम के लिए अप्रसन्नता व्यक्त की है कि सरकार ने इस बीमारी की रोकथाम के लिए कोई प्रयास नहीं किया है।

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० कमला वर्मा) :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। सैंट्रल गवर्नमैंट की टीम यहां पर आई थी और इस इलाके का विजिट किया था। उस टीम ने हरियाणा सरकार को एप्रीसियेशन लैटर दिया है कि अगर हरियाणा सरकार और स्वास्थ्य विभाग समय पर प्रयास न करते तो और ज्यादा मौतें हो जातीं। सरकार के प्रयास से ही इस बीमारी की रोकथाम हो सकी है। (थम्पिंग)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मलेरिया उन्मूलन के नाम पर वर्ल्ड हैल्थ आर्गेनाईजेशन की ओर से सैंकड़ों करोड़ों रुपये की सहायता दी जा रही है। लेकिन सरकार ने सच्चाई को छिपाया है। सारी विपक्षी पार्टियों ने जब गांवों के लोगों के उपचार हेतु कुछ कार्य करने आरम्भ किए तथा इस बारे में जब अखबारों में छपना शुरु हो गया तो फिर आपने आंकड़े बताने शुरु किए। लेटैस्ट आंकड़े ये हैं कि वहां के उपायुक्त की रिपोर्ट के अनुसार 29 से अधिक लोग मरे हैं। स्वास्थ्य मंत्री का ब्यान ठीक हो सकता है, मुख्यमंत्री का ब्यान ठीक हो सकता है लेकिन मेरे पास जो लिस्ट है, उसके हिसाब से 7 हजार से ज्यादा लोग इस बीमारी से मरे हैं। इस लिस्ट में बाकायदा उनके नाम, गांव का नाम व उम्र लिखी हुई है। मैं इसको हाउस की टेबल पर रखता हूं। यह सदन देख ले तथा सारा हरियाणा प्रदेश देख ले।

**डॉ० कमला वर्मा:** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। मैं कहना चाहती हूं कि जो 60 साल का वृद्ध अस्थमा व अन्य बीमारी से भी मरा होगा, यह उनकी लिस्ट ले आए होंगे।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, इस बीमारी से मासूम बच्चे मरे हैं, जिनके बारे में स्वास्थ्य मंत्री महोदया को पता नहीं है। सरकारी आंकड़ों के आधार पर मुख्यमंत्री महोदय ने बताया इनको

प्रधानमंत्री की तरफ से अप्रसन्नता व्यक्त करने का पत्र मिला है। अध्यक्ष महोदय, वास्तव में सवाल यह नहीं है, सवाल तो लोगों की ज़िंदगी का है। आज लोगों की ज़िंदगी से खिलवाड़ किया गया है। मासूम लोग जो बेबस हैं, जिन बेचारों का बाढ़ में सब कुछ तबाह हो गया, जिनके घर उजड़ गए तथा जिनके पास खाना भी उपलब्ध नहीं होता हो, उनको 8-10 गोलियां अगर एकदम दे दी जाएं तथा दूध उपलब्ध न कराया जाए तो वे मरेंगे ही। मैं बताना चाहता हूं कि उनको अस्पताल में दाखिल नहीं कराया गया। यह सरकार की नैगलीजैंस है।

**श्री राम विलास शर्मा :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। अभी ओम प्रकाश चौटाला जी ने तकरीर में फरमाया कि प्रधानमंत्री जी ने कोई पत्र लिखा है। स्पीकर सर, मैं बताना चाहता हूं कि मलेरिया उन्मूलन के लिए भारत सरकार ने एक मीटिंग बुलाई थी। उसके बाद मुख्यमंत्री महोदय ने इस संबंध में एक फाईल बनबाई तथा रोजाना रात को सोने से पहले उस फाईल पर अपने हाथ से लिखते हैं तथा जांच पड़ताल करते हैं। इस बात को देख कर भारत सरकार के सचिव ने 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। चौधरी ओम प्रकाश चौटाला तो मुख्यमंत्री रहे हैं। जहां तक इन्होंने मृतकों की संख्या की बात कही है, इस बारे में मैं सुझाव देना चाहता हूं कि आप सदन की एक कमेटी बना दें जिसमें श्री ओम प्रकाश चौटाला को भी जरूर शामिल करें। इसके अतिरिक्त जैसा कि इन्होंने फरमाया कि हमारे राजस्व मंत्री, श्री सूरज पाल के गांव अजीना में ये गए। मैं 25-25 हजार रुपये दिलवाऊंगा, अगर वे यह साबित कर दें कि वहां पर कोई मरा हो। ठीक है, मलेरिया फैला है लेकिन सच्चाई तो सदन के सामने आनी चाहिए।

**श्री धीरपाल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मेरी आपसे गुजारिश है कि बीच में कोई इंटरवीन न करे। अगर किसी को कुछ कहना है तो बाद में कह ले।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, यह मुद्दा हरियाणा के हितों से जुड़ा हुआ है। मैं कहना चाहता हूं कि जो लोग चले गए, उनकी चिन्ता नहीं है बल्कि चिन्ता तो उनकी है जो लाखों लोग आज बीमार हैं। श्री रामविलास शर्मा जी ने जो बात की है मैं उसका समर्थन करता हूं कि हाउस की एक कमेटी बनाई जाए जिसमें अध्यक्ष महोदय आप भी होंगे तथा स्वयं आप भी जाकर देखेंगे कि कोई भी घर ऐसा नहीं मिलेगा जहां पर कोई बीमार न हुआ हो। अतः अध्यक्ष महोदय, सवाल यह है कि जो आज लोग बीमार हैं उनको बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। जो मर गए, वे सरकार की लापरवाही से मरे हैं। आज जो रामविलास जी 25 हजार की बात करते हैं, यह बात उचित नहीं है। 25 हजार रुपये इसलिये कहा गया था कि पंजाब सरकार ने मरने वालों के परिवार वालों को 25-25 हजार रुपये दिये थे। आज जो दो-दो लाख रुपये दिये जाते हैं वह उन मरने वाले लोगों के परिवार वालों को दिये जाते हैं जिनको गोलियों से मारा जाता है। जिनको सरकार ही गोलियों से मारती है उनके परिवार वालों को भी दो-दो लाख रुपये मिलने चाहिएं। सरकार की नैगलीजैंस की वजह से, दवाईयों के अभाव की वजह से और खुराक के अभाव की वजह से जो लोग मरते हैं, आज आपने उनकी जान की कीमत केवल 25 हजार रुपये आंक कर तय कर ली है। अध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का मतलब यह है कि यह बहुत ही अहम मुद्दा है। अगर इस महामारी की रोकथाम न की गई तो यह सब जगह फैलेगी। अब मौसम बदला है। सर्दी का मौसम आ गया है इसलिये यह बीमारी और फैलेगी। जैसे चौधरी खुर्शीद जी ने बताया है कि सर्दी के मौसम में इस बीमारी का प्रकोप फिर शुरु हो गया है क्योंकि लोगों में खून नहीं है। उनके पास खाने के लिए अनाज नहीं है, पीने के लिए दूध नहीं है और उनके पास सिर छिपाने के लिए झोंपड़ियां नहीं हैं। इस सरकार ने इस तरफ अब तक कोई तवज्जो नहीं दी है। बाढ़ के बारे में कहा गया कि बाढ़ से हुए नुकसान का लोगों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया और लोगों को दवाईयां देने के बारे में इस

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

सरकार ने कतई तौर पर कोताही बरतने का काम किया है। अध्यक्ष महोदय, आपके समक्ष यह बात है कि सरकार की तरफ से हर स्तर पर झूठे आंकड़े पेश किये जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, यह जो मेरे पास मरने वालों के नामों की लिस्ट है इस बारे में ये यह कह देंगे कि 70 साल का बूढ़ा था वह मर गया, 80 साल का बूढ़ा था इसलिए मर गया। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री महोदया से कहना चाहूंगा कि इस लिस्ट में उन लोगों के नाम हैं जो मर चुके हैं। वे आज इस संसार में नहीं हैं। उन मरने वाले लोगों में दूध के मुंह धोए बच्चे भी शामिल हैं जिनकी इस लिस्ट में गिनती भी नहीं है, उनका पता ही नहीं है कि वे कितने मरे हैं। इस बीमारी से मेवात के क्षेत्र में जो लोग मरे है उनकी कब्रें गिनी जा सकती हैं क्योंकि उन लोगों को दफनाया जाता है। जिनका दाह संस्कार किया जाता है, उनके शमशान आज भी कायम हैं उनकी भी कोई लुकी छिपी की बात नहीं हो सकती। आपको यह मान कर चलना चाहिए कि इस सरकार की नैगलीजैंस की वजह से 10 हजार से भी अधिक लोग इस बीमारी के कारण मरे हैं। आप इस बारे में इन्कवायरी कराएं। आज आप इस बारे में जांच करने के लिए एक कमेटी का गठन करें जो मौके पर जा कर यह देखें कि इस बीमारी के कारण कितने लोग मरे हैं और आज जो लोग इस बीमारी के कारण जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं उनको पुनः जीने का अवसर मिले। यह सरकार कहती है कि इन्होंने इस बारे में सभी प्रयास किये हैं लेकिन सरकार की तरफ से लोगों की सहायता करने का लेशमात्र भी प्रयास नहीं किया गया। आज सारे अखबार इस बात से भरे हुए हैं। आज सारे अखबारों में इस बात की विस्तार से चर्चा है कि कहां किस हिसाब से कितने लोग मरे हैं। दिल्ली में डेंगू बुखार से मरने वालों की संख्या 375 तक पहुंची थी उस बारे में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सारे टैलीविजन , रेडियो और अखबारों ने आसमान सिर पर उठा लिया लेकिन इस बीमारी के कारण जो 10 हजार से भी अधिक लोग मरे हैं उस बारे में यह सरकार कहती है कि यह गिनती झूठी है। मैं कहता हूं कि यह गिनती सच्ची है। इस बारे में इन्कवायरी करने के लिए यह सरकार एक कमेटी मुकर्रर करे। हाउस के सदस्यों की एक कमेटी मुकर्रर करे। हम इस बात के लिए सहमत हैं। अध्यक्ष महोदय, इस बारे में कोई लम्बा चौड़ा भाषण देने की आवश्यकता नहीं है हम सभी इसी बात पर सहमत हैं कि इस बारे में इन्क्वायरी करने के लिए एक मकेटी मुकर्रर कर दी जाए ताकि वह कमेटी वहां जा कर पता लगा सके कि कितने आदमी मरे हैं। मरने वाले लोगों के परिवार वालों को कुछ मुआवजा दिया जाना भी जरूरी है ताकि उनको कुछ सान्तवना मिल सके। आज अगर हवाई जहाज से गिर कर लोग मरते हैं तो उनके परिवार वालों को मुआवजा दिया जाता है। अगर रेल की टक्कर में लोग मरते हैं तो उन लोगों के परिवार वालों को मुआवजा दिया जाता है। आंध्र प्रदेश में समुद्री तूफान के कारण जो लोग मरे उनके परिवार वालों को मुआवजा दिया जा रहा है तो इस सरकार की नैगलीजैंस की वजह से जो लोग हरियाणा प्रदेश में मरे हैं उनके परिवार वालों को मुआवजा देने में इस सरकार को आनाकानी नहीं करनी चाहिए। प्रश्न इस बात का है कि जो लोग इस बीमारी के कारण जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं उनको बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं हाउस का ज्यादा टाईम नहीं लेना चाहता क्योंकि दूसरे मैम्बर्ज साहेबान ने भी बोलना है। मैं यही कहना चाहता हूं कि इस बारे में इन्क्वायरी करने के लिये एक कमेटी मुकर्रर की जाए ताकि वह वहां जा कर जांच कर सके और एक सही तस्वीर आपके सामने पेश कर सके। सदन को तसल्ली हो और खास करके स्वास्थ्य मंत्री महोदया को पता लग सके कि इनका विभाग किस प्रकार से कोताही कर रहा है।

**श्री भजन लाल** (आदमपुर) : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं आपका आभार प्रकट करूंगा कि आपने एक बहुत ही गम्भीर मसले की तरफ ध्यान दिया और इस मोशन को एडमिट किया । इसके

लिये हम आपके बहुत धन्यवादी हैं। अध्यक्ष महोदय, सबसे बड़े अफसोस की बात यह है कि यह सरकार मरने वाले लोगों के आंकड़े छिपा रही है। यह सबसे ज्यादा दुखदायी बात है। इन्सान मर भी सकता है। मैं खुद वहां पर गया था हमारी पार्टी के लोग भी वहां पर गये थे। हमारे पी०सी०सी०(आई०) के प्रैजीडेंट भी वहां पर गये थे और हमारे ए०आई०सी०सी० के जनरल सैक्रेटरी साहब भी वहां पर 5 और 6 नवम्बर को गये थे। अध्यक्ष महोदय, अभी चौटाला साहब ने बताया कि वहां पर मरने वालों के नाम, उनके बाप का नाम, उम्र और गांव का नाम उनके पास भी हैं और मेरे पास भी हैं। आप चाहें तो मैं इन आंकड़ों को सदन की पटल पर रख देता हूं। मैं आपको व सदन को बताना चाहूंगा कि मेवात एरिया में कितने लोग मरे हैं। अध्यक्ष महोदय, नूंह ब्लाक में 1617, हथीन ब्लाक में 1420, नगीना गांव में 1429, पुनहाना ब्लाक में 819, फिरोजपुर झिरका में 1791 व तावडू में 812 । इस प्रकार वहां पर 7888 के करीब लोग इस बीमारी की वजह से मरे हैं। चौधरी बंसी लाल जी कहते हैं कि भजन लाल झूठ बोलता है क्योंकि बंसी लाल जी कह रहे हैं कि 904 मरे हैं।

**श्री हर्ष कुमार :** अध्यक्ष महोदय, यह बात तो ठीक है कि चौटाला साहब ने और भजन लाल जी ने वहां पर दौरा किया है। शायद भजन लाल जी वहां पर 6-7 और 8 तारीख के बीच गये थे। मैं बताना चाहूंगा कि जो आंकड़े ये दे रहे हैं वे ठीक नहीं हैं क्योंकि वहां पर मरने वालों के नाम व पते मेरे पास भी हैं।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, हमारे पास जो लिस्ट है उसको सदन की पटल पर आने दें। उस में सभी का नाम, उम्र व पूरा पता है। (शोर)

**डॉ० कमला वर्मा :** आप यह भी बताएं कि ये कब-कब मरे हैं। ऐसा न हो कि हमारी सरकार आने से पहले वालों के नाम भी इस लिस्ट में हों।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, ये जो मरने वाले हैं जब से आप स्वास्थ्य मंत्री बनी हैं, उसके बाद के हैं। ऐसा निर्भाग का काम आपके रहते हुए ही हुआ है।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं हाउस में चेलेंज करता हूं कि जो नाम और पते मैं दूं उन पर हाउस की एक कमेटी बैठा कर जांच करवा ली जाये। यदि वहां पर 5000 से अधिक न मरे हों तो मैं इस्तीफा दे दूंगा या फिर ये दे दें। (शोर) मैं तो अब भी कहता हूं कि वहां पर मरने वालों की संख्या 7888 ही है।

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी भजन लाल जी आप ने चौधरी बंसी लाल जी को 2000 मरने वालों की छूट क्यों दे दी।

**श्री भजन लाल :** वह इसलिये दे दी के सरकार चाहे कितनी भी हेराफेरी कर ले इस 5000 की फिगर को सरकार किसी भी तरह छुपा नहीं सकती। क्योंकि मेरे पास एक-एक आदमी का नाम और पूरा पता है। उस एरिया में 80-85 प्रतिशत आबादी मुस्लिम भाईयों की है। वे लोग दफनाते हैं। वहां पर कब्रिस्तान है। हिन्दू लोग तो जला देते हैं लेकिन मुस्लिम भाईयों के कब्रिस्तान से भी पता चल जायेगा। इसलिये मैं चाहता हूं कि हाउस की एक कमेटी बना दी जाये जो इन सारी चीजों को देखे।

अध्यक्ष महोदय, 23 जून को बाढ़ आई थी लेकिन सरकार की तरफ से पानी निकालने के लिए पम्प नहीं लगाये गये। हमने मौके पर देखा तो हमें एक पम्प को छोड़कर कहीं पर पानी निकालते हुए दूसरा पम्प नजर नहीं आया।

Haryana Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY



**श्री सूरज पाल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मेरा भी विशेष रूप से मेवात से ताल्लुक है। मेवात के बारे में माननीय चौधरी भजन लाल जी ने अभी बताया है कि इन्होंने केवल एक पम्प देखा है। अध्यक्ष महोदय, मैं कहता हूं कि जिस रोड से ये गये होंगे मेरे ख्याल से वहां पर 15-20 मोटरें और पम्प बहुत पहले से चल रहे हैं। जहां तक पानी के निकालने का सम्बन्ध है, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि वहां पर एक नैचुरल कोटला झील है उसे देख कर ही इन्होंने ऐसा कहा है। क्योंकि वह एक नैचुरल झील है और उसमें वाकया ही पानी ज्यादा है वरना एक जैयमल गांव को छोड़ कर बाकी सारी जगहों पर टाईम पर बीजाई हो जाएगी, इसके लिए हर जगह पर हमने व्यापक प्रबन्ध कर रखे हैं। (विघ्न एवं शोर) जहां तक उजीना का ताल्लुक है, 1990 के साल से ले कर एक जनवरी 1996 तक के इतिहास के बारे में मैं बता रहा हूं कि वहां पर मरने वालों की गिनती औनली 58 है। अध्यक्ष महोदय, इनके पास मरने वालों की लिस्ट भी होगी और लिस्ट देख कर ही मैं बता रहा हूं। ये मरने वालों की संख्या 260 बता रहे हैं। यह सबसे बड़ा झूठ है जो कि ये यहां पर बता रहे हैं। (विघ्न एवं शोर)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं इनको लिस्ट पढ़ कर बता देता हूं। एक-एक गांव में अढ़ाई-अढ़ाई सौ लोग मरे हैं। (विघ्न एवं शोर)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, भादस गांव में 251 आदमी मरे हैं। (विघ्न) मालव गांव में 261 आदमी मरे है ।(विघ्न एवं शोर)

**श्री सूरज पाल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, ये मालव गांव में मृतकों की संख्या के बारे में बता रहे हैं। मेवली, आकेड़ा और कोटला गांवों में स्वास्थ्य मंत्री महोदया मौके पर गई थीं। मेवली इतना बड़ा गांव है। लिस्ट इनके पास भी होगी मैं वहां का रहने वाला हूं, वहां पर केवल 17 लोगों की मृत्यू हुई है जबकि ये 200 या 250 आदमी बता रहे हैं। मेवली और आकेड़ा गांवों के बारे में मैं बाई नेम तथा बाई फेस बता सकता हूं। जो ये कह रहे हैं यह सदन के सामने इतना बड़ा असत्य बोल रहे हैं जो कि इन्होंने अपने जमाने ही बोला होगा। कृपया अब तो सच बोलें । (शोर)

**श्री भजन लाल :** सूरज पाल जी, आप वहां के रहने वाले हैं और मैंने भी वहां से लोक सभा का चुनाव लड़ा हुआ है। इसलिये मैं एक-एक गांव को जानता हूं। वहां से डेढ़ लाख से अधिक वोटों से लोगों ने भजन लाल को जिताया था। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** मैं रिक्वैस्ट करता हूं चौधरी भजन लाल जी, आप अपनी सीट पर बैठें ।(विघ्न)

**कृषि मंत्री** (श्री कर्ण सिंह दलाल ) **:** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है । हम तो यह सोच रहे थे कि चौधरी भजन लाल जी की हाउस को गुमराह करने की आदत थी, अब उससे बाज़ आ गए होंगे। (विघ्न)

**गृह मंत्री** (श्री मनी राम गोदारा) **:** चौधरी खुर्शीद अहमद जी यह कह दें कि चौधरी भजन लाल जी झूठ बोलते हैं या नहीं बोलते हैं। हम जिन्दगी के अन्दर वही मान लेंगे ये ईमान से कह दें।(हंसी)

**श्री राम बिलास शर्मा :** स्पीकर सर, यह एक बहुत अच्छी परपोज़ल है । चौधरी खुर्शीद अहमद सही मायने में मेवात को रिप्रिज़ेन्ट करते हैं। इस सदन में श्री सूरज पाल, चौधरी खुर्शीद अहमद और हथीन से हर्ष कुमार भी मेवात को रिप्रिज़ैन्ट करते हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा सुझाव है कि आप इन तीनों लोगों को और चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी की पार्टी के किसी आदमी को ले कर एक कमेटी बना दें। स्पीकर सर, मौत के आंकड़ों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। मौत के झूठे आंकड़े दे कर राजनीति नहीं

होनी चाहिए। मेरी यह गुजारिश है कि इस मामले पर यह सदन चिन्तित है, सरकार चिन्तित है इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, अगर कर्ण सिंह दलाल, राम बिलास शर्मा जो मंत्री हैं ये भी बीच-बीच में बोलेंगे तो कैसे काम चलेगा। अगर इनको कोई आंकड़े बताने हैं तो बताएं मगर बिना वजह से बीच में न बोलें।(विघ्न) अध्यक्ष महोदय, ये बार-बार बीच में बोल रहे हैं जिससे हमारी स्पीड टूट जाती है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि 23 जून को बाढ़ आई थी हम वहां पर 4-5 हजार लोगों को मिले थे।

**श्री कर्ण सिंह दलाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं भी यही कहना चाहता हूँ कि ये 10 बजे गुड़गांव से चले और 2 बजे वहां से वापिस आ गये। क्या इतने से समय में ये पांच हजार लोगों को मिल आए। (शोर एवं व्यवधान)

**डॉ० कमला वर्मा :** अध्यक्ष महोदय, अगर इनको इतना ही दर्द था तो ये वहां पर सितम्बर के महीने में जाते। लेकिन ये अब वहां पर जाकर आए हैं जब इस विधान सभा का सैशन समीप था। ये वहां पर आंकड़े इकट्ठे करने गये थे। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं अर्ज कर रहा था कि 23 जून को बाढ़ आई थी, हम 5 और 6 नवम्बर को फिरोजपुर झिरका में गये थे। इनमें से सिर्फ चौधरी बंसी लाल जी गये थे। न इनसे पहले वहां पर कोई मंत्री गया था और न ही इनके जाने के बाद कोई मंत्री गया है।वहां न तो पानी दिया गया और न ही कोई दवाई दी गई हैं। वहां पर कुछ कुनीन की गोलियां बांटी गई हैं।

**विकास तथा पंचायत मंत्री (श्री जगन नाथ) :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। जब बाढ़ आई थी तो हमने वहां पर 68 टैंकर पानी के भेजे थे वे कम पड़ गये तो 19 टैंकर दिल्ली से मंगवाएं। पानी को अलग-अलग जगह पहुँचाने के लिये हमने 20 हजार टैंकिया भिजवाई ।(विघ्न)

**श्री कर्ण सिंह दलाल :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है।

17.00 बजे

**श्री अध्यक्ष :** जगन्न साथ जी क्या आपकी बात खत्म हो गई है।

**श्री जगन नाथ :** अध्यक्ष महोदय, बात तो अभी पूरी नहीं हुई है। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूँ कि भजन लाल जी जब आंकड़े बता रहे थे, तो ये खुद ही हंस रहे थे। इससे पता चलता है कि ये कितना सच कह रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री कर्ण सिंह दलाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं कुछ कहना चाहता हूँ।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, ये बाद में बोल सकते हैं। (विघ्न) अगर आप हमें बोलने नहीं देना चाहते हैं तो हम बैठ जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, वहां हमें जो लोगों ने बताया है वही मैं आपको बता रहा हूँ। उस समय इनकी सी०आई०डी० भी वहीं पर खड़ी थी।

**श्री अध्यक्ष :** भजन लाल जी, मेरी आपसे रिक्वैस्ट है कि आप अपनी बात कहिए।आप बहुत पुराने मैम्बर हैं।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मुश्किल यह है कि ये बार बार बीच में खड़े हो जाते हैं। लोगों ने हमें वहां पर यह बताया कि सरकार की तरफ से वहां पर कोई दवाई नहीं है कोई इंतजाम नहीं है, कोई अधिकारी नहीं है तथा सरकार ने हमारा रिकार्ड चौकीदारों से मंगा लिया है ताकि इसमें कुछ भी दर्ज न

[श्री भजन लाल]

किया जा सके। वहां का डी०सी० गलत आंकड़े दे रहा है। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने वहां पर कुनीन की गोली दे रखी है जबकि डेंगू बुखार में यह गोली नहीं दी जाती। क्योंकि यह बहुत गर्म होती है इसलिये यह ज्यादा नुक्सान देती है। बहन कमला जी को शायद इस बारे में पता नहीं है कि वहां पर इस गोली को ही खाने से बहुत से लोग मर गये हैं। ऐसा हमको वहां की जनता ने बताया था।

**डा० कमला वर्मा :** अध्यक्ष महोदय, चौधरी भजन लाल जी पहले यह तो जान लें कि मलेरिया और डेंगू में अन्तर क्या है। पहले ये मेडीकल टर्म्ज़ को जाने कि इनमें क्या अंतर है। मेवात में तो डेंगू नहीं फैला बल्कि वहां तो मलेरिया बुखार है। पता नहीं ये क्यों बार-बार कहते हैं कि वहां पर डेंगू बुखार था।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, आप इस बात की इंक्वायरी कराने के लिये एक हाऊस की कमेटी बना दें। आपकी अध्यक्षता में यह कमेटी बनें और जिसको भी आप मुनासिब समझें उसको इस कमेटी का मैम्बर बना दें। इसमें अपोजीशन साईड में से भी, रुलिंग साईड में से भी, इंडीपैंडैन्ट्स में से भी एवं कांग्रेस तिवारी में से भी पांच या सात मैम्बर्ज ले लें और यह कमेटी आपको दो दिन में रिपोर्ट दे। अभी तो हाऊस चल रहा है इसलिए यह रिपोर्ट शुक्रवार तक आ सकती है। रिपोर्ट आने के बाद आपको पता चल जाएगा कि हम ठीक कहते हैं या नहीं। अध्यक्ष महोदय, सरकार अगर मरे हुए लोगों के आंकड़े छुपाए तो इससे ज्यादा दुखदायी बात और क्या हो सकती है। हमें तो वहां के लोगों को देखकर रोना आता है क्योंकि वहां कोई भी इंतजाम नहीं है, कोई देखभाल नहीं है और न ही वहां के लोगों को कोई मुआवजा दिया गया है।

**श्री रामबिलास शर्मा :** स्पीकर सर, भजन लाल जी ने एक अच्छा सुझाव दिया है। इन्होंने जिस कमेटी के बारे में कहा है तो मैं कहना चाहूंगा कि उस कमेटी में उस हल्के के एम०एल०एज० से अच्छा कोई रिप्रेजैंटेटिव नहीं हो सकता। इसलिए मेवात के जितने भी एम०एल-एज० हैं चाहे वे आजाद मोहम्मद हों, चाहे हर्ष कुमार जी हों, चाहे सूरजभान जी हों या चाहे खुर्शीद अहमद जी हों, आप इनको ही इस कमेटी के मैम्बर बना दीजिए। मैं तो यहां तक भी कहूंगा कि खुर्शीद अहमद जी की चेयरमैनशिप में वहां के जितने एम०एल०एज० हैं, उनकी कमेटी इंक्वायरी के लिए बना दें और वह कमेटी अपनी रिपोर्ट सदन के सामने रखे। सर, इससे बड़ा सुझाव कोई नहीं हो सकता।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** स्पीकर सर, मैं इसमें एक तरमीम चाहूंगा बाकी तो सुझाव ठीक है। जो मेहम में मौतें हुई हैं तो अगर इसी तरह से मेहम के एम०एल०ए० को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो अच्छा है।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, धर्मबीर गाबा भी गुड़गांव से एम०एल०ए० हैं, इनको भी शामिल किया जाना चाहिए।

**श्री धर्मवीर गाबा :** अध्यक्ष महोदय, मेरी इतनी सबमिशन है कि अगर इस हाऊस में डिसिप्लिन नहीं रहेगा तो फिर हाऊस कैसे चलेगा। हम भी पांच साल रहे हैं लेकिन ये जिस तरह से बार-बार टोक रहे हैं तो मैं नहीं समझता कि जितना सीरियस यह मैटर है उस पर सही ढंग से चर्चा हो सकेगी। मैडम बार-बार कह रही हैं लेकिन अगर हम इनके ऐलीगेशंज के जवाब दें तो मेरे ख्याल में सदन में इनके लिए बैठना मुश्किल हो जाएगा। इतना क्रिटीसिज्म होने के बावजूद इनको यहां पर बैठना ही नहीं चाहिए। इन्होंने वहां के एस०एच०ओ० का भी ट्रांसफर कर दिया और कह दिया कि वह मेवात में रहना ही नहीं चाहता। तो क्या यह इनका कोई जवाब है।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, लोगों से हमने पूछा कि सरकार की तरफ से कोई सहायता आई है तो उन्होंने कहा कि कोई सहायता नहीं मिली। फिर हमने पूछा कि क्या बाढ़ की वजह से कोई सहायता मिली है तो उन्होंने कहा कि नहीं मिली। स्पीकर साहब, आप जानते हैं कि जब मैं इस प्रदेश का मुख्य मंत्री था तो उस समय कितनी भंयकर बाढ़ आई थी चाहे आपका जिला भिवानी हो या रोहतक जिला हो या दूसरे इलाके थे। हमने 3 महीने के अन्दर-अन्दर सारे प्रदेश से काफी हद तक पानी निकालकर लोगों की खेती करवाई थी। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री सतपाल सांगवान :** मेरे चर्खी दादरी से कितने दिन में पानी निकला था, जरा यह भी बता दें। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री भजन लाल :** जहां फसलें नहीं बोई गई वहां भी 3 हजार रुपये एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया और बंसी लाल जी से जब किसानों ने पूछा कि जहां फसलें नहीं बोई गई वहां मुआवजा मिलेगा तो इन्होंने कहा के मेरे पास धेला भी नहीं है। अध्यक्ष महोदय, इतनी भारी मुसीबत है इसलिए एक कमेटी बनाने की बात हमने कही है और इनके मंत्रियों ने भी कही है। मैं ज्यादा बात आज नहीं करूंगा। आप कमेटी बनाइए, इसकी रिपोर्ट आए और पता चल जाए कि चौधरी बंसी लाल या इनकी सरकार बात ठीक कहती है या हम ठीक कहते हैं। मेरा आपसे इतना ही कहना है। सरकार को चाहिए कि फौरन कमेटी बनाए, इसकी जांच करवाए और लोगों की पूरी सहायता करे। जो मर गये उनके परिवारों की मदद करे और जहां खेती नहीं बोई गई उनकी भी सहायता करें। इन्हीं शब्दों के साथ आपका धन्यवाद करते हुए मैं अपना स्थान लेता हूं। धन्यवाद।

**श्री बलबीर सिंह (मेहम) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि दिनांक 9-9-96 को रोहतक में मुख्य मंत्री जी ग्रीवैंसिज कमेटी की मीटिंग ले रहे थे। उसमें इन्होंने आश्वासन दिया था कि हफ्ते के अंदर-अंदर पानी निकाल दूंगा। तो क्या मुख्य मंत्री जी का हफ्ता छः महीने को होती है, साल की होता हो या दो साल को होता है, हमारे यहां पिछले साल का पानी खड़ा है। एक आदमी भी इस बात को झूठा कह दे तो मेरे साथ चलें अगर मेरी बात गलत हुई तो मैं सन्यास ले जाऊंगा। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष :** बलबीर जी, अब आप बैठ जाएं।

**श्री बलबीर सिंह :** * * * * * * *

**श्री अध्यक्ष :** ये जो कुछ कह रहे हैं उसे रिकार्ड न किया जाए।

**श्री खुर्शीद अहमद (नूंह) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका सहयोग इस बात में चाहूंगा कि यह मामला न हंसी का है न किसी दूसरे को झुठलाने का है और न ही अपने आप को सच्चा साबित करने का है। इतनी बड़ी त्रासदी जहां हुई है उसके लिए सरकार कहां तक जिम्मेदार है, कहां तक कुदरत का प्रकोप है और उनका ईलाज क्या हो सकता है। अगर इन बातों पर विचार किया जाए, तब तो इस डिसकशन का कोई फायदा होगा वरना अभी हमने जो साथी नहीं रहे, उनका शोक प्रस्ताव किया ही है। हजारों से कम की डैथस तो कोई नहीं मानता। दस हजार की ये कहते हैं तो आप उससे कुछ नीचे रह जाते हैं। अब इसका तरीका यही है कि कमेटी बने और इन सारी मौतों का नक्शा खुलकर सामने आएं।

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

[श्री खुर्शीद अहमद]

अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि यह त्रासदी जिस ढंग से भी हुई, चाहे मलेरिया से हुई या फलेरिया से हुई। मौत एक ऐसी हकीकत है कि जिसके घर में होती है उसी को पता होता है। उसी का दिल जानता है कि मौत किसे कहते हैं। यह हंसने और बहस करने की बात नहीं है। आप फिगर की बात करते हैं की फिगर चौकीदार की किताब से लेंगे। मैं एक गांव में गया तो वहां का चौकीदार मारा गया था और दूसरे गांव में गया तो चौकीदार का बेटा मारा गया। इस लिहाज से हम किसके आंकड़ों पर भरोसा कर सकते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह हो कि हाऊस की तरफ से यह कहा गया है कि कमेटी बनाई जाये, वह कमेटी सच्चे आंकड़े लाकर सदन के पटल पर रख देगी कि कितनी मौतें हुई हैं और क्यों हुई हैं और किन हालात में हुई हैं। वहां पर जो सैलाब आया वह किन हालात में आया। कहां पर इंसान जिम्मेदार हैं और कहां पर कुदरत जिम्मेदार है। कुदरत पर तो किसी का कंट्रोल नहीं है। बारिश आने से पहले इंतजाम होना चाहिए था। मैं तो कहता हूं कि इसके लिए सरकार भी जिम्मेवार है, भजन लाल जी भी इतने ही जिम्मेदार हैं जितनी कि सरकार जिम्मेदार है। 23 जून को मेवात में यह त्रासदी हुई। 23 जून से पहले मेवात में पानी कहीं पर नहीं था। अचानक बारिश हुई। खासकर वहां मौके पर जो लोग हाजिर थे, वही इसके लिए जिम्मेवार हैं। इस सारी त्रासदी के लिए दो लोग इरीगेशन डिपार्टमेंट के जिम्मेदार हैं। वे हैं एक एस०डी०ओ० और एक जे०ई०। अगर अच्छी तरह से इंक्वायरी की जाये तो इन दोनों के बारे सच्चाई सामने आ जायेगी।क्योंकि पिछले साल जब बाढ़ आई थी तब ये दोनों ही वहां मौजूद थे। पिछले साल फल्ड से जो मौतें हुईं वे उतनी नहीं हुई लेकिन इन दोनों ने मिलकर फर्जी बिल बनाकर इतना पैसा कमाया। इनमें से एक एस०डी०ओ० को तो बदल भी दिया गया था लेकिन वह फिर से फिरोजपूर झिरका में आ गया है और जे०ई० पहले ही वहां मौजूद है। पिछले साल से ये सीपेज वाटर मैनेजमेंट का काम कर रहे हैं और इस मैनेजमेंट को इरीगेशन डिपार्टमैंट ने अप्रुव नहीं किया है। इसके बावजूद भी फल्ड रिलीफ फण्ड में से पैसा निकाल कर पिछले साल इन दोनों आदमियों ने एक लाख या अस्सी हजार रुपये तक कमाये हैं और इस साल इनका ईरादा आठ लाख या दस लाख तक कमाने का था। वहां पर जब बारिश हो रही थी तो वहां दो चौकीदार छोड़ दिये और उनको कहा गया कि अगर ज्यादा पानी इक्ट्ठा हो जाये तो बांध के कुंडे खोल देना। ये 15 कुंडे थे जोकि खोलने थे और इन कुंडों पर जंग लगा हुआ था। जो दो आदमी वहां पर लगाये गये थे उनमें एक काना था और एक लंगड़ा था। यह हंसने की बात नहीं है, आपको हंसी आ रही है और मुझे रोना आ रहा है। कृपया मुझे यह बात पूरी कर लेने दीजिए। एस०डी०ओ० और जे०ई० ने उन चौकीदारों को कहा कि जब पानी बढ़ जाये तो ये कुड़े खोल देना परन्तु समय पर उन चौकीदारों से ये कुंडे खुले नहीं। क्योंकि जो असली किवाड़ थे वे बाजार में पहले ही बिक चुके थे और वहां पर जंग लगे किवाड़ लगे हुए थे। जब पानी बहुत बढ़ चुका था तो टीटावास ओर आसपास के पांच गांवों के लोग वहां पर आये और उन चौकीदारों को सारी बात बताई परन्तु चौकीदार कुछ नहीं कर सके। सात बजे जब पानी ऊपर से चलने लगा तो चौकीदार जो इरीगेशन डिपार्टमेंट के थे उनमें से एक ने कहा कि हम अपने आफिसरों को बताते हैं ताकि आगे कार्यवाही हो सके। उन्होंने फिरोजपुर झिरका वायरलैस पर कहा कि सारे कुंडे खोल दिये हैं क्योंकि पानी बहुत आ गया है। इस तरह किसी भी त्रासदी को कैजुयल एक्सप्लेन करके अगर आफिसर बच जायें तो उन्हें कौन रोक सकता है। बाढ़ के बारे में सरकार का फूलप्रुफ सिस्टम मैं मानता हूं। एक बहुत अच्छे इंजीनियर श्री पाठक हुआ करते थे, उनके समय में यह फूलप्रूफ सिस्टम बना था। अगर कामेडा बांध या अरावली बांध का दरवाजा खुला होता तो आज शायद मुझे या आपको यह तकलीफ नहीं देखनी पड़ती। अगर थोड़ी सी भी इस बारे में लापरवाही बरतने की बजाय अहतियात बरती होती तो यह वादविवाद न होता

कि संख्या 8 हजार की है, संख्या 900 की है या 1200 की है। चाहे कुछ भी है, लेकिन आज हम जो डिस्कस कर रहे हैं वह संख्या हजारों से कम तो नहीं है। मौत तो एक ही काफी होती है। आज हमारे सामने जो मसला है, वह यह है कि जो लोग मर गये, वे तो मर चुके लेकिन आज जो बीमार हैं, उनकी देखभाल तो की जानी चाहिये। पूरी मेहनत से इसके लिये कार्य किया जाए, यह एक बहुत बड़ी ट्रेज्डी है। (विघ्न) सरकार ने तो ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर किया है। सरकार कितनी भी मेहनत करे लेकिन इलाका वह बच सकता है जिसमें पहले कभी जान रही हो। आप जानते हैं आज वहां पर लोगों का ह्यूमोगलोबिन ३ आ रहा है। (विघ्न) वहां का जो एजूकेशन का सिस्टम है, अब उसके बारे में मैं बताना चाहता हूं। एक कॉलेज मेवात में है, उसके प्रॉस्पेक्टस में यह बात छपी हुई है कि एक डिपार्टमेंट में 4 पोस्टें हैं तो 3 खाली हैं।हर डिपार्टमेंट का यही हाल है। एक भी आदमी वहां नहीं है। अगर कोई बाहर से पढ़ लिखकर आ जाता है तो नौकरियों में भी मेवात के साथ नाइंसाफी होती है। यह कुछ आपने कर दिया और कुछ हमने कर दिया। आज वहां कोई मां-बाप नहीं बचा है और कोई रिश्तेदार नहीं बचा है। करण सिंह दलाल जी बैठे हैं, जिनके पास वन विभाग है। मजदूर इनके विभाग में रात-दिन मेहनत करते हैं लेकिन उनको 55 रु० दिहाड़ी देने की बजाय सिर्फ 35 रु० या 25 रु० ही दिए जाते हैं। इसकी इन्क्वायरी होनी चाहिए। जब कभी कोई इन्क्वायरी होती है तो भी कुछ नहीं होता। नंगल, मुबारिकपुर का केस इनके चीफ साहब को भेजा गया था लेकिन कुछ नहीं हुआ। (विघ्न) मैं बताना चाहता हूं कि उनके खिलाफ कुछ भी नहीं होता है और इस प्रक्रिया में मजदूर पिसते रहते हैं। हमारे यहां एजूकेशन नहीं है। होस्पीटल्ज में भी यही हाल है। मैं बहिन जी, जो स्वास्थ्य मंत्री हैं उनसे पूछना चाहता हूं कि 23 तारीख को मेवात की पी०एच०सीज० में कितना स्टॉफ तैनात था। उसके बाद 15 अगस्त को कितना था और आज कितना है। जिसे वहां पर लगाया जाता है, वह छोड़कर चला जाता है। अस्पताल खाली पड़े हैं। लोग बीमारी का ईलाज कहां से कराएंगे। प्राइवेट डाक्टरों से ईलाज कराएं तो वे बहुत ज्यादा राशि चार्ज करते हैं। आज एक-एक घर में 10-15 आदमी बीमार हैं। प्राईवेट ईलाज कराएं तो बिल हजारों में बनता है। 2-3 हजार से तो कम बनता ही नहीं है। उनके पास जो अनाज था, वह बाढ़ में बह गया और जो मवेशी थे उनका नामोनिशान ही नहीं मिला। आज वहां लोगों के पास खाने को अनाज नहीं, ईलाज के लिए दवाई नहीं और पहनने के लिए कपड़ा नहीं है। इस तरह से आज मेवात जिस प्रिमिटिव स्टेज पर है, इस बारे में इन्क्वायरी कराई जाए या कोई ऐसा सिस्टम बनाया जाए जिससे मेवात एरिया का भी भला हो सके। चौधरी भजन लाल जी का भी हम एहसान मानते हैं कि उन्होंने मेवात में वोट तो ले लिए लेकिन मेवात के लागों की हालत यह है कि यदि आज उनको काटो तो उनमें खून नहीं है। उनका जब होमोग्लोबिन लिया गया तो किसी में 3 ग्राम पाया, किसी में चार ग्राम पाया और किसी में पांच ग्राम पाया जबकि इन्सान में होमोग्लोबिन 13 ग्राम चाहिए। जब मैंने अपना होमोग्लोबिन चैक करवाया तो मेरा भी 11 ग्राम पाया गया जबकि होना चाहिए 13 ग्राम। दोनों साइड के कारनामों से मेरा खून जल गया इसलिए वह कम हो गया। मुझे मेवात बाघल गांव में जाने पर पता लगा कि उस गांव में बहुत ज्यादा मौतें हुई हैं। उस गांव में जाने के बाद यह पता लगा कि उस गांव के कुएं के पानी में भी गड़बड़ है और वाटर सप्लाई की पाईपों में भी गड़बड़ का पानी आ रहा है। इस बारे में मैंने मुख्य मंत्री चौधरी बंसी लाल जी को एप्रोच किया और कहा कि आप उस गांव के लिए पीने के पानी का कोई ईलाज करें। इन्होंने एक दिन अपनी तवज्जो उस गांव के खराब पीने के पानी की तरफ दी। चार दिन पहले मैं उस गांव में गया था, उस समय लोगों ने मुझे बताया कि उनके गांव में पानी का सुधार होने के बाद 25 फीसदी बीमारी कम हो गई । डॉक्टर चाहे कोई भी रिपोर्ट करें कि वह वाटर बोरन डिजिज नहीं है लेकिन उनका यह कहना गलत है। यह रिपोर्ट बनाई जाती है इसको मैं भी मानता हूं। Statics and reports

[श्री खुर्शीद अहमद]

are always treated as lies. The bigger the reports, the more the lies these are. यह बात दुनिया कहती आई है। हम यह चाहते हैं कि मेवात जैसे ईलाके का कोई ईलाज किया जाए लेकिन उसके उधर राजस्थान है जिस पर हमारा कोई कंट्रोल नहीं है कि वह कब कितना पानी आने दे। हम चाहते हैं कि पाठक साहब ने जो सिस्टम तैयार किया था उस सिस्टम को उन्हीं लाइन्ज पर चलाया जाए जैसा उन्होंने कहा था।

श्री बंसी लाल : हम उन्हीं को लगा देंगे।

श्री खुर्शीद अहमद : अब तो वे बेचारे बूढ़े हो गये हैं इसलिए वे नहीं लग सकेंगे।

श्री बंसी लाल : मिस्टर पाठक को हमने इरीगेशन डिपार्टमेंट में एडवाइजर लगा रखा है।

श्री खुर्शीद अहमद : अगर आपने उनको एडवाइजर लगा रखा है तो यह बहुत अच्छी बात है। हो सकता है उनको वहां पर लगाने से हमें कुछ रीलीफ मिल जाए। Because he is a man of integrity and vision.

श्री बंसी लाल : हम उसी को लगा देंगे।

श्री खुर्शीद अहमद : यदि आप उसी आदमी को वहां पर लगा देंगे तो हमें उम्मीद है कि अगले साल मेवात में ऐसी ट्रेजडी नहीं होगी। I am confident that he would be able to cope up with everything. क्योंकि यह सारा एडमिनिस्ट्रेटिव लैप्स का नतीजा है। अगर वह काम उनके जिम्मे होगा तो उन्होंने जो चैक बांध बनाये थे, वे उनको इरीगेशन बांधों में तबदील कर देंगे। वे अपनी स्कीम को समझते हैं। एक जो मोरियों का कंट्रोल है उसके बारे में यह सिस्टम इनकारपोरेट कर दिया जाए कि पहली जून के बाद मोरियों की इंस्पैक्शन हो और उन पर टैम्पोरेरी लेबर लगा कर देखा जाए कि 15 मोरियां कितने मिनट में खोली जाती हैं। and this muxt be a regular weekly drill. चार पांच चौकीदारों को आप वहां पर छोड़ें। चैक बांध, कोटला बांध और ऊजीना डाईवर्शन ड्रेन पर जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर और अक्तूबर के महीनों तक टैम्पोरेरी लेबर लगाई जाए जो वहां पर 24 घंटे तैनात रहे। इन जगहों को वायरलैस सिस्टम से कनैक्ट कर दिया जाए ताकि आगे पता हो कि पीछे से कितना पानी रीलीज हुआ है और अगले गेट वाले को कितना पानी खोलना है। इस तरह कोई सिस्टम इनकारपोरेट कर दिया जाए कि nobody should be able to ignore it. Very very senior officer or a team of officers should be detailed to check it these months.

मेवात में कोई ऐसी बात नहीं है कि ह्यूमन एफर्टस से यह एवर्ट नहीं हो सकता। ऐसी बात नहीं है, ऐसा हुआ है। वहां पर पहले भी बाढ़ का पानी आया है, उसमें यह कंसिड्रेशन रही है कि उस समय वहां पर औफिसर्ज अलर्ट रहे हैं इसलिए वहां पर ऐसी सिचुएशन नहीं हुई । अगर औफिसर्ज की नीयत में ही कोई गड़बड़ हो तो उसका कोई ईलाज नहीं है। उस सारे फ्लड के लिए मैं दो आदमियों को ओथर मानता हूं। One was the Oversear of the Irrigation Department and the another was the S.D.O. (Civil) Ferozepur Jhirka in charge of that area, who created havoc in Mewat. They are the auththors of this misery. If I had the power, I would have thought that, they should be tried for deaths of all these persons. They should have been be hanged on the pole which is nearest to us. मेवात में उन क्रप्ट ओफिसर्ज ने ही अपना गेम बनाया हुआ है। ये लोग वहीं से निकल कर जाते हैं, वहीं से पिट कर जाते हैं और वहीं

से गिरफ्तार हो कर जाते हैं और फिर वहीं पर वापिस आ जाते हैं। आपको याद होगा कि मेवात में एक नायब तहसीलदार था जिसको क्रश्शन के मामले में पिछले ही साल हथकड़ी लगी थी। उसको पुलिस ने गिरफ्तार करके कच्छे बनियान में गुड़गांव जेल तक पहुंचाया था। उसके बाद अध्यक्ष महोदय, वह वहां से बदल कर रिवाड़ी चला गया लेकिन अब फिर वह वापिस आ कर नूंह में बैठ गया है जहां पर उसे रिश्वत का पैसा लिया था इन लोगों ने मेवात को क्रश्शन का अड्डा बनाया हुआ है। मेवात को हरेक ने लूटा है। वहां पर कोई घटना हो जाए तो उसकी कोई तफतीश नहीं होती। वहां पर एक डाका पड़ा था। लोगों ने एक छः फुट का डाकू पकड़ा था और पुलिस के हवाले कर दिया था लेकिन पुलिस ने आज तक किसी दूसरे डाकू को नहीं पकड़ा जबकि उनका 25 आदमियों का गिरोह था। हकीकत यह है कि यदि किसी ने डाका डाला हो और सबूत के लिए माचिस की तीली भी रह जाए तो उसको पकड़ा जा सकता है लेकिन इस केस में एक डाकू पकड़े जाने के बाद भी दूसरे डाकू नहीं पकड़े गये। इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है। आज वहां पर लोगों को इन्साफ नहीं मिलता। यह भी एक फैक्ट है कि वहां पर लोग गोली खाने से मरे हैं। पता चला है कि 5-10 गोलियां लोगों को एक साथ दी गई हैं जिनको वे बर्दाश्त नहीं कर पाये । क्योंकि ये गोलियां गर्म अधिक होती हैं और उसके लिए उतना दूध नहीं मिला जितना चाहिए था। (विघ्न) यह ठीक है कि वहां पर दूध, आटा, घी और चावल आदि सामान भेजा गया है। लेकिन मैडम मैं आपसे जानना चाहूंगा कि एक जच्चा को 3 किलो घी में क्या मदद दी जा सकती है और जो चावल दूध आदि भेजा गया है उससे आप कितना हीमोग्लोबिन बढ़ा सकते हैं, आप तो डाक्टर हैं। वहां पर बहुत बड़ी ट्रेजडी हुई है। जब वहां से चुनाव लड़े थे, चौधरी भजन लाल ने भी कहा था कि मैं यहां पर अंगूरों के बाग लगवा दूंगा और इतने बड़े बड़े अंगूर आप लोग खाएंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि कितने लम्बे अंगूर आपने वहां पर लोगों को दिए हैं। आपने वहां पर जो देन दी है उससे आपको नादिरशाह की तरह आपको याद किया जाएगा बल्कि मैं तो यह कहूंगा कि आप तो नादिरशाह से भी आगे बढ़े गए। आपने वहां पर जो किया उसका सारा हिसाब होगा। आपने वहां पर मंदिर-मस्जिद तोड़े। (विघ्न) आपको तो तब सजा मिलेगी जब मुझे आप फांसी पर लटका चुके होंगे, उससे पहले तो आपको कुछ नहीं होगा। (शोर) आपने भजन लाल जी यहां पर क्या किया। यह मेवात के लोगों की ही बददुआ है कि जहां आप पहले 63 आदमी इधर लेकर बैठे थे, अब केवल 9 लेकर उधर बैठे हैं।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो कहा वह ठीक नहीं कहा। ये मेरे साथ मंत्री भी रहे हैं। मैं बताना चाहूंगा कि यदि मेवात एरिया की किसी ने सबसे पहले सुध ली है तो वह भजन लाल ने ली है। मैंने ही वहां पर मेवात डिवैल्पमेंट बोर्ड बनाया। वहां पर स्कूल, कालेज, इन्जीनियरिंग कालेज, आई०टी०आईज० और न जाने कितने इन्स्टीच्यूशंज खोले गये। ये सब मैंने ही वहां पर खोले हैं। इनको याद होगा कि जब मैंने वहां से चुनाव लड़ा था तो ये मुझ से 1 लाख 52 हजार वोटों से हारे थे।

**श्री खुर्शीद अहमद :** आज अगर कोई यह कहे कि मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड बनाया गया है तो मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आज तक किसी पब्लिक के नुमायन्दे को उस बोर्ड में नौमिनेट करके उसकी मीटिंग में बुलाया गया है। मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड बना कर उसे गुड़गांव में बैठा दिया गया। उसको नूंह में या दूसरी जगह पर क्यों नहीं बैठाया गया। मेवात डिवैल्पमैंट के नाम से पैसा आता है। मैं पूछना चाहता हूं कि वहां पर जो मेवात के नाम से बोर्ड बनाया गया है और उसमें जो संस्थान खोले हैं, उनमें कितने मेवों के बच्चे हैं। कितने मेवों के लिए कम्यूनिटी हाल बनाए हैं? मेव काम्यूनिटी का कितना स्टाफ हर स्कूल में है, मेव काम्यूनिटी के कितने चौकीदार हैं। अगर उनके पास ज्यादा क्वालिफिकेशन नहीं है तो वे चौकीदार तो बन सकते हैं। चौकीदार के लिये भी लोग बाहर से एक्सपोर्ट करके लाए जाते हैं,

[श्री खुर्शीद अहमद]

उनको जॉब देने की कोई जरूरत नहीं समझी जाती है। यह तमाम ट्रेजडी इकट्ठी हो कर के कहर बन गई। कुछ तो ऊपर से कुदरत का कहर बरपा हुआ है और कुछ नीचे क्रप्ट ऑफिसर्ज ने गड़बड़ की। इस प्रकार दोनों ने मिल कर उनको मारा है। वे लोग गरीब तो थे ही उनके पास कुछ खाने को नहीं था इसलिये यह उनके लिये एक ट्रेजडी बन गयी । इस ट्रेजडी को अगर हम हाउस में आपके सामने न कहें तो ठीक नहीं है। कोई सरकार अगर यह कहे कि एक दिन में यह बात हो गई तो वह ठीक बात नहीं है, एक दिन में यह बात नहीं हुई है। मेवात की कमजोरी से ही मेवों को खत्म करने का सिलसिला बना आ रहा है। स्पीकर साहब, जिन गांवों में आज भी पानी खड़ा है वहां से सरकार पानी निकालने की कोशिश कर रही है लेकिन आज भी गावों में पानी खड़ा है जिसे जल्दी से जल्दी निकाला जाना चाहिए। जैमल गांव का चौटाला साहब ने भी जिक्र किया । बढ़ेर, फिरोजपुर झिरका हल्के के दूसरे गांव हैं जहां आज भी पानी खड़ा है। कुछ गांव राजस्थान बौर्डर से लगने वाले भी हैं जहां पानी खड़ा है। इसके साथ ही जमाल पुर गांव में पानी खड़ा हैं, नूंह के पास कनैनी में पानी खड़ा है, अटबर, निजाम पुर नूंह में, गन्दूड़ी में, हसनपुर आदि गांव में पानी खड़ा है जिसे निकाला जा सकता है। वहां से पानी निकालने का काम चल रहा है लेकिन और एफर्टस करनी पड़ेंगी ताकि वक्त पर वहां से पानी निकल सके और फसल बोने के लिये लोगों को जमीन मिल जाये। स्पीकर सर, अगर बोने के लायक जमीन लेट भी मिले तो मैं आपसे दरख्वासत करूंगा कि सरकार को आप बताइये कि ऐसे साईंटिस्ट्स जो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से हों या कहीं और से हों, ऐसी फसल रिकमैंड करें जिससे कि लोगों को सोईंग करके अपने गुजारे लायक कुछ मिल जाये ताकि लोग कुछ सम्भल जाएं और अपने कदमों पर खड़े होने के लिए तैयार रहें। इससे वह सारा इलाका बच सकता है। सरकार जब सहायता के आंकड़े रखेगी तो वे आंकड़े तो बहुत ज्यादा लगेंगे लेकिन बड़ी पापुलेशन में जब सहायता तकसीम होगी तो लोगों को बहुत कम हिस्सा मिल पाएगा। मिल्क पाउडर दो दिन का होगा, आटा दो दिन का होगा और दूसरी दवाइयां जो होंगी वे एक बीमार के लिए दो वक्त की और दो बीमारों के लिए एक वक्त की होंगी। यह बीमारी तभी दूर हो सकेगी जब मेवात की सही इक्नोमिक डिवैल्पमैंट हो जाएगी। यह ट्रेजडी उस वक्त खत्म होगी जब उनका अपना म्यार ऊँचा उठेगा। जो आंकड़े हैं उनके बारे में मैंने खुद देखा हैं, न कोई किताब है न कोई चौकीदार का रिकार्ड। वह चौकीदार क्या आंकड़े रखेगा जिसकी खुद की मौत हो गई। भादस के चौकीदार का जवान बेटा मर गया। आज उन लोगों को मदद की जरूरत है। यह बात सही है कि कमेटी के गठन के बाद उन लोगों को मदद की जरूरत है। यह बात सही है कि कमेटी के गठन के बाद उन लोगों की ट्रेजडी का सही-सही विश्लेषण होगा और वे कारण दूर हो सकेंगे जिनकी वजह से मेवों का होमोग्लोबिन कम हुआ। इसमें सारी चीजें आ जाएंगी कि मेवात को सारे हिन्दुस्तान की सारी इकोनोमी का कितना शेयर मिल रहा है। बेसिक और ब्रॉड बेसिड अख्तियार इस कमेटी को दिए जाएं जोकि सारे आस्पैक्ट्स को देखे ताकि सही तस्वीर सामने आए। पहले जो लण्डवा नाला कहलाता था, जहां तक जरूरत है उसकी खुदवाई करवाई जाए। इस नाले को हमारे गांव मरोड़ा तक खुदवाया जाए। एक चैनल है जो बनारसी से संगेल तक है इसको संगेल में कोटला ड्रेन से मिला दिया जाए ताकि पानी खेतों में न फैले। आज अगर पानी चलता है तो जिस किसान के खेत से पानी चलता है तो वह किसान उस पानी को रोकता है। उस ड्रेन को कोटला ड्रेन से मिला दिया जाए ताकि बाद में भी अगर पानी निकले तो किनारे के खेत वाले को ऑब्जैक्शन न हो। जहां-जहां ड्रेनेज की कमी है उसको देखा जाए, ठीक तौर पर हर ड्रेन की सफाई हो। उजीना डाईवर्शन ड्रेन की कैपेसिटी बढ़ाई जाए। उजीना डाईवर्शन ड्रेन अगर न होती तो यह ट्रेजडी और भी ज्यादा होती, शायद वहां पर कोई निशान भी न रहता और सिर्फ मैदान ही रह जाता। इस चीजों की तरफ ध्यान दिया

जाए। कम्प्रिहेन्सिव जुरिस्डिक्शन रखने वाली कमेटी अगर कायम की जाए तो मैं समझता हूं कि मेवात के लिये जो ज़हमत इस साल हुई है अगले साल अगर हुकूमत की नीयत ठीक हो तो ईंशाअल्लाह यह रहमत में तबदील हो सकती है। इन शब्दों के साथ मैं आपसे इजाज़त चाहता हूं और मुझे बोलने के लिए समय देने के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

**श्री धर्मबीर गाबा (गुड़गांव) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं समझता हूं कि जितनी भी यहां पर डिस्कशन होती है उसका मतलब यही है कि ये जो मृत्यु हुई हैं या जो ट्रेजडी हुई हैं ये क्यों हुई है और आईन्दा से इस प्रकार की कोई घटना न हो इसीलिए हम सब यहां पर सिर से सिर जोड़कर बैठते हैं। यह बड़े अफसोस की बात है कि ट्रेजडी की बात को भी हम सीरियसली नहीं लेते हैं। आज अगर यह कहा जाए कि ट्रेजडी नहीं हुई है तो गलत बात है। आन्ध्र प्रदेश में ट्रैजडी हुई है वहां पर एक बावेला खड़ा हो गया कि हमारे 12 सौ मछुआरे गायब हो गये हैं। वहां पर हैलीकाप्टर मछुआरों को ढूंढ रहे हैं, सरकार मदद कर रही है, अमरीकन गवर्नमैंट भी मदद कर रही है। यही हाल हरियाणा में हुआ और ये कहते कि हमारे साथ ट्रैजडी हुई है। हमारे साथ ज्यादती हुई चाहे हमारी गलती हुई है या भगवान की मेहरबानी से हुई है, इसको कैसे मिनिमाईज किया जाए इस पर सोचते तो शायद हमें कोई इमदाद मिल पाती और हम लोगों का कुछ दुःख दूर कर पाते। लेकिन हमने तो उस दुःख को छिपाने की कोशिश की। अध्यक्ष महोदय, एक नवम्बर को टाईम्ज आफ इण्डिया में खबर आई कि गुड़गांव में टोटल डैथ 41 हुई हैं और फरीदाबाद में 35 हुई हैं। यह ब्यान इनका अखबार में आया। एक नवम्बर को एक और ब्यान जीन्द से आया कि हमें 1136 के करीब की रिपोर्ट आई है लेकिन डैथ 41 हुई हैं। फरीदाबाद में 1059 की रिपोर्ट आई है लेकिन डैथ 35 हुई हैं। **(इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए।)** उपाध्यक्ष महोदय, आपको पता है कि एडिटोरियल में कब लिखा जाता है। जब बहुत ही सीरियस मामला हो गया तो ट्रिब्यून वालों ने एडिटोरियल में निकाला। उन्होंने लिखा कि हमारे पास मीडिया की खबर है कि वहां पर पांच हजार डैथस हो गई हैं। लेकिन इनके मंत्री वहां पर कोई रीलिफ देने या चिन्ता व्यक्त करने की बजाए, वहां पर कलचरल प्रोग्राम देखकर वापिस आ जाएं तो यह बहुत ही शर्म की बात है। वहां पर कोई मैडिकल टीम भेजी जाती और मैडिकल रिलीफ दिया जाता तो कुछ अच्छी बात होती लेकिन हैल्थ मिनिस्टर साहिबा ने वहां पर ऐसा कुछ नहीं किया वहां पर कोई कैम्प लगाया जाता ताकि वहां पर लोगों को कोई राहत मिलती। लेकिन आज ऐसा है कि अगर किसी को कोई ऐरिया पसंद नहीं है तो उसको कहीं और जगह पर डैपुटेशन पर भेज दिया जाता है। यहां पर इस तरह के हालात हैं। * * * * * * (शोर एवं व्यवधान)

**श्री राम विलास शर्मा :** गाबा साहब, आप ऐसी बात मत करिए, यह अच्छी बात नहीं है। अभी सैन्टर के मिनिस्टर सी०एम० इब्राहीम ने कहा है कि दादरी में मुसलमानों के लिए जो वहां पर मरे हैं जो कुछ बी०जे०पी० ने किया वह बहुत ही प्रंशसनीय है।

**श्री धर्मवीर गाबा :** शर्मा जी, मैंने अपनी तरफ से कुछ नहीं कहा है। मैं जो कुछ भी कह रहा हूं वह सब अखबार में छपा है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री रामबिलास शर्मा :** आपकी वेदना सही है। आप बड़े ही गंभीर होकर बोल रहे हैं परन्तु जब आपने ट्रिब्यून की इस बात को उद्धत किया, यह ठीक नहीं है क्योंकि जितनी डा० कमला वर्मा वहां घूमी हैं उतना कोई नहीं घूम सकता।

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

**श्री धर्मवीर गाबा :** मैं तो खुद कह रहा हूं कि मैंने यह एग्री नहीं किया है बल्कि मैंने तो यह कहा है कि यह बात ट्रिब्यून अखबार में छपी है। (विघ्न)

**श्री जसवन्त सिंह नारनौंद :** डिप्टी स्पीकर सर, गाबा साहब ने एक बहुत ही गलत बात कही है। इन्होंने कहा है कि इंगलिश ट्रिब्यून में खबर छपी है। डिप्टी स्पीकर सर, ट्रिब्यून में यह खबर छपी है कि अपोजीशन पार्टीज इस बात का सवाल उठाएंगी कि मेवात में मरने वाले लोग मुसलमान हैं और हमारी हैल्थ मिनिस्टर बी०जे०पी० की हैं तो वे इस बात का आक्षेप करेंगे। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर सर, शुरू में गाबा साहब ने अपनी बात बिल्कुल ठीक शुरू की थी लेकिन बाद में ये अपनी बात गलत कह गए जो कि ठीक नहीं है। आप चाहें तो वह इंगलिश ट्रिब्यून यहां मंगवाकर देख सकते हैं। ट्रिब्यून ने आक्षेप अपोजीशन पर किया है।

**श्री उपाध्यक्ष :** गाबा साहब, आपको ऐसे शब्द इस्तेमाल नहीं करने चाहिएं। (विघ्न)

**श्री मनीराम गोदारा :** गाबा साहब, आप हमारी बात सुनिए।(विघ्न)

**श्री जसवन्त सिंह नारनौंद :** डिप्टी स्पीकर सर, आप उस ट्रिब्यून की कापी यहां मंगा कर देख लें।

**श्री उपाध्यक्ष :** जो इन्होंने अखबार वाली बात कही है वह सदन की कार्यवाही में शामिल न की जाए।

**श्री धर्मवीर गाबा :** मैंने यह नहीं कहा है कि मैं इस बात से ऐग्री करता हूं।

**Shri Mani Ram Godara :** Mr. Deputy Speaker, Sir, we are more secular than these congress people, who are raising such matters here. This is not the proper time. The B.J.P. is more secular than these congress people. They are more communal than B.J.P.

**श्री राम बिलास शर्मा :** डिप्टी स्पीकर सर, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। सर, चौधरी धर्मवीर गाबा बहुत ही सम्मानित मंत्री रहे हैं और तीसरी बार इस सदन में आए है। जिस ट्रिब्यून अखबार की ये चर्चा कर रहे हैं वह ट्रिब्यून अखबार बहुत ही जिम्मेदारी से लिखता है। लेकिन गाबा साहब की आंख ने वही पढ़ा जो कि ट्रिब्यून अखबार के नामानिगार साथी ने बहुत पहले खदशा जाहिर किया था कि विपक्ष के लोग जो अनगर्ल बातें कहेंगे तो वे यह बात भी कह सकते हैं। धर्मबीर जैसे आदमी के द्वारा उसी सेंटेंस को उद्धृत करना ठीक बात नहीं है। आज से तीन दिन पहले इंगलिश ट्रिब्यून में एक एडीटोरियल छपा था कि सी०एस०इब्राहीम जामा मस्जिद के नायब इमाम और एक बुजुर्ग मुसलमान भाई ने आर०एस०एस० और विश्व हिन्दू परिषद की चरखी दादरी में काम करने के लिए तारीफ की है। जी०टी०वी० का वक्तव्य दूरदर्शन पर भी दिखाया गया कि एक बुजुर्ग मुसलमान भाई रो रहा था। जब उससे पूछा कि वह क्यों रो रहा है क्या तेरा अपना आदमी नहीं मिला तो वह कहने लगा कि मैं इसलिए नहीं रो रहा हूं कि मेरा आदमी नहीं मिला बल्कि में इसलिए रो रहा हूं कि जिनको हम जिन्दगी भर गाली देते रहे हैं आज उन्हीं लोगों का चरखी दादरी में व्यवहार देखकर मैं पश्चाताप के आंसू बहा रहा हूं। गाबा साहब ने ट्रिब्यून का वह आडीटोरियम उद्धृत किया, यह ठीक नहीं है। सर, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि आज का जो भी दैनिक ट्रिब्यून हिन्दी है वह आप पढ़ें। उसमें सतपाल सैनी ने फ्रंट पेज पर जो न्यूज निकाली है, उसे आप पढ़ें। आप चर्चा करें। क्योंकि आप विपक्ष में हैं, आप हमारी कमियों की चर्चा करें परन्तु अखबार को उसमें शामिल न करें।

**श्री धर्मबीर गाबा :** शर्मा जी, ऊंचा बोलने से झूठ सच नहीं हो जाता। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री भजन लाल :** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा इतना ही कहना है कि आप इस टौपिक को यहीं पर बंद कराइए।

**श्री जसवंत सिंह नारनौंद :** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। गाबा साहब, कहते हैं कि चेयर की बात मानें लेकिन ये स्वयं नहीं मान रहे हैं। मैं बहुत साधारण बात कहता हूं। आज के अंग्रेजी के ट्रिब्यून में जो छपा है उसमें बात ठीक और गलत की है लेकिन बात-बात में जिस तरह से इन्होंने दो दफा हमारी पार्टी पर आक्षेप किया फिर ये कहते हैं कि हम चर्चा करें और समाधान निकालें। आज के अंग्रेजी ट्रिब्यून में क्या छपा है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री मनी राम गोदारा :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि खुद गाबा साहब ने माना है कि यह मैंने पढ़ा है और आज ये भी मानते हैं कि यह गलत हो सकता है। मैं कहूंगा कि उनकी इस सारी स्पीच को कार्यवाही से निकाल दीजिये।

**Shri Birender Singh :** This is not unparliamentary, whatever he has said. He has quoted the lines of a newspaper. That may be misquoted but that does not mean that he has spoken something which is unparliamentary. That portion cannot be removed. किसी आदरणीय मैम्बर के विचार किसी विशेष विचारधारा के खिलाफ हो सकते हैं और वह कोई अनपार्लियामैंट्री बात नहीं है। इस देश में ऐसी विचारधारा की और पार्टीज भी हैं जो महात्मा गांधी को गालियां देती हैं and that is on the record of the Assembly.

**श्री जसवंत सिंह नारनौंद :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि आज के अंग्रेजी ट्रिब्यून में लिखा है कि विरोधी पार्टियां इस बात को उठाएंगी कि वहां मुसलमान मरे हैं और हमारी हैल्थ मिनिस्टर बी०जे०पी० की हैं। यह इनके ऊपर बात है कि इनको ट्रिब्यून अखबार ने ऐसा समझा।

**श्री उपाध्यक्ष :** मेरी रिक्वैस्ट है कि इस टौपिक को अब यहीं बंद कर दें तो अच्छा रहेगा।

**श्री धर्मबीर गाबा :** अध्यक्ष महोदय, वहां पर मैडिकल कैम्प आर्गेनाइज़ करें और डाक्टर वहां भेजें। वहां पर जो बीमारी है उसके ईलाज के लिए दवाई वगैरह भेजें। हमें यह देखना चाहिए कि इस बीमारी को हम किस तरीके से दूर कर सकते हैं और वहां जो लोग बीमार हैं उनको किस तरह से बचा सकते हैं। भविष्य में ऐसी बीमारी न हो इसके लिए हमें कदम उठाने चाहिएं। जैसा कि सुझाव दिया गया है कि एक कमेटी बना दीजिये जो इस मामले की छानबीन करे और ऐसी गलती आगे न हो।

**श्री हर्ष कुमार (हथीन) :** उपाध्यक्ष महोदय, जिस मेवात में बाढ़ के प्रकोप के बारे में बात चल रही है और उसमें जो मौते हुई हैं उनका दुख हमें भी है। लेकिन जिस रूप में इस बात को राजनीतिक रूप दिया जा रहा है उसके बारे में मैं सदन को वास्तविकता बताना चाहता हूं। यह जो मेवात की समस्या है यह आज की समस्या नहीं है बल्कि पंजाब के टाईम में भी मेवात क्षेत्र की ओर किसी ने गौर नहीं किया। मेवात के साथ हर सरकार ने हर मौके पर कुछ न कुछ अन्याय जरूर किया है। यह तो प्राकृतिक प्रकोप है, इस पर तो किसी का जोर नहीं चल सकता, यह तो कभी भी हो सकता है। चौधरी भजनलाल और चौधरी ओम प्रकाश आज से चार दिन पहले इस डेंगू के बहाने मेवात गये थे। एक ने हथीन का रूट लिया और दूसरे ने औटावा का और दोनों जाकर फिरोजपुर झिरका में इकट्ठे हो गये। इन्होंने इसमें लेना-देना तो कुछ नहीं था वास्तविक बात तो यह है कि जो बच्चे मरे औरतें मरीं और बूढ़े मरे उनका

[श्री हर्ष कुमार]

रिकार्ड तो आपके पास भी होगा। जहां तक औरतों और बच्चों का सवाल है, वहां डाक्टरों की टीम गई, मरीजों को देखा, दवा-दारू भी की लेकिन जो मौतें हुई हैं वे अनपढ़ता और अज्ञानता के कारण हुई हैं जोकि पिछली सरकारों की देन है।अब जो औरतों की मौतें हुई हैं वे उतनी नहीं हुई जितनी भजन लाल

18.00 बजे जी की सरकार में दिसम्बर 1992 में बलात्कार से हुई थीं। (शोर एवं व्यवधान) मैं वास्तविकता बता रहा हूं। (शोर एवं व्यवधान) उस समय मेवात में न मन्दिर का झगड़ा था और न मस्जिद का झगड़ा था परन्तु बलात्कार हुये और औरतों की मौतें हुई। मेवात आज सरकार द्वारा की गई कार्यवाही से सैटिसफाइड है। (व्यवधान) इधर का एक भी मंत्री नहीं है लेकिन वहां की जनता आज भी सरकार के कार्यों से संतुष्ट है। पहले हर सरकार ने या उसके मंत्री ने इस क्षेत्र के लिए क्या किया, सिर्फ अनपढ़ता व अज्ञानता पैदा की। भजन लाल जी ने मेवात मॉडल स्कूल खोला, उसमें 90 प्रतिशत अध्यापक यू०पी०से हैं। उन्हीं के बच्चे वहां पढ़ते हैं तथा वे नौकरी करते हैं। मेवात गांव का तो कोई बच्चा इस स्कूल में नहीं पढ़ता है। मैं कहना चाहता हूं कि ठीक है ट्रेजडी हुई है जिसमें काफी संख्या में आदमी मरे हैं। पिछले दिनों श्री ओम प्रकाश चौटाला जी कोट गांव में गए थे। वहां एक होटल है, वहां पर उन्होंने हारून नाम के व्यक्ति से बातचीत की कि सरकार ने क्या किया। गांव वालों ने कहा कि सरकार का काम ठीक है। डाक्टर्ज गांवों में गए हैं, दवाईयां भी ठीक बंट रही हैं, चावल वगैरह भी बांटे जा रहे हैं। वहां पर दो मिनट ठहरने के बाद उन्होंने कहा कि यह सब हमारी बदौलत हो रहा है। क्या यह ठीक है कि आज जो कुछ मेवात में हुआ, वह सबकुछ आप ही की बदौलत हुआ। जब भलाई का जिम्मा आप ले लेते हैं तो क्यों न बुराई का भी आपको जिम्मा दिया जाए ? दूसरे, जो आपने आंकड़े दिए, वे चौटाला साहब के पास भी हैं, भजनलाल जी के पास भी हैं। मैं भी मानता हूं कि कमेटी बनाई जाए, पूरा विश्लेषण, इस सदन के सामने सारा रिकार्ड रखकर किया जाए तथा मिलान कर लिया जाए, असलियत सामने आ जाएगी। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार जो कुछ कर रही है, वह ठीक ही कर रही है। ऐसी बात नहीं है। हां, इन्होंने तो वहां पर कुछ किया ही नहीं है। कार्य तो सरकार ही कर रही है। आपने क्या किया, सिर्फ हथीन से नूंह की तरफ चले गए, एक फिरोजपुर झिरका की तरफ चला गया। इन्होंने वहां से रिकार्ड लाकर के दे दिया। इसके अलावा मरने वालों की संख्या ब्लाक वाइज मेरे पास भी होगी। इसका मिलान कर लीजिए। इसमें 60 प्रतिशत मृत्यु तो एक साल से कम उम्र के बच्चों की हुई है। उसके बाद 25 प्रतिशत इसमें औरतें हैं जिनकी डैथ जच्चा होने के समय भी हो सकती है और वैसे भी हो सकती है।25 प्रतिशत इसमें वृद्धों की संख्या है। यह आप देख लीजिये, कमेटी बना लीजिये या कुछ भी कर लीजिये। (विघ्न) आपने हथीन ब्लाक के अंदर एक हजार व्यक्तियों की मौतें बताई हैं। (शोर) जबकि हथीन में 320 मौतें हुई हैं। इस ट्रेजडी के साथ भी आप जैसे लोग राजनीतिक खिलवाड़ कर रहे हैं। आप लोगों का क्या भला होगा।

**श्री धर्मवीर यादव (सात्हावास)** : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं हाऊस को बताना चाहता हूं कि जिस मुद्दे पर इस सदन में चर्चा हो रही है उसका मुख्य कारण उस क्षेत्र की लंडोया नदी है जिसकी वजह से उस क्षेत्र में बाढ़ आती है। इस के बारे में 1977-78 में जिस समय श्री खुर्शीद अहमद भी वजीर होते थे, एक स्कीम बनाई गई थी, जिस पर आज तक कोई गौर नहीं की गई। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि जब तक इस लंडोया नदी की समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक इस क्षेत्र में कोई प्रगति का कार्य नहीं हो सकता है। जहां तक मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड की बात है, अधिकतर इस बोर्ड ने भी इस क्षेत्र के लिए कोई कार्य नहीं किया। यह गुड़गांव के अंदर स्थित है। मैं बताना चाहता हूं कि जो कुछ भी कार्य

होता है वह फाईल के अंदर ही होता है। वास्तविक रूप से गुड़गांव या ताऊड़ू के एरिया में ही कुछ काम किया गया है। पढ़ाई के नाम पर और माल-न्यूट्रिशन के नाम पर मुख्य रूप से कोई काम नहीं किया गया है।

**डॉ० वीरेन्द्र पाल अहलावत (बेरी)** : डिप्टी साहब, यह सर्वविदित है कि मेवात क्षेत्र में हजारों की संख्या में मौते हुई हैं और वे सारी मौतें सरकार की लापरवाही की वजह से हुई हैं यह भी सर्वविदित है। इस बात को सारे सत्ता पक्ष के लोग मानते हैं कि मौतों की जो फिग्गर अपोजिशन द्वारा दी जा रही है वह फिग्गर लगभग ठीक है वरना इस बारे में इन्कवायरी करवाने के लिये कमेटी गठित करने के बारे में सत्ता पक्ष की तरफ से भी बात आ चुकी होती। एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आज जो लोग जिस बीमारी के कारण बीमार हैं उसको रोकने के लिए सरकार जल्दी से जल्दी कदम उठाए। मैं सरकार का ध्यान मेरे हलके बेरी की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। बेरी हलके में 6 या 7 गांव ऐसे हैं जिनमें उस बीमारी के इक्का दुक्का केस नोटिस में आए हैं। आज भी उन गांवों के खेतों में बाढ़ का पानी खड़ा है। मैं कहना चाहता हूं कि उन गावों में यह बीमारी न फैले इसलिये वहां पर जो बाढ़ का पानी खड़ा है उसको यह सरकार जल्दी से जल्दी निकलवाए। वहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उचित ध्यान देने की जरूरत है। (धन्यवाद)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला (नरवाना)** : उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा विधान सभा के सदन में आने का मेरा यह दूसरा सत्र है। सदन के बाहर भी सरकार से एक बात की उम्मीद होती है कि सरकार लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिम्ब है। सरकार लोगों के मन की जो टीस है, लोगों के मन में जो दुख है उसको पूर्ण रूप से समझ पाए। यही एक प्रजातान्त्रिक सरकार की सबसे बड़ी चिन्ता होती है। मुझे बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि आज जिस प्रकार से सरकार के मंत्रियों द्वारा और भाजपा, हविपा के मैम्बरों द्वारा डेंगू और मलेरिया के कारण मेवात और हरियाणा के दूसरे ईलाकों में जो मौतें हुई हैं, उस पर जो डिस्कशन है वह एक मजाक के तौर पर ली गई है। इससे वाकई में मेरे मन में और मेरे दल के मन में एक संशय उठता है कि क्या सरकार वाकई में मेवात क्षेत्र के लोगों की तकलीफों को समझती है। वहां पर जो लोग मरे हैं उनके परिवारों को कोई सुविधा देने के लिए या उनको कोई अनुदान राशि देने के लिये यह सरकार चिन्तित है या नहीं ? आप आंकड़ों की बात छोड़ दें। प्रेस में यह लिखा गया कि वहां पर पांच हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। जो कांग्रेस पार्टी द्वारा सर्वेक्षण करवाया गया उसमें वहां पर 7800 मौतें हुई हैं। अपोजिशन लीडर चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जो सर्वेक्षण किया गया है वह उनके पास है । चौधरी खुर्शीद अहमद जी ने जो बात कही है कि जिन परिवारों के आदमी मरे हैं, जिनके बच्चे मरे हैं, जिनकी औरतें मरी हैं सरकार को उनके आंसू पौंछने चाहिएं। डिप्टी स्पीकर साहब मैं आपके द्वारा सदन के नेता से अनुरोध करना चाहूंगा कि सरकार को एक कमेटी गठित करनी चाहिए जिसमें मेवात क्षेत्र के जो विधायक हैं वे मैम्बर हों। पूरे हरियाणा प्रदेश के बारे में जांच करने के लिए एक ब्रॉड बेस्ड कमेटी बनाई जाए जिसमें सभी दलों के विधायक मैम्बर हों जो मौके पर जा कर इस बात की जांच करें कि वहां पर कितनी मौतें हुईं, उनका क्या कारण था। इसका पता लगाते हुए जिस प्रकार से आन्ध्र प्रदेश में तूफान में मरने वालों के परिवारों को वहां की सरकार ने एक-एक लाख रुपये अनुदान की राशि दी है, उसी तरह से हरियाणा सरकार भी डेंगू बुखार से मरने वालों के परिवारों के आंसू पौंछने के लिए, संवेदना के तौर पर या उनकी सहायता के लिए दे। मैं आपके माध्यम से सदन के नेता से यह मांग करना चाहता हूं कि हरेक परिवार को, जिसका आदमी मरा है, उसको आईडेंटीफाई करके उनको एक एक लाख रुपये की राशि सहायता के तौर पर दी जाये।

[श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला]

इसी प्रकार से उपाध्यक्ष महोदय, मेरा सरकार से अनुरोध है कि एक टाईम बाउंड प्रोग्राम बनाया जाये और जिन-जिन गांवों में पानी खड़ा है उन गांवों का पानी निकालने के लिए इस प्रोग्राम के तहत उनका पानी निकाला जाये। पीछे बारिश की वजह से हरियाणा प्रदेश में 50 हजार के करीब मवेशी मरे हैं और विशेषकर मेवात के क्षेत्र में अधिक मरे हैं। इसलिये जिन लोगों के पशु मरे हैं उनकी भी सहायता सरकार को करनी चाहिए और उनके लिए भी अनुदान की राशि दी जाये। इसके साथ ही मेरी सरकार से यह भी प्रार्थना है कि लोगों ने जो शार्ट टर्म लोन लिया हुआ है उसको रोक दे और विशेषकर मेवात के क्षेत्र में ।(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुये।)

अध्यक्ष महोदय, जब यहां पर मरने वालों की बात हो रही है तो हमारी स्वास्थ्य मंत्री जी कहती हैं कि एक साल पहले अगर किसी की अस्थमे से मृत्यु हुई है तो उसमें हमारा क्या दोष है। मैं स्वास्थ्य मंत्री जी से पूछता हूं कि मेवात में कितनी पी०एच०सीज़० हैं और उनमें कितना स्टाफ है। जब यह मुसीबत आई तो क्या सरकार ने पड़ौसी प्रदेशों की सरकार से कोई मदद ली। पंजाब, हिमाचल, दिल्ली, भारत सरकार से या किसी और एजेंसी से कोई मदद ली। क्या उन्होंने उन प्रदेशों की सरकारों से अनुरोध किया कि हमें दवाई चाहिए या यह चीज चाहिए।

**डॉ० कमला वर्मा :** अध्यक्ष महोदय, मैं अपने माननीय सदस्य को बताना चाहूंगी कि जब हरियाणा सरकार ने आपदा राहत कोष से इस कार्य के लिये 6 करोड़ रुपये दे दिये तो फिर दूसरे प्रदेशों से मदद लेने की क्या जरूरत थी। यह जरूरत तब होती जब हमारे पास साधन न होता। मांगना होगा, तो केन्द्र सरकार से मांगेंगे।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, यही तो ट्रेजडी है कि करोड़ों रुपये दे दिये जाते हैं लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वह रुपया जरूरतमंदों तक पहुंच पाता है या नहीं। जिनके दो-दो साल के या चार-चार साल के बच्चे मरे हैं या जिसकी गर्भवती बीबी मरी है या और कोई मरा है वह राशि उस तक पहुंची या नहीं पहुंची। स्वास्थ्य मंत्री महोदया से मेरा अनुरोध है कि आप इतने कठोर तथा पत्थर दिल के न बने, जरा कुछ उदार हृदय वाले बनिये ताकि लोगों को राहत मिल सके। जब जरूरत हो तो पड़ोस से मदद लेने में गुरेज भी नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मुझे और मेरे दल को यह संशय है कि आया यह सरकार जरूरतमंदों के आंसू पौंछने के लिए कोई मदद कर भी पायेगी। मैं शिक्षा मंत्री जी से भी एक बात कहना चाहता हूं कि उन्होंने बोलते हुए विश्व हिन्दू परिषद की बात कही। क्या यह वही विश्व हिन्दू परिषद नहीं है जिसने अयोध्या में बाबरी मस्जिद को तोड़ा और अब मथुरा और कांशी में भी इसी प्रकार का काम करने की सोच रही है। (शोर) अध्यक्ष महोदय इनको अपनी बात कहते हुए सोचना चाहिए । अध्यक्ष महोदय, अंत में मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

**राजस्व मंत्री (श्री सूरजपाल सिंह) :** अध्यक्ष महोदय, यहां पर बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में और मौतों के बारे में काफी चर्चा हुई। मेवात का क्षेत्र मेरा भी है और मेवात क्षेत्र में सबसे बड़ा गांव मेरा है। जब हमें पता चला कि वहां पर बाढ़ आई है तो मैं और चौधरी कर्ण सिंह दलाल जी अरावली-उजीना डाईवर्शन तक गये।इस बाढ़ का प्रकोप ऐसे ही नहीं हुआ। टाईम से पहले बरसात हो गई। जून के महीने में 530 मिली लीटर तक बरसात हो गई। जितना पानी दो साल में गिरता है उतना पानी दो दिन में ही गिर गया। अध्यक्ष महोदय, हमारे यहां पानी राजस्थान से भी आता है क्योंकि उसका और कोई रास्ता नहीं है। आदरणीय चौधरी खुर्शीद अहमद जी ने बड़े विस्तार से बताया। इसमें कोई दो राय नहीं कि अरावली बांध टूट गया और अरावली के बांध के पानी से कामेडा का बांध टूट गया क्योंकि पानी उसी

रास्ते से आता है। उस पानी को निकालने का हमारे पास केवल एकमात्र रास्ता है कि उसे वापिस यमुना में डाला जाए उजीना डाईवर्शन ड्रेन के जरिये। उजीना डाईवर्शन ड्रेन की कैपेसिटी में उस वक्त जो पानी चलता था वह 2300 क्यूसिक के हिसाब से डिस्चार्ज होता था। मेरे ख्याल से इस बात को माननीय चौधरी खुर्शीद अहमद जी तथा मेवात की जनता भी मानेगी कि हमने उस वक्त 6-6 फुट पानी के अन्दर जा-जा कर लोगों की सेवा की और सरकार द्वारा दी गई राहत सामग्री लोगों तक पहुंचाई। जो राहत सामग्री सामाजिक संस्थाओं ने दी वह भी लोगों तक पहुंचाई। सरकार का जो सिस्टम होता है, मेरे विचार से कोई भी घर या आबादी ऐसी नहीं रही जहां तक राहत सामग्री न पहुंची हो। सरकार ने सभी जगहों पर राहत सामग्री भेजी और साथ ही साथ मिट्टी का तेल और खाने की वस्तुएं मोटर बोट्स के ज़रिये अफैक्टिड लोगों तक पहुंचाई गई। मेरे ख्याल से मिनिस्टर लोगों ने और दूसरे लोगों ने आवश्यक सामग्री घर-घर तक सप्लाई की। जहां तक खेतों में खड़े पानी को निकालने का सम्बन्ध है, इस में कोई दो राय नहीं है कि कुछ जगहों पर अब भी पानी खड़ा है। सरकार इस बात के लिए वचनबद्ध है कि 30 नवम्बर तक सारा पानी निकलवा दिया जाएगा। केवल तीन गांव ऐसे रह जाएंगे जहां से पानी 30 नवम्बर तक नहीं निकलवा पाएंगे। कोटला लेक एक प्राकृतिक लेक है जिसका रेडियस 23 किलो मीटर बनता है और यह झील पानी की बहुत बड़ी ताकत है। यह पानी धीरे-धीरे वहां से निकल पाएगा। उजीना डाईवर्शन ड्रेन एक मात्र रास्ता है जिससे इस पानी को निकाला जा सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि ये लोग भी उन जगहों पर गए हैं। आदरणीय खुर्शीद अहमद जी ने जो बताया है उसको मजाक में लेना या खासतौर पर फर्जी आंकड़े पेश करना, इससे समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। हमारी हैल्थ टीमें बहुत अच्छा काम कर रही हैं। हमारी माननीय हैल्थ मिनिस्टर महोदया भी वहां पर गईं और हम लोग भी गांव-गांव में गए। गांवों में इन लोगों ने प्रचार कर रखा था कि धौली गोलियां खाने से आदमी मर जाता है। वहां पर हमने खाली कैप्सूल्स के खोखे ले कर उनमें गोलियों का पाउडर डाल कर लोगों को अपने सामने दवाई खिलाई। दवाई खाने के बाद लोगों को बीमारी से राहत भी मिली। 15-20 टीमें सरकार की ओर से भेजी हुई हैं, ये टीमें बहुत अच्छी तरह से काम कर रही हैं और लोगों को फायदा हो रहा है। स्पीकर साहब, इन लोगों ने जो फर्जी आंकड़े 1 जनवरी से पेश किये हैं उसमें जो बुजुर्ग 80-85 साल की उम्र के मरे थे वे भी शामिल कर लिये। इसमें दो राय नहीं है कि हालात कुछ ऐसे हो गए लेकिन हमारी टीमें बहुत ही जबरदस्त तथा व्यापक रूप से कार्य कर रही हैं। जहां तक खाने-पीने की चीजों का सवाल है, हमारी सरकार प्रयत्नशील है और जिन लोगों के पास आटा नहीं है, दाल नहीं है, चावल नहीं है या दूसरी जरूरत की चीजें नहीं हैं, उनको सरकार सप्लाई कर रही है। यह ठीक है कि धीरे-धीरे सरकार गांवों की जरूरतों को पूरा करेगी लेकिन यह देख कर ऐसा नहीं कह सकते हैं कि सरकार ने कोई यत्न नहीं किये या कोई काम नहीं किया। स्पीकर साहब, मैं आश्वासन भी दिलाना चाहता हूं कि कहां क्या-क्या कमी रह गई है उसको आने वाले एक महीने में देख कर राहत कार्य को पूरा करेंगे। जहां आटा, चावल, कपड़ा और यदि जरूरत होगी तो कम्बल और रजाईयां भी लोगों तक पहुंचाएंगे और पूरा इन्तजाम कर दिया जाएगा। सदन के सामने मैंने मेवात के बारे में यह कुछ जानकारी देनी थी, धन्यवाद।

**श्री धीरपाल सिंह (बादली) :** स्पीकर साहब, आज हाउस में बहुत ही महत्वपूर्ण और गम्भीर विषय पर चर्चा शुरु हुई है। स्पीकर साहब, हमें आपसे बहुत ज्यादा उम्मीद थी लेकिन वैसा नहीं हुआ, इसका दुख है। वे साथी जो हमेशा चेयर से शिकायत करते रहते थे कि उनके बोलने पर हाउस में बार-बार परेशानियां डाली जाती हैं (विघ्न) मुझे किसी का पक्ष लेने की जरूरत नहीं है लेकिन जो माहौल यहां पर हुआ है, आज चौधरी खुर्शीद अहमद जी ने उन लोगों को कुछ सबक सिखाने की कोशिश की है। एक कहावत है कि अपने लगती है ढीक में और दूसरे के लगती है भीत में। प्रदेश के कुछ इलाकों में महामारी

[श्री धीरपाल सिंह]
फेल गई है और यहां से सम्बन्धित साथी की शान में कोई गुस्ताखी करे तो तूफान खड़ा हो जाएगा। इन्होंने गैर जिम्मेदाराना ढंग से इस हाउस में इन्टरवीन करने की कोशिश की है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार गम्भीर नहीं है। बार-बार एक ही बात पर आपत्ति जाहिर की कि आंकड़े सही हैं या गलत हैं। आज मंत्री जी बार-बार इन्टरवीन करते हैं यह ठीक नहीं। पानी आने से पूरा मेवात का ऐरिया तबाह हुआ है। मैं भी 25-26 तारीख को फिरोजपुर हलके से आगे गया । मेरे पास मारुति गाड़ी थी और नेशनल हाईवे तक पानी आ गया था। इधर जाएं तो पानी, पीछे हटते थे तो भी पानी था। आगे से एक ट्रैक्टर ट्राली वाला आ रहा था, उसने मुझे कहा कि आगे जाएंगे तो वापिस नहीं आएंगे। चाहे वहां पर किसी अधिकारी की वजह से या किसी और वजह से बर्बादी हुई लेकिन उसकी जिम्मेवार यह सरकार है। अगर सरकार आज अपनी जिम्मेवारी से भागती है तो उसका फैसला ऊपर मालिक के पास होगा। ये कहते हैं कि विरोधी पक्ष के लोग अच्छे नहीं लगते हैं। स्पीकर साहब, हमारे अच्छे लगने से या न लगने से इसका कोई हल नहीं है। स्पीकर साहब, आपने भी विरोधी पक्ष में बैठकर भिवानी के लिए पांच साल तक अपनी जिम्मेवारी निभाई है। यहां पर रिकार्ड लिखा हुआ है कि भिवानी के लिए आपने कितनी-कितनी चर्चा में हिस्सा लिया है। आज विरोधी पक्ष का कोई विधायक या विरोधी पक्ष का नेता हरियाणा में होने वाली बर्बादी और लोगों पर होने वाले अनर्थ का यहां पर खुलासा करता है तो इन लोगों को तकलीफ होती है जो पांच साल तक विरोधी पक्ष में बैठकर मछली की तरह तड़पते थे और अपने अधिकारों को उजागर करते थे। विरोधी पक्ष की जिम्मेवारी है और सरकार की जिम्मेवारी है कि लोगों के दुख-दर्द को कहे और सुने। आज जहां पर भी पानी आया है वहां पर बर्बादी हुई है। चाहे वह बर्बादी रोहतक में हुई हो चाहे रिवाड़ी में। चाहे वह पानी साहबी से आया हो चाहे मेवात का पानी आया हो, उससे फसलें बर्बाद हुई हैं, जानवार मरे हैं और लोगों के घर बर्बाद हुए हैं। जहां पर पानी आया है वहां पर सावनी की फसल नहीं हुई है। इस वजह से आज हरियाणा में बीमारी भी आई है। यह जो बीमारी आई है इस बारे में हमने जो चिन्ता जाहिर की है उस बारे में सरकार ध्यान दे। हमें बहन जी से कोई तकलीफ नहीं थी कि वे इस पार्टी की हैं और इन्होंने क्या किया है। सरकार मेवात, झज्जर, मेहम और बादली में फेल हो गई है। जहां-जहां पर भी बीमारी आई है वहां पर यह सरकार फेल हुई है। (विघ्न) स्पीकर साहब, झज्जर मेरा सब-डिविजन है वहां पर एक बामनौला गांव है। वहां पर एक करतार सिंह हरिजन है, वह कास्ट का चमार है। उनका 15 साल का लड़का बीमार हो गया, वह उसे गाड़ी में बिठाकर मैडिकल कालेज ले गया। वहां पर खून उपलब्ध नहीं था, उस आदमी ने अपने बेटे को खून दिया। जैसे ही वह खून देकर बाहर आया उसका बेटा मर गया। इसी तरह से अजीत सिंह जहांगीर पुर गांव का था। उसका 20 साल का लड़का बीमार हो गया, उसको डेंगू था उसको भी मैडिकल कालेज में ले जाया गया। मैडिकल कालेज से खून दान में मिला तथा उसके रिश्तेदारों ने भी खून दिया । इस प्रकार से 18 बोतलें खून की चढ़ायी गयीं लेकिन डाक्टर को आखिर में यह मानना ही पड़ा कि यह मरीज डेंगू बुखार का था। अध्यक्ष महोदय, उसका आपरेशन भी हुआ और उसमें भी यह बात साबित हो गयी लेकिन उसको बचाया फिर भी नहीं जा सका। इसी प्रकार से बाढ़सा गांव में भी एक आदमी डेंगू बुखार से मरा। ऐसे ही बुखार से एक गांव के सरपंच का बेटा मरते मरते बचा क्योंकि उसने बीस हजार रुपये खर्च करके अपने बेटे को बचा लिया। इसी तरह से अध्यक्ष महोदय, झज्जर सब डिवीजन में मुनीमपुर, जहांगीरपुर एवं बामडौला गांवों में भी तकरीबन 25-30 आदमी चुनाव के दौरान ही मरे हैं। ये लोग दिसम्बर या नवम्बर में नहीं बल्कि चुनाव के आसपास ही मरे है। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से जो बहादुरगढ़ सब-डिवीजन है उसके भी पांच-सात गांवों में इसी तरह के हादसे हुए हैं। इसी प्रकार से मेवात के बारे में खुर्शीद अहमद साहब ने भी काफी

विस्तार से ऐसे ही हादसों का जिक्र किया है। हम भी वहां पर गए थे और हमारे साथी एवं चौधरी साहब भी गए थे। डाक्टरों ने कहा है कि वहां पर पीलिया की शिकायत है लेकिन पीलिया किस वजह से हुआ। क्या वह खाने से फैला या फिर वह गंदगी से फैला ? किसी भी तरह से फैला लेकिन लोग वहां से इससे प्रभावित तो हुए ही हैं। इसलिए आज हम इस चर्चा के दौरान सरकार से कहना चाहेंगे क्योंकि मुख्यमंत्री जी भी यहीं पर बैठे हुए हैं। बहन जी भी बहुत सभ्य हैं, अच्छी मंत्री हैं तो हमारी इनसे यही गुजारिश होगी कि अगर वाकई में आपकी उस इलाके के लोगों से हमदर्दी है तो आप वहां के लोगों की पूरी तरह से देखभाल करें जहां पर लोग ताप से मरे हैं। अध्यक्ष महोदय, महीना पहले तक कहीं पर भी दवाई का छिड़काव नहीं हुआ था। क्या यह जिम्मेदारी विपक्ष की है या सरकार की है ? इसलिए मेरी आपसे यही गुजारिश है कि अगर आपके पास आर्थिक संकट है तो आप कहीं और से पैसे की व्यवस्था करें। चाहे किसी दूसरे डिपार्टमेंट से पैसा लें या कहीं और से लें लेकिन पैसे की व्यवस्था अवश्य करें और मेवात के इलाके के लोगों को तथा अन्य प्रभावित लोगों को सहायता जरूर पहुंचाएं। अध्यक्ष महोदय, जो चले गए वह तो हमारे से बाहर की बात हो गयी है या जो नुक्सान होना था वह तो हो गया है लेकिन जो नुक्सान आज भी हो रहा है और वहां के लोगों को जो आज भी कई तरह से कष्ट उठाने पड़ रहे हैं, उससे तो उनको बचाया जाए। आज आदमी की जुबान पर यही बात आ रही है कि सरकार तो कुनीन की गोलियां ही दे रही है और इस गोली को खाने के लिए उनके पास दूध नहीं है।दूध इसलिये नहीं है क्योंकि उनके जानवर मर गए हैं। न तो उनके पास आज पैसा है और न वे लोग अपनी देखभाल पूरी तरह से कर पा रहे हैं। आज पूरा हाउस इस मामले में आपके साथ है। इसमें कोई पार्टी नहीं है, कोई धर्म नहीं है बल्कि यह तो इंसानियत है और इसी चीज को ध्यान में रखते हुए सारा हाऊस इस मामले में एक मत से निर्णय करने के लिए आज तैयार है। आज जो भी जिम्मेदारी आप इस मामले में किसी की लगाएंगे वह उसे पूरा करने के लिए तैयार है। अगर वे आदमी बचते हैं चाहे कोई बड़ा है या छोटा है, जच्चा है या बच्चा है तो यहां पर निर्णय होने से हम उन लोगों को बचाने में कामयाब होंगे। इसलिए मेरी सरकार से गुजारिश है कि आप कहीं से भी पैसे की व्यवस्था करके उस इलाके में दवाई के लिए पूरे प्रबन्ध करवाएं। अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि हमारे सहकारिता मंत्री श्री गणेशी लाल एक योग्य मंत्री हैं। जब हम मेवात के एरिया में गए थे तो हमने देखा कि मीलों-मीलों तक खेत खाली पड़े हुए हैं। थोड़ी बहुत बिजाई कहीं-कहीं पर ही हो रही थी। लेकिन एक चर्चा वहां पर हो रही है कि भूमि विकास बैंक ने वहां पर कर्जों की उगाही के नोटिस जारी करने शुरु कर दिए हैं। तो मंत्री जी अगर यह आपके अधिकार क्षेत्र में है तो आप यह वसूली मुलतवी करवाएं। माननीय मुख्यमंत्री जी भी यहां बैठे हैं, आप इनसे भी इस बारे में विचार-विमर्श करें और आप तुरन्त आदेश जारी करें कि जब तक मेवात के हालात ठीक नहीं होते तब तक यह उगाही रोक दी जाए। क्योंकि वहां लोग मरे हैं, बच्चे मरे हैं और बड़ी भारी वहां तबाही हुई है और जब तक वहां से पानी नहीं निकल जाता या उनकी बिजाई जब तक नहीं हो जाती तब तक मेहरबानी करके उनके कर्जों की उगाही मुलतवी करवाने की कोशिश करें। यही मेरी आपसे गुजारिश है क्योंकि यह इंसानियत का तकाज़ा है और यह महकमा आपका ही है।

## बैठक का समय बढ़ाना

**श्री अध्यक्ष :** अगर हाउस की सहमति हो तो बैठक का समय एक घंटे के लिये बढ़ा दिया जाए।

**आवाजें :** ठीक है जी।

**श्री अध्यक्ष :** बैठक का समय एक घंटे के लिए बढ़ाया जाता है।

---

मेवात क्षेत्र में डेंगू तथा मलेरिया बुखार के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के संबंध में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति (पुनरारम्भ)

ऐसा करने से उन लोगों के प्रति हमदर्दी भी दिखाई जा सकती है। इसके अलावा एक मामला और रह गया पानी का। जहां पानी कुदरत के बहाव से निकला वहां पर उजीना डाईवर्शन ड्रेन की भी चर्चा हुई लेकिन जो कोटला ड्रेन है उसके बारे में मेरी आपसे गुजारिश है कि मेहरबानी करके उसे आप स्वयं देखें क्योंकि उसका हाल यह है कि जगह-जगह से टूटी हुई है। कभी भी ज्यादा पानी की निकासी हो गई तो पानी खेतों में घुस जाएगा। मुख्यमंत्री जी मैं आप पर कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं मगर कुछ गांव कटोरे टाइप के हैं वहां पर पानी आ गया तो मुश्किल हो जाएगी। इसलिए वहां से दो या तीन मीटर का नाला निकालकर किसी सहायक ड्रेन में डाला जा सकता है। कोटला ड्रेन से अब भी पानी निकलता है और वह पानी खड़ा हुआ है। अगर वह पानी दिसम्बर में निकलेगा तो बिजाई नहीं हो पाएगी। इसलिए जो पानी निकालने की बात है, दवाईयों की बात है, मुआवजे की बात है इसके बारे सारा हाउस एकमत है। हम आपको यह विश्वास दिलाते हैं कि हमारी पार्टी ने जो कुछ इसके लिए किया है उसमें हमने कोई एहसान नहीं किया और न ही हमारी उसमें कोई राजनीति थी। यह ठीक है कि हम उसमें कुछ लेट हो गए। हमारी पार्टी ने 5-6 प्वाइंट्स को देखकर जहां-जहां बीमारी फैली हुई थी, वहां पर दवाई के जो साधन थे वह दिये और अच्छे डॉक्टर लगाकर वहां मरीजों की देखभाल की लेकिन इस सब से हमने किसी पर कोई अहसान नहीं किया। हमने सिर्फ चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों को राहत देने की कोशिश की और अगर आप यह मानते हैं कि उसमें भी हमारा कोई स्वार्थ था तो हम हाउस के सामने भी माफी मांग लेते है और मालिक से भी माफी मांग लेते हैं कि हे मालिक हमें माफ करना। हमारी कोई ऐसी मंशा नहीं थी कि उसमें हमारी कोई राजनीति छुपी हुई हो। इसलिए इस सारे मामले पर सारा हाउस एकमत है और यह प्रस्ताव पास करके चलेगा कि जितनी जल्दी जितने लोगों को बचाया जा सके उनको बचाने की कोशिश की जाए। (घंटी) उनको राहत दी जाए। जहां तक कर्जे की उगाही की बात है, वह मुलतवी होनी चाहिए। पहले पानी निकालना चाहिए। इसलिए मैं आपके द्वारा सरकार से गुजारिश करता हूं कि जिस इलाके में बिजाई नहीं हुई उस इलाके में मकानों व जानवरों के लिए, खेती के लिए जो भी सुविधा अपने साधनों को देखते हुए दी जा सकती है, उतनी अवश्य दी जानी चाहिए। धन्यवाद।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर (मेवला महराजपुर) :** अध्यक्ष महोदय, अभी सदन में बहुत ही गंभीर मसले पर चर्चा रही थी लेकिन ये लोग आज हरियाणा में पानी के खड़े होने की बात करते हैं। मैं चौधरी भजन लाल जी से पूछना चाहूंगा कि पिछले साल जब हरियाणा प्रदेश में बाढ़ आई और उसके लिए केन्द्र से 300 करोड़ रुपया राहत के रूप में मिला लेकिन साल भर तक गांवों से पानी क्यों नहीं निकाला गया था। (शोर) यह तो प्राकृतिक आपदा की बात है कि मेवात में मलेरिया और डेंगू से मौतें हुईं। लेकिन झूठ की भी हद होती है और चौधरी भजन लाल तो झूठों के सरदार हैं। सन् 1987 में इन्होंने कहा था कि अगर चौधरी देवी लाल मुख्यमंत्री बनेंगे तो मैं फांसी लगा लूंगा लेकिन फांसी नहीं लगाई और अब 1996 के चुनावों में इन्होंने कहा कि चौधरी बंसी लाल मुख्यमंत्री बनेंगे तो मैं फांसी टूट जाऊंगा। (विघ्न)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, ये नये मैम्बर हैं इनसे आप कहें कि ये बात तो ठीक से करें।

**श्री अध्यक्ष :** भजन लाल जी, आप बगैर किसी प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के खड़े होकर बोलने लग जाते हैं।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं प्वाइंट ऑफ ऑर्डर पर ही खड़ा हुआ हूं, आपका माइक

ही ठीक नहीं है। इसलिए आपको ठीक से सुना नहीं होगा।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर :** तो सर, मैं कह रहा था कि इसी मसले पर ये मार खाते हैं। 1996 के चुनाव में इन्होंने कहा था कि अगर बंसी लाल जी सत्ता में आ गये तो भजन लाल राजनीति से संन्यास ले लेगा। वही संन्यास की बात मेरे साथी विधायक बलबीर जी ने भी कही है कहीं उन पर भजनलाल जी ने हाथ तो नहीं फेर दिया ? अब यह बात दोबारा दोहराई जा रही है। समिति बैठेगी और जब उसकी रिपोर्ट आयेगी तो मेवात में जो कुछ हुआ है उसकी सच्चाई सदन के सामने आ जायेगी और भजनलाल जी अपनी बात से फिर मुकरेंगे क्योंकि मुकरने की इनकी आदत हो गयी है, यह मैं सदन के सामने कहना चाहता हूं, वे लोग डेंगू और वायरल से हुई मौतों की बात कर रहे हैं जिनके खुद के हाथ इंसानों के खून से रंगे हुए हैं। जैसे निसिंग में गोली काण्ड हुआ, द्रोपदी काण्ड, रेणुका काण्ड और सुशीला काण्ड आदि पता नहीं कितने काण्ड इनकी सरकार के समय में हुये हैं।

**श्री अध्यक्ष :** कृष्ण पाल जी, आप अपनी बात पर आएं। इधर उधर की बातें मत करें।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** जहां तक मेवात में बीमारी फैलने की बात है, इसे रोकने के लिये सरकार ने भरसक प्रयास किए हैं तथा डेंगू बुखार पर काबू पाने के लिये बंसी लाल जी ने दिल खोलकर पैसा दिया है दवा दारू के लिए। सरकार ने ईमानदारी से वहां बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए काफी प्रयास किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी थोड़ी है। क्योंकि कोई भी बीमारी आती तो तेजी से है परन्तु जाती है आहिस्ता आहिस्ता। मुझे तो ऐसा लगता है कि फरीदाबाद और मेवात में जो डेंगू नाम का मच्छर आया है वह कहीं भजन लाल जी ने और चौटाला जी ने मिलकर तो नहीं छोड़ दिया। इसमें भी कोई न कोई राज़ अवश्य है। अध्यक्ष महोदय, मेवात में जो कुछ हुआ बीमारी के कारण या बाढ़ के कारण वह नहीं होना चाहिए था। अब समिति बनाने की बात चल रही है, अगर समिति बना दी जाती है तो सच्चाई सबके सामने आ जायेगी, झूठ और सच सदन के सामने आ जायेगा। धन्यवाद।

**श्री वीरेन्द्र सिंह** (उचाना कलां) **:** स्पीकर सर, यह काम रोको प्रस्ताव लीडर ऑफ दि अपोजीशन लेकर आए हैं और जिसके समर्थन में चौधरी खुर्शीद अहमद ने, चौधरी भजन लाल ने बातचीत की। मैं इसकी पृष्ठभूमि में जाना चाहूंगा। अभी धीरपाल जी ने भी बहुत सुझाव दिए थे कि नालियां कैसे बनाएं, पानी को कैसे निकालें इत्यादि। बात यह नहीं है। बात तो यह है कि हरियाणा के अन्दर जो मौतें हुई हैं, पिछली बारिशों के बाद उन स्पॉटस को या उन जगहों को आइडैंटिफाई करें तो वह जो मौतें अब हुई हैं, वह फिर नहीं हो सकेंगी। पिछले साल का पानी हम पूरी तरह से नहीं निकाल सके वह रिअक्रंस हो गया। सबसे पहले मेवात का इलाका प्रभावित हुआ। सिर्फ मेवात तक ही यह सीमित नहीं था बल्कि मेहम में, कलानौर में और जैसे कि इन्होंने बताया कि झज्जर के इलाके में भी पूरी तरह से पानी नहीं निकाला जा सका। लेकिन मेवात के इलाके और इन इलाकों में एक और बहुत बड़ा फर्क है, वह है आर्थिक असमानता यानी इकॉनॉमिक इन्बैलेंस। हरियाणा के अन्दर अगर कोई सबसे गरीब है तो आज वह मेवात है। मैं इसकी पृष्ठभूमि में जाना चाहूंगा। सरदार वल्लभ भाई पटेल जब देश की आजादी के बाद देश के गृहमंत्री बने तो मेवात के लोगों के मुस्लिम भाइयों का बहुत बड़ा जत्था उनको मिला जबकि उन पर उस समय हर तरह का दबाव था कि देश छोड़कर पाकिस्तान चले जाएं क्योंकि पाकिस्तान में इस पूरी पापुलेशन का ट्रांस्फर होना था। मैं उस किस्से को जरूर इस सदन में रखना चाहूंगा कि मेवात का एक बहुत ही प्रतिष्ठित नेता हिमादा नाम का था और कद भी उसका साढ़े छः फुट था। वह 100-150 आदमियों का डैलिगेशन लेकर सरदार पटेल के पास गया। सरदार पटेल जी ने उनको साढ़े चार बजे का

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

समय दिया। जब वे उनको मिलने के लिए वहां गए तो सरदार पटेल अपने बंगले के लॉन में घूम रहे थे। ठीक साढ़े चार बजे जब वह जत्था वहां पहुंचा तो सरदार पटेल जी ने कहा कि उनको तुरन्त बुलाया जाए। उन्होंने सरदार पटेल जी से कहा कि हमारी आबादी जोकि अब तो 10 लाख के करीब है, उस समय शायद थोड़ी हो, हम अपने वतन से जाना नहीं चाहते हैं और जो पाकिस्तान में टोटल पापुलेशन की माइग्रेशन की बात है, उसको हम नहीं मानते हैं, हम इस बात से एग्जेम्शन चाहते हैं। उस हिमादा को सरदार पटेल जी ने कहा कि आप अपने घर चले जाएं, शाम को डी०सी० गुड़गांव को आर्डर आ जाएगा कि जो मुस्लिम भाई पाकिस्तान जाना नहीं चाहते हैं उन पर किसी तरह का दबाव न दिया जाए। यह समाज का वह अंग है जिसने अपनी इच्छा से यह फैसला किया कि वह हिंदुस्तान का अभिन्न अंग है और पाकिस्तान नहीं जाएगा। लेकिन अफसोस इस बात का है कि उसके बाद पंजाब बना, हरियाणा बना और हरियाणा के तीस साल के इतिहास में मेवात में तरक्की के नाम पर बहुत से लोगों ने बड़ी-बड़ी बातें कहीं हैं। मुख्यमंत्रियों ने बातें कही हैं चाहे वह चौधरी बंसी लाल हों, चाहे चौधरी भजन लाल हों और चाहे चौधरी देवी लाल हों। भजन लाल जी भी जब कभी बात करते थे तो कहते थे कि मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड मैंने बनाया। 1991 में जब मैं इनकी कैबिनेट में पहली बार रैवेन्यू मिनिस्टर बना तो सबसे पहली मीटिंग मैंने नूंह में मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड की की। अध्यक्ष महोदय, मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड के नाम पर सिर्फ अढ़ाई करोड़ रुपये ही रखा हुआ था। इससे आप दस लाख लोगों की अवस्था को बदलने की बात करते हैं ? वह जो अढ़ाई करोड़ रुपये का प्रोविजन था उस पैसे को वहां पर खर्च किया जाना चाहिए था लेकिन वह पैसा भी पूरा खर्च नहीं किया गया। मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड बना कर मेवात के लोगों के साथ एक मजाक किया गया।चौधरी खुर्शीद अहमद जी ने ठीक ही कहा है कि मेवात में मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड ने मॉडर्न स्कूलों के नाम से जो स्कूल खोले हुये हैं उनका मतलब था कि उस एरिया के जो पिछड़े हुए लोग हैं उनके बच्चों को शिक्षा के स्तर पर शिक्षित होने का अवसर मिल सके।लेकिन स्पीकर साहब, आप खुद जा कर वहां देख लें या किसी आदमी को वहां भेज कर पता करवा लें, मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड के सभी स्कूलों में 90 परसेंट से ज्यादा नान-मेवाती बच्चे और नान मुस्लिम बच्चे न हों तो आप मेरी बात को झूठी मानना, अगर हों तो आप मेरी बात को सच मानना। वहां का जो डी०सी० है वह मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड का एग्जैक्टिव हैड है और वह अपने चहेतों को खुश करने के लिये मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड के सभी मॉडर्न स्कूलों में औरतों को टीचर की अप्वायंटमैंट देता है। आज तक उन स्कूलों में मेवात का कोई बच्चा पढ़ कर उसी स्कूल में टीचर लगा हो तो आप इस बारे में जांच करवा सकते है। कोई बच्चा नहीं लगा है। मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड ने सभी मॉडर्न स्कूल बड़े-बड़े अफसरों को सहूलियत देने के लिये खोले हुए हैं। मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड से मेवात की जनता को कोई लम्बा चौड़ा फायदा होने वाला नहीं है। मैं ने आज से 10 दिन पहले मुख्य मंत्री जी से इस बीमारी से मरने वाले लोगों के बारे में बात की थी। इन्होंने खुद माना था कि पिछले दिनों में 1200 के करीब डैथ्स हुई हैं।यह 1200 और 7 हजार लोगों के मरने का झगड़ा नहीं है, झगड़ा यह है कि अगर 1200 डैथ्स हुई है तो ये भी ज्यादा हुई है। अगर मरने वालों की संख्या छुपाई गई है तो यह भी एक बहुत बड़ा अपराध उन लोगों के प्रति किया गया है। अध्यक्ष महोदय, डेंगू नाम का जो बुखार फैला उसके कारण कोई ज्यादा डैथ्स नहीं हुई। डेंगू का मच्छर तो बहुत सोशलिस्ट है, बहुत क्रान्तिकारी है। वह गरीब लोगों के घरों में पैदा नहीं होता वह तो अमीर लोगों के घरों में, कूलर्ज में और एयर कंडीशनर्ज में पैदा होता है और बीमारी का प्रकोप फैलाता है। वहां पर जो डैथ्स हुई हैं वे फ्लड के कारण हुई है और मालन्यूट्रेशन की वजह से हुई हैं। मुख्य मंत्री जी आपने खुद कहा था कि वहां पर लोगों का हीमोग्लोबिन चार ग्राम से नीचे है। अगर हीमोग्लोबिन दो ग्राम से नीचे आ

जाता है तो उसके बाद आदमी दूसरे लोक में जाने की तैयारी करता है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण किया गया था, उसके मुताबिक मेवात में महिलाओं की बच्चे पैदा करने की औसत सवा सात है यह इसलिए है कि उनको परिवार नियोजन के बारे में शिक्षित नहीं किया गया। एक बात मैं राम बिलास शर्मा जी से कहना चाहूंगा कि आप अपने ख्यालों को थोड़ा ऊपर उठाएं। आप मेवात में जितने मदरसे खोलते हैं उनमें मेवात के बच्चे नहीं पढ़ते तो उसके लिए मेवात की कम्यूनिटी दोषी नहीं है, मेवात का समाज दोषी नहीं है बल्कि उसकी यह सरकार दोषी है। यह बात बिल्कुल सही है। आप रिकार्ड उठा कर देखें कि मेवात के कितने लोगों को नौकरियां मिली हैं। स्पीकर साहब, जिस व्यवस्था में नौकरियां बिकती हों उसमें एक गरीब आदमी को नौकरी नहीं मिल सकती। स्पीकर साहब, कैथल, कुरूक्षेत्र और करनाल जिलों के किसान एक साल में तीन फसलें पैदा करते हैं लेकिन मेवात में एक साल में एक ही फसल होती है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि मेवात एरिया में भी नहरी पानी देने की व्यवस्था की जानी चाहिए। मैं एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि गुड़गांव के अन्दर बनने वाले मकानों के लिए एक बंद नहर ले जाई गई ताकि उन बड़े-बड़े लोगों के लिए पीने के पानी के व्यवस्था की जा सके क्योंकि वहां पर हुड्डा ने बड़े बड़े कम्पलैक्स बनाए हुए हैं और बड़े-बड़े कॉलोनाइजर्ज़ ने किसानों की जमीनें ले कर बहुत बड़े-बड़े महल खड़े कर रखे हैं। उनके लिए पानी की व्यवस्था करनी है क्योंकि वहां पर उनके लिए अन्डर ग्राउंड वाटर नहीं है। यह किसी ने नहीं सोचा कि गुड़गांव के परले तरफ यानी मेव इलाके में भी नहर जाये। खेतों के लिए, पीने के पानी के लिए, बच्चों के जिन्दा रहने के लिए पानी की जरूरत है। मौत का सबसे बड़ा कारण तो मैं यह मानता हूं कि जो बाढ़ का पानी और वाटर वर्कस का पानी आपस में मिल गया इसलिए बीमारी बढ़ी। अध्यक्ष महोदय, मेरे हलके में पिछले 20 साल से एक वाटर वर्कस है लेकिन वहां के लोगों को आज तक कभी भी पूरा पानी फिल्टर किया हुआ नहीं मिला। क्योंकि फिल्ट्रेशन का पूरा सामान आज तक उस सेथली गांव में गया नहीं। मुझे अभी कुछ दिन पहले ही इस बारे में लोगों ने बताया था। जब मैंने इस वाटर वर्कस के बारे में एस०सी० पब्लिक हैल्थ से बात की तो उन्होंने भी इस बात को माना। यह बात मैं इसलिये कह रहा हूं कि इस समस्या का समाधान अगर मुख्य मंत्री चाहते हैं तो इसके लिये एक सैटेच्यूटरी कमेटी बनाई जाये और उस कमेटी की पूरी की पूरी रिकमैन्डेशंज मानी जायें। कमेटी रिकमैन्डेशन कुछ करे और फिर मुख्य मंत्री जी या कांउसिल ऑफ मिनिस्टर्ज 5-10 रिकमैनडेशंज को मान लें बाकी न मानें। फिर कहें कि पैसे की कमी है इसलिए ये रिकमन्डेशन पूरी नहीं हो सकती, ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं इस चीज का भुक्तभोगी हूं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि जब मैं रैवेन्यू मिनिस्टर था तो उस समय भजन लाल जी ने मुझे एक कमेटी का चेयरमैन बनाया था कि कौन से गांव किस ब्लाक, किस तहसील में या जिले में हों। मैंने एक एक गांव में जाकर 65 गांवों की रिकमैन्डेशन की थी जिनको इधर से उधर करना था। लेकिन जब रिपोर्ट दी तो इन्होंने उन 65 रिकमैन्डेशंज में से 64 रिकमैन्डेशंज उल्ट कर दी। मैंने कहा कि यह क्या तो कहने लगे कि एम०एल०ए० मानते नहीं, यह बीमारी है। चौधरी बंसी लाल जी आपने राज एम०एल०ए० से नहीं चलाना, आपने राज प्रदेश की जनता के लिए चलाना है। आपने सदन में पिछली बार एक बात कही थी, उनको मैं दोहराना चाहता हूं। आपने यह कहा था कि इस सदन की एक कमेटी बनवाऊंगा और उसकी रिकमैन्डेशंज मैं यूं की यूं मानूंगा। अगर आप इस सदन की कमेटी बनवा कर मेवात के लोगों की कुछ मदद करना चाहते हैं कि वहां पर लोग कैसे मरे, क्या कारण था, कैसे बीमारी फैली, इसकी क्या बैकग्राउंड है उसका पता लगाया जाये और उस स्टेच्यूटरी कमेटी की रिकमैन्डेशंज को पूरी तरह से अमल में लाया जाये, यदि हमने मेवात की आर्थिक अवस्था को बदलना है तो उसके लिए कुछ काम असल रूप में करना होगा न कि मदरसे खोलने से या और कुछ भाषण देने से अवस्था बदलेगी। मैं एक दिन कश्मीर वैली के बारे में पढ़ रहा था कि वहां पर 98 परसैंट मुस्लिम

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

आबादी और 2 परसैंट हिन्दू आबादी है। वहां पर हिन्दुओं की 46 परसैंट और मुस्लिमज की 8 परसैंट रिज़र्वेशन है। जब हम यहां पर उसके उलट इस प्रकार का भेदभाव देखते हैं तो अन्तर बहुत अधिक नजर आता है और यह हमें बहुत दूर ले जाता है। मैं यह बात दावे के साथ कहता हूं कि एक गांव में छोटी मस्जिद बनती है और दूसरे गांव में बड़ी मस्जिद बनती है जिस को देख कर आदमी दंग रह जाता है। पूछने पर पता चलता है कि इस गांव के लोग गल्फ कण्ट्रीज़ में गए हुए हैं और वहां से पैट्रो डॉलर आते हैं इसलिए मस्जिद इतनी बड़ी और सुन्दर बनी है। परन्तु इस गांव के नहीं जा सके इसलिए मस्जिद छोटी रह गई। उनमें व्याप्त इस भावना को तभी दूर कर सकते हैं जब मेवात में लोगों को आत्म निर्भर बनाएंगे। आप नौकरियों के मामलें में, स्वास्थ्य और शिक्षा के मामले में उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं जिससे कि वे अपनी पद्धति से दूसरे रोजगार के साधन ढूंढ सकें और नौकरियों में उन्हें पूरा प्रतिनिधित्व मिल सके तभी हम समझेंगे कि हमने मेवात को राजनैतिक तौर पर सही समझा है। इसलिए सही तौर पर उसका ईलाज हम ढूंढे। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा जिस प्रकार से आपने और मुख्य मंत्री जी ने पार्टी बेसड बात छोड़ दी और इस बात का फैसला लीडर ऑफ दि ओपीजीशन पर छोड़ दिया कि इस प्रस्ताव को चाहे काम रोको प्रस्ताव रखवाएं, या रूल 84 के तहत या कालिंग अटैंशन मोशन में रखवाएं। इसी तरह से अगर मेवात के भविष्य को ठीक दिशा देनी है तो पार्टी और धार्मिक कंसिड्रेशन तथा और चीजों को भुला कर एक स्टैच्यूटरी कमेटी का निर्माण करें। यह कमेटी हर फील्ड में गहराई में जाए। चाहे वह इक्नौमिक फील्ड हो, चाहे एग्रीकल्चर फील्ड हो या इरिगेशन की बात हो। हम तभी उनको न्याय दे सकेंगे जब देश की जनता के समान उनको तरक्की करने के पूरे मौके मिल सकें, तभी हमारा पंचायती सिस्टम और भाई चारा मजबूत हो सकेगा। स्पीकर सर, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

**श्री कंवल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान रूल 15 और रूल 71 की ओर दिलाना चाहता हूं। रूल 15 के तहत अगर हमारी सिटिंग को टाईम के आधार पर देखा जाए तो सिटिंग दो बजे शुरू हुई थी और इस सिटिंग को साढ़े छः बजे तक चलना चाहिए था (विघ्न) रूल 71 के तहत यह डिस्कशन केवल दो घण्टे में खत्म हो जानी चाहिए थी लेकिन अब टाईम साढ़े छः से ऊपर हो चुका है।

**श्री खुर्शीद अहमद :** हमने स्पीकर साहब से रिक्वैस्ट की थी कि हाउस को लिबरली चलने दिया जाए और हाऊस दरियादिली से चल रहा है तो इसे दरियादिली से ही चलने दिया जाए, यह मेरी सबमिशन है।

**श्री राम बिलास शर्मा :** स्पीकर सर, दरअसल आज विपक्ष की बात मानी गई थी। मेरा निवेदन है कि इसका टाईम और एक्सटैंड कर लें। यह डिस्कशन अढ़ाई घण्टे हो चुकी है और माननीय स्वास्थ्य मन्त्री तथा मुख्य मन्त्री जी ने अभी इस पर जवाब देना है, इसलिए इस बात को मद्देनज़र रख कर टाईम बढ़ा लें।

**स्वास्थ्य मन्त्री** (डॉ० कमला वर्मा) : अध्यक्ष महोदय, बहुत देर से इस बहुत ही गम्भीर विषय के ऊपर चर्चा हुई लेकिन श्री खुर्शीद अहमद जी ने इस दुःखद विषय में जो बातें कही हैं, अगर वह सब कुछ व्यवहारिक रूप में हो जाए, तो मेवात क्षेत्र का कुछ कल्याण हो सकता है। केवल दोषारोपण के लिए कोई बात कही जाए, तो उससे कोई लाभ नहीं हो सकता है। इस मुसीबत के दौरान में, क्या कोई मैडिकल ऐड या खाने-पीने का सामान वहां पर नहीं पहुंचाया गया ? क्या पानी नहीं निकाला गया ? मैं मानती हूं

कि पूरा काम अभी तक नहीं हो पाया है, लेकिन बहुत कुछ जो काम हमारी सरकार ने किया है उसको बिल्कुल उपेक्षित करके कहना भी स्वस्थ लोकतंत्र की परम्परा नहीं है। यह ठीक है कि वहां पर बाढ़ आई, यह ठीक है कि राजस्थान से पानी अधिक आने के कारण 200 गांव बिल्कुल पानी में डूब गए। इसके लिए भाई खुर्शीद अहमद जी ने सारी स्थिति को बड़े अच्छे ढंग से स्पष्ट करके कह दिया है। मैं पिछली सरकार की कारगुजारी भी बताना चाहती हूं। इरैडिकेशन का प्रोग्राम नेशनल प्रोग्राम है। इसमें पचास प्रतिशत पैसा प्रान्त की सरकार देती है और पचास प्रतिशत सैन्टर की सरकार देती है, लेकिन पिछली सरकार ने अपने हिस्से का जो 4 करोड़ रुपया देना था, वह नहीं दिया। इससे बी०एस०सी० व मेलाथियन और दूसरी दवाई आनी थी, वह नहीं आई। उसका हरियाणा में पूरा छिड़काव नहीं हो सका और हमें इतना भयंकर मलेरिये का सामना करना पड़ा। हमारी सरकार ने आते ही, 2 करोड़ 70 लाख रुपये केन्द्र को दिए और केन्द्र सरकार ने हमें चार करोड़ रुपये दिये। यह पैसा हमें कैश नहीं मिलता है, वह इनसैक्टीसाईड, बी०एस०सी० तथा मैलाथियन आदि दवाईयों के रूप में मिलता है। उसे हम गांव गांव में जाकर छिड़कवाते हैं और मलेरिया की रोकथाम करते हैं। पिछली सरकार ने जो कारगुजारी की है मैं उसके लिए थोड़ा सा जरूर कहना चाहूंगी। यह जो फिरोजपुर झिरका है, मेवात का जो क्षेत्र है उसमें 540 गांव और ढानियां शामिल हैं। हथीन खण्ड में 90 गांव हैं। इनकी कुल जनसंख्या 8.31 लाख है। मुझे प्रसन्नता नहीं है कि वहां पर इतनी मौतें हुई हैं। जिस परिवार का कोई व्यक्ति जाता है उसे बहुत पीड़ा होती है। खुर्शीद भाई, आपने जो कुपोषण की हालत वर्णित की है, अगर कुपोषण की हालत मैं कहूं तो दिल कांप जाए। मृत्यु दर एक हजार के पीछे 9 है। अगर मेरे हिसाब से देखा जाए तो वहां पर बच्चों और औरतों की अधिक मृत्यु हुई है। मेवात की यह दशा निर्धनता के साथ-साथ पिछली सरकार की लापरवाही, अज्ञानता और अनपढ़ता के कारण हुई है। चौधरी बंसी लाल जी के नेतृत्व में आने वाले वक्त में हम शिक्षा और चिकित्सा की तरफ पूरा ध्यान देंगे। एक और अन्य मैम्बर ने पूछा है कि वहां पर कितनी सी०एच०सीज० और पी०एच०सीज० हैं। वहां पर चार सी०एच०सीज० और 18 पी०एच०सीज० हैं। डाक्टरों के बारे में भी कहा कि वहां पर 36 सैंक्शंज पोस्टस हैं और 17 पद रिक्त हैं। हमने वहां 21 और डाक्टर लगाए हैं। ताकि वहां पर कोई दिक्कत नहीं आए। लैब टैक्नीशियन की 12 पोस्टें खाली थीं हमने 16 लगाए। मल्टी परपज वर्कर्ज की 73 पोस्ट थीं, 21 खाली थीं और हमने 61 लगा दिए ताकि वे वहां पर जाकर काम कर सकें। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि यह सरकार सावधान थी। हमने फिरोजपुर झिरका जैसी जगह पर 30 बैड के हास्पिटल को 50 बैड का हास्पिटल कर दिया। वहां पर बल्ड बैंक भी खोला यह कोई आसान काम नहीं है। हमने वहां पर हीमोग्लोबिन टैस्ट किया, 146 लोगों का 2.3 ग्राम, 286 लोगों का 3 से 4 ग्राम था, 138 का 4 से 5 ग्राम था, 83 लोगों का 5 से 6 ग्राम था, 47 लोगों का 6 ग्राम था और 146 लोगों का 6 ग्राम से ऊपर खून था। हमने वहां पर बाहर से रक्त मंगवाया था और 863 यूनिट खून रक्त अल्पता वाले रोगियों को चढ़ाया ताकि उनके अन्दर कुछ शक्ति आए और हीमोग्लोबिन बढ़े। ऐसी हमने कोशिशें की हैं। मुख्यमंत्री जी ने आपात राहत कोष से हमें 6 करोड़ रुपये दिये और उस पैसे से हमने फोगिंग मशीनें मंगवाई। पिछली सरकार के वक्त में हरियाणा के अन्दर केवल 14 छोटी फोगिंग मशीनें थीं जैसे ही हमारे यहां इस बीमारी की चर्चा हुई हमने 160 मशीनें जर्मनी से तत्काल मंगवाई। इसके अलावा 10 बड़ी मशीनें भी मंगवाई जो व्हीकल में रख कर प्रयोग की जाती हैं और धूंआ छोड़ती है। हमने दो करोड़ दस लाख का मैलाथियान और इसके साथ और भी दवाईयां खरीदी जिससे इस बीमारी की रोकथाम की जा सके। केन्द्र की मैडिकल टीम का जो सर्वेक्षण हुआ है उसमें कहा है कि यह डेंगू और फेलसीयेरम मलेरिया चार-पांच साल तक हरियाणा या उत्तरी भारत में रहेगा। इनके मच्छर एक बार जब जन्म लेते हैं तो उनको खत्म करने में बहुत मुश्किल होती है। हमने पहले

19.00 बजे

[डॉ० कमला वर्मा]

ही उसकी रोकथाम करने के लिए यह सारा इंतजाम किया है और जो दवाईयां हैं वह खरीदकर लोगों को दे रहे हैं। हमें यह बात भी पता है कि मलेरिया बुखार के लिए कुनीन की गोली दी जाती है, पर इस समय उसका प्रभाव न देख कर हमने मटैराकलफिन जो कि बहुत मंहगी गोली है, उन लोगों को दी है ताकि बीमारी पर किसी तरह से नियंत्रण पाया जा सके। हमने मेवात के क्षेत्र में 37 चिकित्सक और 126 पैरा मेडीकल स्टाफ को भेजा ताकि इस गंभीर समस्या का हम किसी तरह से मुकाबला कर सकें। हमने 863 यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया है। इसी तरह से कुपोषण की बात आयी। यहां पर कहा गया कि हमने दवाईयों के साथ साथ कुछ भी वहां पर खाने पीने का सामान नहीं भेजा। मैं सदन को बताना चाहती हूं कि हमने 2200 क्विंटल गेंहू, 257 क्विंटल आटा, 225 क्विंटल चावल, 90 क्विंटल पंजीरी, 75 क्विंटल घी तथा शूगर और काफी मात्रा में दूध पाऊडर वहां भेजा। आज भी मैं सदन को विश्वास दिलाती हूं कि और भी जितना हमसे हो सकेगा हम वहां सामान भेजेंगे। हमने यह भी निर्णय लिया है कि हम वहां से ब्लड बैंक तब तक नहीं उठाएंगे जब तक वहां के लोगों का होमोग्लोबिन नहीं बढ़ जाता। इसी तरह से हमारी टीमें वहां पर तब तक काम करती रहेंगी जब तक लोग पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते। इसी तरह से मैं मलेरिया के केसिज में भी कह सकती हूं कि मैं मेवात में कम से कम बीस गांवों के अन्दर गयी हूं। मैं जब कंसाली गांव में गयी थी तो मेरे साथ कंवर सूरजपाल जी भी थे। इनके एक बहुत पुराने साथी भी जब हमें वहां मिले तो मैंने उनसे पूछा कि यहां पर बुखार की क्या स्थिति है तो उन्होंने कहा कि 250 या 300 लोग मरे हैं। थोड़ी देर बाद जब वहां पर 400 के आसपास लोग इकट्ठे हुए तो उनमें से एक 50-60 साल के सज्जन ने खड़े होकर कहा कि इतने लोग नहीं मरे बल्कि केवल 18 लोग अभी तक मरे हैं और एक आदमी आज मरा है यानी कुल 19 लोग मरे हैं । तो अगर हाऊस की एक कमेटी इस बात की इंक्वायरी के लिये बना भी दी जाती है तो दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जाएगा। अध्यक्ष महोदय, मैं भजनलाल जी से पूछना चाहूंगी कि एक जनवरी, 1996 से लेकर 31 मई, 1996 तक जो 1466 मौतें हुई वह किस कारण से हुई हैं ? ये बताएं कि तब कौन सा मलेरिया और डेंगू आया था। आप अपनी जिम्मेदारी को भी देखें। इसका कारण यह था कि आपने वहां पर निर्धनता को दूर नहीं किया, लोगों को एजूकेशन नहीं दी और न ही वहां पर पानी निकलवाया। जब मैं वहां पर गयी तो लोग कहने लगे कि अब वहां पर खेतों से पानी निकल गया है और अब हमने वहां पर खेती करनी शुरू कर दी है। वे कहने लगे कि अभी तक यहां जो भारी समस्या थी अब वह खेती होने पर दूर हो जाएगी। सर, मैं जितने आंकड़े लेकर आयी हूं उनके अनुसार मलेरिया के केसिज 16204 सामने आये हैं। हमने टोटल ब्लड स्लाइड मलेरिया के केसिज की 172287 ली थीं जिसमें से 16204 के मलेरिया के पौजिटिव केसिज पाए गए। फिर भी अगर कमेटी बनेगी तो और सही आंकड़े पता चल जाएंगे। प्रभावित एरिया के अंदर हमारे हैल्थ सैक्रेटरी एवं हैल्थ डायरेक्टर गए हैं और एक हैल्थ निदेशक तो पिछले दो महीने से अभी तक वहीं पर ही हैं ताकि डाक्टर्ज की वहां पर कोई कमी न हो और पूरी दवाईयां लोगों को मिलती रहें। यहां पर केवल आलोचना करने के लिए कह दिया कि हमने कोई दवाई नहीं दी, कोई पानी नहीं निकाला या वहां कोई सामान नहीं भेजा यह ठीक नहीं है। यह बात सही है कि अपोजीशन के नाते इनका धर्म है ये कह सकते हैं लेकिन मैं सदन को सच्चाई बताना चाहती हूं कि आज तक केवल 3898 मौतें हुई हैं। (विघ्न) बुखार से संबंधित मृत्यु 2047 हुई हैं। मैं फिर भजन लाल जी से जानना चाहूंगी कि पहली जनवरी, 1996 से लेकर 31 मई, 1996 तक जो 1466 मौतें हुई हैं वह किस कारण से हुई हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहती हूं कि जैसे ही हमें पता लगा कि रोहतक मैडीकल कालेज की टीमें वहां सर्वेक्षण करके गई हैं और उन्होंने बताया कि हरियाणा में इस बुखार की

रोकथाम कैसे हो सकती है। हमने 3 बार बी0एस०सी० का छिड़काव किया और उसके बाद मैलाथियान का 259 गांवों में छिड़काव कराया।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि 3898 डैथ अकेले मेवात एरिया में हुई थीं या पूरे प्रान्त में हुई थीं ?

**डॉ० कमला वर्मा :** यह अकेले मेवात में हुई थीं।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** पूरे प्रान्त की फिग्गर भी दे दें तो अच्छा रहेगा।

**डॉ० कमला वर्मा :** मैं वह फिग्गर भी दे दूंगी। अध्यक्ष महोदय, हमने दो ब्लड सैप्रेटर मशीनें मंगवाईं। एक रोहतक मैडिकल कालेज और एक फरीदाबाद में इस सरकार ने दो मशीनें मंगवाई क्योंकि डेंगू में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं। जहां खून की जरूरत थी तो हमने खून दिया। ब्लड प्लेटलेट्स की जरूरत थी तो हमने ब्लड प्लेटलेट्स दिए। जहां दिल्ली के समीप होने के कारण फरीदाबाद में डेंगू फैला। फरीदाबाद में 1378 केसिज डेंगू के हुए उनमें से 38 मौतें हुई। भिवानी में 7 केसिज हुए और एक की डैथ हुई, गुड़गांव में 23 केसिज हुए जिनमें से 2 की डैथ हुई, हिसार में 7 केसिज थे उनमें से 2 की डैथ हुई, जींद में 4 केसिज हुए कोई डैथ नहीं हुई, करनाल में 8 केसिज थे जिनमें से 3 की डैथ हुई, पंचकूला में 6 डेंगू के केस थे कोई डैथ नहीं हुई, रिवाड़ी में दो केस थे एक की डैथ हुई, रोहतक में 46 केस थे कोई डैथ नहीं। (शोर) मेहम के बारे में जब मैंने अखबारों में पढ़ा तो मैं अगले ही दिन वहां पहुंची और मैं निन्दाणा गांव के अंदर गई। वहां के लोग मुझे मिलने के लिए आए और उन्होंने मुझे बताया कि बहिन जी आपसे मिलने दो ग्रुप आएंगे उनकी भजन लाल जी के राज में आदत पड़ गई है मुआवजा लेने की। वे आपसे झूठ बोलेंगे कि हमारे गांव के 500 आदमी मर गये, हमारे गांव के एक हजार आदमी मर गये। स्पीकर सर, जिस गांव के 300-400 आदमियों की मौत हो जाए उस गांव के अंदर सन्नाटा छाया रहता है। शमशान जैसी शांति होती है लेकिन जब मैं निन्दाणा गांव में गई तो वहां 400-500 लोगों ने मेरे साथ खुलकर बातचीत की। वहां पर जो गल्ती थी वह हमने मानी। वह गल्ती यह थी कि एक हरिजन कालोनी में थोड़ा सा पानी खड़ा था। मैंने तुरन्त वहां के एस०डी०एम० को बुलाकर कहा कि मुझे यह पानी कल तक इस कालोनी से बाहर मिलना चाहिए। उसने कहा कि मैं कट्टे लगाकर बांध बंद कर दूंगा और पानी को निकाल दूंगा। विपक्षी दल के विधायकों लोगों की समस्याओं का हल करना सीखो। सारे प्रान्त के अन्दर 1582 केसिज डेंगू के हुए हैं जिनमें से सिर्फ 52 की मृत्यु हुई है। इतनी जल्दी इस बीमारी की रोकथाम का श्रेय इस सरकार को जाता है। इस रोग में हमने सिर्फ औषधियों से ही उपचार नहीं किया। (विघ्न)

**श्री बलबीर सिंह :** स्पीकर साहब, *

**श्री अध्यक्ष :** बलबीर जी, आप बैठ जाएं।

**श्री बलबीर सिंह :** स्पीकर साहब, *

**श्री अध्यक्ष :** जो बलबीर जी कह रहे हैं उसे रिकार्ड न किया जाए।

**डॉ० कमला वर्मा :** अध्यक्ष महोदय, हमने दवाई और छिड़काव से ही इस रोग की रोकथाम नहीं की बल्कि हमने निजी सम्पर्क करके अपने आंगनबाड़ी व हैल्थ वर्करों को घर-घर भेजा कि लोगों को समझाओ कि स्वच्छता का ध्यान रखें, स्वच्छता कैसे रखनी है। इसके साथ ही पम्फलेट निकाले और केवल

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

[डॉ० कमला वर्मा]
टी०वी०, रेडियो व दूरदर्शन के माध्यम से लोगों को शिक्षित किया कि किस प्रकार सफाई रखकर ठीक उपचार कर सकते हो।

माननीय चीफ सक्रेटरी की अध्यक्षता में हमने एक समिति गठित की है और उस समिति की दो मीटिंग गुड़गांव और हिसार में हो चुकी हैं। हम चाहते हैं कि म्यूनिसिपल कमेटीज़ और पंचायतें भी अपनी जिम्मेवारी को समझकर अगर अपने अपने इलाके की सफाई रखें और मच्छर पैदा न होने दें तो बीमारी की काफी हद तक रोकथाम हो सकती है। इसलिए हमने जो भी काम किया है वह बड़े कंस्ट्रक्टिव ढंग से किया है। हम चाहते हैं कि मेवात के लोगों को राहत मिले और डेगूं की या मलेरिया की बीमारी आगे न फैलने पाये। हमारे आदरणीय मुख्यमंत्री महोदय पानी की निकासी की जो योजना बना रहे हैं तो आगे आनेवाले समय में मलेरिया या डेगूं नहीं फैल सकेगा। नेशनल टीम चाहे कहती रहे कि चार-पांच साल तक डेगूं फैल सकता है, लेकिन हरियाणा में हम डेगूं की रोकथाम का पूरा प्रबन्ध करेंगे। ऐसा मैं सदन को विश्वास दिलाती हूं। (थेम्पिंग)

**Mr. Speaker :** Now, I request the leader of the House to say a few words.

**मुख्यमंत्री (श्री बंसी लाल ) :** अध्यक्ष महोदय, जो बहस पौने तीन घण्टे से चल रही है उसके बारे में मैं कुछ कहना चाहूंगा। हमारे विरोधी दलों के दोनों नेता बैठे हुए हैं, उन्होंने ड्रामा तो बहुत किया लेकिन ड्रामे से असलियत नहीं छिप सकती। ड्रामा करने से असलियत को छिपाया नहीं जा सकता। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइंट ऑफ आर्डर है। यह कोई सभ्य भाषा नहीं है जो श्री बंसी लाल जी बोल रहे हैं कि हमने जो कुछ कहा है वह ड्रामा मात्र है। ये काफी सीनियर नेता हैं और ऐसी भाषा बोलें, यह अच्छा नहीं लगता। इनकी हैल्थ मिनिस्टर ने इनको खुड्डे लगा दिया है जिन्होंने कहा है कि मेवात में चार हजार से ज्यादा मौतें हुई हैं। जबकि ये 900 बता रहे है।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, इस भाई ने उम्र में कभी सच तो बोला नहीं जिस दिन यह सच बोलेगा उस दिन सब बीमारी दूर हो जायेगी। अध्यक्ष महोदय, यह जो बीमारी आई इसका कारण क्या था ? इसका कारण था - presence or increase in the virus of viral and Dengu in the entire region, i.e., Western U.P., Rajasthan, Delhi, Punjab and Haryana. पिछले साल जो बाढ़ आई थी उसका कारण था कि उजीना ड्रेन की अच्छी तरह से सफाई नहीं हो पायी थी। जितनी बार उसकी सफाई की गई उसमें मोआश्चर था हम उसको साफ करना चाहते थे। चौधरी भजन लाल जी ने भी कहा और दूसरे साथियों ने भी कहा, शायद चौटाला साहब ने भी कहा कि मैंने कहा था कि हमारी सरकार आने के बाद प्रदेश में बाढ़ नहीं आयेगी।

अध्यक्ष महोदय, 11 मई को हमारी सरकार ने कार्यभार संभाला और फर्स्ट वीक ऑफ जून में मैं अम्बाला से लेकर नारनौल तक और मेवात तक सभी जगहों पर सर्वे करके आया। चीफ इंजीनियर और फाइनैंशियल कमीशनर इरीगेशन भी मेरे साथ थे। मौके पर मैंने उनको हिदायत दी कि यह काम पूरा करो। अध्यक्ष महोदय, हमने इतना अधिक काम किया कि पिछले साल के मुकाबले दक्षिण हरियाणा में ढ़ाई गुणा बारिश हुई। मैं आपको फिगर बताऊं कि जब नौर्मल बारिश होती है तो मेवात में 400 मि0 मी० होती है। पिछले साल 860 मि० मी० हुई, इस साल 1923 मि०मी० हुई और इसके अलावा 3०

हजार क्यूसिक पानी राजस्थान से लास्ट वीक ऑफ जून में आया। हमने 27-8-96 को मेवात का पानी निकालना शुरू किया था। लेकिन पानी एक तो यहां की बारिश का और दूसरे जो राजस्थान से आया था, खड़ा था। उस वक्त मच्छरों के अंडे देने का और नए मच्छर पैदा होने का सीज़न भी पीक पर था। इसलिए मच्छर बढ़ गए। हमने स्प्रे भी करवाया, एक बार नहीं, तीन बार हमने स्प्रे करवाया। लेकिन उस वक्त मच्छरों को हम इतनी आसानी से कंट्रोल नहीं कर सकते थे क्योंकि उस समय मच्छरों के ट्रांसफ्यूज़न का समय था। अगर मैं यह कहूं कि अब की बार पिछली बार से ज्यादा पानी आया है, तो मैं गलत नहीं हूं। अध्यक्ष महोदय, पिछले साल हरियाणा में 30-11-95 को एक लाख 18 हजार एकड़ धरती में पानी खड़ा था। लेकिन अध्यक्ष महोदय, इस साल 30-11-96 को करीब 4 हजार एकड़ में तो पानी कोटला लेक में रहा होगा। पूरे मेवात को मिलाकर जो ज्यादा डिप्रैशन की जगह है वह 200-250 एकड़ है लेकिन इससे ज्यादा नहीं है। (थंपिंग) अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा आज भी हमने 500 क्यूसिक के करीब पानी कोटला लेक से और मेवात के गांवों से बाहर निकाला है और जो एक भाई बार-बार बोल रहे हैं, उनको पता तो कुछ है नहीं। मैं उनको बता देता हूं कि मेहम हल्के के मोखरा गांव में पानी है। मोखरा गांव में अभी कोई 1200-1500 एकड़ के बीच में पानी है। कई जगह तो शैलो वाटर है जिसको पम्प नहीं उठा सकता है । जहां से पम्प उठा सकता है, वहां से पानी हम जरूर निकाल देंगे लेकिन इसके बावजूद भी मोखरा में एक हजार एकड़ में पानी रहे तो वह चौआ की वजह से है, जिसका ईलाज करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, अध्यक्ष महोदय, हमने दो ड्रेनें मेहम हल्के के लिये मंजूर की हैं जिनके ऊपर 20-22 करोड़ रुपये लगेगा। एक मेहम से ड्रेन नं० 8 तक और दूसरी लाखनमाजरा से ड्रेन नं० 8 तक। इस साल निदाना का पानी निकलना लेट शुरू हुआ क्योंकि वहां पर दो अलग-अलग पाने थे और दोनों का आपस में झगड़ा था। एक कहता था कि हम अपनी जमीन से पानी नहीं निकलने देंगे तो दूसरा भी ऐसी ही कहता था। उस वजह से पानी निकालने की शुरूआत करने में देरी हुई। मैं बताना चाहता हूं कि जब निंदाना में ड्रेन को शुरू करने वहां पर इंजीनियर गए तो लोगों ने कहा कि वे पानी नहीं निकलने देंगे। उन के कागज़ छीन लिए गए और उनके नक्शे वगैरह फाड़ दिए गए जो कि हमने दुबारा तैयार करवाए। इसी तरह से मोखरा में दुकानों का झगड़ा था। एक कहता कि यहां से पानी नहीं निकलने देंगे तो दूसरा कहता कि वहां से पानी नहीं निकलने देंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा 30-11-96 को 5 या 6 हजार एकड़ में पानी रह सकता है, उससे ज्यादा नहीं, अगर भगवान ने चाहा तो यह बाढ़ का पानी हम 15 दिसम्बर तक निकाल देंगे, इससे ज्यादा नहीं (थंपिंग)

**श्री भजनलाल :** क्या हरियाणा में अब की बार पिछले साल से ज्यादा बाढ़ आई है ?

**श्री बंसी लाल :** उससे कहीं ज्यादा आई है। मेवात में पिछले साल से ज्यादा बाढ़ भी आई है और बारिश भी ज्यादा हुई है। अध्यक्ष महोदय, जैसे कि मैंने आपको बताया पिछले साल 2840 गांवों में पानी आया था, लेकिन इस साल 37763 एकड़ में पानी आया है।

**श्री भजन लाल :** गांव कितने हैं।

**श्री बंसी लाल :** गांव तो उतने नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, इस बार रोहतक जिले में अलग और दूसरे ईलाकों में अलग बाढ़ का पानी आया लेकिन हमने वह भी निकाल दिया। अध्यक्ष महोदय, ड्रेन नम्बर 8 जोकि सबसे बड़ी ड्रेन है उसकी सफाई करवा दी है। ड्रेन नम्बर 6 की भी काफी सफाई कर दी गई है। इस वजह से वहां पर बाढ़ का पानी नहीं ठहरा। पिछली बार भी बाढ़ का पानी कहीं बाहर से चल कर नहीं आया था।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** ये कह रहे हैं कि बाढ़ का पानी कहीं नहीं ठहरा है सारा निकाल दिया लेकिन मैं कहता हूं कि जहां जहां पर भी बाढ़ का पानी आया वह आज तक नहीं निकला है। मैंने पहले भी कहा था और पुनः दोहराता हूं कि आप स्वयं वहां पर गए थे और आपने कहा था कि 30 सितम्बर तक हरियाणा प्रदेश की सारी भूमि में बाढ़ के पानी की एक बूंद भी नहीं रहेगी। आज आप 15 दिसम्बर की बात कर रहे हैं। जिन गांवों में बाढ़ का पानी आया था उनमें आज भी वह पानी खड़ा है। वह पानी निकल नहीं पाया है। यह सरकार के लिए एक बहुत ही शर्मनाक बात है। जड़मत गांव की गलियों में आज भी बाढ़ का पानी खड़ा है। लोगों को हाजत रफा के लिए जगह नहीं है। उस गांव में हाजत रफा के लिए लोगों की लाइनें लगती हैं। एक रस्सी लगाई हुई है उस रस्सी के एक तरफ से औरतें हाजत रफा के लिए लाईन में जाती हैं और दूसरी तरफ से आदमी जाते हैं। उस गांव की यह स्थिति मैं खुद देख कर आया हूं। उस क्षेत्र के नुमाइंदे चौधरी खुर्शीद अहमद जी यहां हाऊस में बैठे हैं। आप इनसे पूछ सकते हैं कि उस गांव की कैसी हालत है।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, अगर किसी एक आध गांव में बाढ़ का पानी खड़ा हो तो मैं कह नहीं सकता लेकिन बाढ़ का पानी हरियाणा प्रदेश में कहीं पर नहीं खड़ा है। इस साल जो बाढ़ का पानी आया था वह 60,793 क्यूसिक्स डेज आया था यानि। 1 लाख 21 हजार 586 एकड़ फीट पानी आया था और पिछले साल एक लाख 51,117 क्यूसिक्स डेज पानी आया था यानि 3 लाख 2 हजार 234 एकड़ फीट पानी आया था। इस साल लगभग अढ़ाई गुणा ज्यादा पानी आया था। कोटला लेक में पिछले साल 6-11-90 एकड़ फीट पानी था और इस साल उसमें 621.23 एकड़ फीट पानी है। आप खुद देख सकते हैं कि इसमें कितना फर्क है। अध्यक्ष महोदय, इस समय 500 क्यूसिक्स से ज्यादा बाढ़ का पानी पर डे ड्रेन आउट किया जा रहा है। पिछले साल मार्च-अप्रैल तक बाढ़ का पानी निकाला था फिर भी पार नहीं पड़ी थी। अध्यक्ष महोदय, आगे आने वाले समय में हम क्या काम करेंगे, वह मैं आपके सामने बता देता हूं। हम ड्रेन्ज का पूरा प्रबंध करेंगे। जो बांध टूट गए, जो तैयार नहीं हो सके उनको तैयार कराएंगे। पिछली सरकारों की जो 10 साल की गंदगी थी वह साफ नहीं हो सकी जिसके कारण यह बीमारी फैली उसको ठीक करेंगे। ताकि आगे आने वाले समय में कोई बीमारी न फैले और न ही कहीं पर बाढ़ का पानी खड़ा रहे।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मुख्य मंत्री जी से मोहतबाना अर्ज करूंगा कि अगर आप स्वयं अरावली बांध पर चले जाते तो वहां के औफिसर्ज पर अंकुश लगता और उसके जो गेटस जंग लगने का कारण बंद पड़े थे वे टाईम पर खोल दिये जाते। इसी प्रकार से अगर आप ऊजीना डाईवर्शन ड्रेन पर स्वयं चले जाते तो यह हादसा न होता। क्योंकि वह पानी जमुना में चला जाता।

### बैठक का समय बढ़ाना

**श्री अध्यक्ष :** अगर हाउस की सहमति हो तो बैठक का समय आधा घंटा ओर बढ़ा दिया जाए।

**आवाजें :** ठीक है जी।

**श्री अध्यक्ष :** बैठक का समय आधा घंटा और बढ़ाया जाता है।

### मेवात क्षेत्र में डेंगू तथा मलेरिया बुखार के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के संबंध में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति (पुनरारम्भ)

**श्री बंसी लाल :** 23 जून को मेवात क्षेत्र में बारिश आई। मैं शिमला गया हुआ था। 24 जून

को मुझे टैलीफोन पर बताया गया कि मेवात क्षेत्र में बारिश आई है। मैं शिमला से वापस आया और 26 जून को मैं मेवात में था और उस वक्त मैं राजस्थान के बौर्डर तक गया था।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** बंसी लाल जी, आप 7-8 जून को जब मेवात गए थे उस वक्त यदि आप अरावली तक चले जाते तो यह नौबत न आती। क्योंकि वहां पर जो बांध है उसके दरवाजों पर जंग लगा हुआ था, चेन टूटी हुई थी यदि आप वहां तक चले जाते तो अधिकारियों में डर पैदा होता।

**श्री बंसी लाल :** मैं 8-9 और 26 जून को भी मेवात में था। मैं वहां पर दो बार गया था। वहां पर जितना काम करने का था, उस बारे में मैंने मौके पर हिदायत दी और मैं खुद डे-टू-डे मौनिटरिंग कर रहा था। (विघ्न) मैं बताना चाहूंगा कि उजीना ड्रेन की सफाई हम अगले मौनसून से पहले करवा देंगे। इस बार जो परेशानी हुई उसका कारण यह था कि पिछले 10 साल से जो गंद था बल्कि उससे भी ज्यादा का उसको हटाने की कोशिश की गई थी। 8-9 जून को तो काम हो रहा था लेकिन 23 जून को बाढ़ आ गई तो फिर वह काम पूरा कैसे हो सकता था। मैं अलवर भी गया और सेतली भी गया तथा हरियाणा की सीमा पर राजस्थान के टूटे हुए बांध की इन्स्पैक्शन भी करके आया। खुर्शीद जी कह रहे थे कि यदि हकूमत की नीयत ठीक हो तो सारी बातें ठीक हो सकती हैं। मैं बताना चाहूंगा कि हकूमत की नीयत बिल्कुल नेक और साफ है। खुर्शीद जी से मेरी बात हुई और मैंने उनको बताया कि हमने क्या क्या कदम उठायें हैं।

**Shri Khurshid Ahmed :** Then I whished all success.

**Shri Bansi Lal :** He was fully satisfied. Let him say no.

**Shri Khurhid Ahmed :** I will be satisfied when you will complete all the schemes.

**श्री बंसी लाल :** चौधरी खुर्शीद अहमद ने कहा कि बारिश का पानी तो निकल रहा है लेकिन उस इलाके में क्या-क्या फसल हो सकती है इसका भी पता लगाया जाना चाहिए। मैं बताना चाहूंगा कि मैंने हिसार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर को कहा कि आप अपनी टीम वहां पर भेजें और पता लगाएं कि उस एरिया में क्या क्या फसलें हो सकती हैं। मैंने इस बारे में इनको जुबानी भी बताया और टैलीफोन पर भी बताया । मैंने इनके सामने इन्जीनियर-इन-चीफ को भी कह दिया था और शाम को आदमी मौके पर थे।इसके अलावा लेक ऑफ सैनिटेशन की गड़बड़ थी क्योंकि पिछली सरकार ने कुछ काम नहीं किया था। लोग बाहर जंगल फिरने तक के लिए नहीं जा सकते हैं और न ही मवेशी जा सकते हैं। पिछले साल के फ्लड का गन्द अगर निकल जाता तो भी कुछ बचाव हो जाता लेकिन उस गन्द को निकालने में ही काफी मुश्किल हुई। जहां तक डॉक्टरों का सम्बन्ध है, डॉक्टरों की कमी है। यह कमी हमारी सरकार की कमी नहीं है बल्कि पिछली सरकार से हमें मिली है। जो पोस्टें खाली पड़ी हैं उनको भरने के लिए हमारी सरकार ने पब्लिक सर्विस कमीशन को रिक्विजीशन भेज दी है। चौधरी भजन लाल की सरकार की रिवायत थी कि जो भी पोस्ट भरनी हो उसे पब्लिक सर्विस कमीशन के प्रव्यू से बाहर निकाल लेते थे। अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने कोई भी पोस्ट पब्लिक सर्विस कमीशन या एस०एस०एस० बोर्ड के प्रव्यू से बाहर नहीं निकाली है। (विघ्न)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मुख्य मंत्री जी के नोटिस में एक बात लाना चाहता हूं। पब्लिक सर्विस कमीशन और एस०एस०एस०बोर्ड के प्रव्यू से पोस्ट बाहर निकालने की बात इन्होंने कही है। अभी थोड़ी देर पहले आज ही शिक्षा मंत्री जी ने हाउस में कहा है कि टीचर्ज की

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]
पोस्टों के लिए एस०एस०एस० बोर्ड के सिलेक्शन का हम इन्तजार नहीं करेंगे, ये 4 हजार टीचर्ज की एडहॉक भर्ती करने जा रहे हैं।

**श्री राम विलास शर्मा :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। ये किसी बात को ध्यान से नहीं सुनते हैं। मैंने कैटेगरीकली यह कहा है कि 7 तारीख को ट्रिब्यून और दूसरे अखबारों में हमने एडवर्टाईज़मैंट दी है। एस०एस०एस० बोर्ड से भर्ती करने में कुछ वक्त लगता है और इस प्रोसैस में 4-6 महीने लग सकते हैं। बच्चों के कैरियर को हम खराब नहीं होने देंगे इसलिए एड-हॉक भर्ती करेंगे इसमें प्रव्यू से बाहर निकालने की कोई बात नहीं है। (विघ्न)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी कह रहे हैं कि एस०एस०एस०बोर्ड और पब्लिक सर्विस कमीशन के प्रव्यू से बाहर निकाल कर कोई पोस्ट की भर्ती नहीं करेंगे जब कि शिक्षा मंत्री जी कह रहे हैं कि एस०एस०एस० बोर्ड की बजाए एड-हॉक भर्ती करने जा रहे हैं। इन दोनों के मुतवाद किस्म के ब्यान हैं, आप फैसला करें कि कौन ठीक कह रहा है। सारा मामला आपके सामने है और इनकी बात प्रोसीडिंग्ज़ में दर्ज है। (विघ्न)

**श्री राम विलास शर्मा :** स्पीकर सर, हमने एस० एस० एस० बोर्ड के माध्यम से एडवर्टाईज़मैंट दी है। उसकी भर्ती की प्रक्रिया में कुछ समय लगता है और बच्चों की परीक्षाएं नज़दीक आ रही है इसलिए हमने बाकायदा मैंशन किया है कि काण्ट्रैक्ट बेसिज़ पर इस कैटेगरीज़ के अध्यापकों को हम रख रहे हैं। (विघ्न) चौटाला साहब दरअसल पढ़ते तो हैं नहीं इस लिए इस प्रकार की बात कह देते हैं। प्रव्यू से निकालने की कोई बात नहीं है।

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला साहब, अब आप बैठिये। (विघ्न)

**डॉ० वीरेन्द्र पाल अहलावत :** अध्यक्ष महोदय, अभी हमारे शिक्षा मंत्री महोदय ने कहा है कि हम दो महीने तक इन्तजार नहीं कर सकते हैं। दूसरी ओर शिक्षा मंत्री महोदय का यूनिवर्सिटी की ओर बिल्कुल कोई ध्यान नहीं है। पिछले साल के रिजल्टस अभी तक नहीं आए हैं। वहां पर एक-एक साल तो बच्चों का बर्बाद हो गया है दूसरा साल भी बर्बाद होने जा रहा है। क्या शिक्षा मंत्री महोदय को वहां की कोई चिन्ता नहीं है, वहां लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर है, क्या शिक्षा मंत्री महोदय इस बारे में कुछ करेंगे ?

**श्री अध्यक्ष :** आप यह ईशू अलग से लाएं, इस पर डिस्कशन करवा देंगे।

**श्री बंसी लाल :** स्पीकर सर, रणदीप सिंह सुरजेवाला मेवात की बात कह रहे थे। मुझे उनकी बात से ताज़ुब हुआ कि उनको भी मेवात के लोगों से तथा गरीबों से कोई हमदर्दी है। चौटाला साहब ने कहा कि प्रधान मंत्री जी का लैटर भी आया, वह लैटर आया है और उसका जवाब भी दे दिया है। (विघ्न)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** लैटर की कॉपी आप दिखाएं। (विघ्न)

**श्री बंसी लाल :** लैटर दिखाने की कोई बात नहीं है, लैटर की कॉपी तो इनके पास होगी। ये लैटर लिखवा कर आए होंगे, हमें तो पता नहीं (विघ्न)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** उस लैटर में प्रधान मंत्री ने अप्रसन्नता व्यक्त की है। अध्यक्ष महोदय, आप इन्हें कहें कि ये बताएं कि अप्रसन्नता व्यक्त की है या नहीं की है। (विघ्न)

**श्री बंसी लाल :** स्पीकर साहब, कोई अप्रसन्नता जाहिर नहीं की है। हम कुछ कहते हैं ये उसे कुछ समझते हैं। उन्होंने "ग्रेव सिचुऐशन" लिखा है और यह "ग्रेव सिचुऐशन" भी हमने ही लिखा था और उसी पत्र का जवाब आया है। "ग्रेव सिचुऐशन" तो हमने ही लिखा है। हमें मेवात के लोगों से पूरी हमदर्दी है वे हमारे दुश्मन नहीं हैं we want to save each and every life. रोहतक का जहां तक सम्बन्ध है, जितनी सहायता भेज सकते थे भेजी है। जहां तक भी सहायता की जरूरत होगी हम उससे पीछे नहीं हटेंगे और वहां पर सर्दी से बचने के लिए कम्बल भी भिजवाएंगे। अध्यक्ष महोदय, इन्हें आप हाउस में बैठने का तरीका सिखाएं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा हूं कि लीडर ऑफ दि हाउस, हाउस को गुमराह कर रहे हैं।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि आज भी जिन खेतों में पानी खड़ा है, क्या ये वहां पर मुआवजा देंगे। इसके साथ ही वहां पर कितने लोग मर गये हैं, उनके बारे में क्या ये सही आंकड़े हाउस में देंगे ?

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, इनके राज में मलेरिया कंट्रोल करने के लिए 14 मशीनें थीं। अब जैसे ही मलेरिया आया हमने 160 फोगिंग मशीनें जापान से हवाई जहाज से मंगवाई हैं। (शोर) हम भारत सरकार के भी शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने हमें एक मशीन दी और उसके भी आधे पुर्जे हमें डालने पड़े। हमने भारत सरकार को मेवात की सीरियसनैस से अवगत करवाया। उनकी एक टीम आई और देखकर गई, मगर एक पैसा हमें उनसे नहीं मिला। (विघ्न) चौटाला साहब, प्राईम मिनिस्टर जी के पास जाकर चिट्ठी लिखवाकर आए हैं, अब ये उनके पास जाकर कहें कि चिट्ठी तो लिख दी है हमें ग्रांट भी दें। आन्ध्र प्रदेश को तो पैसा मिल गया है, हरियाणा गर्वनमैंट को भी पैसा दें। धीर पाल जी ने कह दिया कि हमारी पार्टी फेल हो गई है। अब यह फेल हो गई है या पास हो गई है, यह तो झज्जर के बाई-इलैक्शन ने ही बता दिया है। हम 26 हजार 9 सौ वोट से जीत कर आए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैंने तो इस इलैक्शन में केवल पौने दो दिन ही लगाए हैं। चौधरी देवी लाल जी जो इनकी पार्टी की तोप हैं, वे वहां पर 15 दिन रहे, चौधरी ओम प्रकाश चौटाला, देवी लाल जी का पोता और पूरे का पूरा कुनबा वहां पर गया था। हमने पिछली बार से इस बार 20 हजार वोटों की बढ़ोतरी की है। चौटाला जी और भजन लाल जी कहते थे कि यह एक रैफरैन्डम होगा, अब तो इसको मानो।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। हमने 1991 में भी 12 हजार वोट लिये थे और आज भी 12 हजार ही लिये हैं। उसमें कोई कसर नहीं रही। चौधरी बंसी लाल 1987 में बाई-इलैक्शन लड़े जब मैं सैन्टर में था और 95 प्रतिशत वोट लेकर आए लेकिन जब 6 महीने बाद जनरल चुनाव लड़े तो चुनाव हार गए।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, हमारे मिनिस्टर कंवर सूरज पाल जी का गांव मेवात के सैन्टर में है, जिसका नाम उजीना है, ये हर वक्त वहां पर चक्कर लगाते रहे। एग्रीकल्चर मिनिस्टर मेवात में चक्कर लगाते रहे, राव नरबीर सिंह मेवात में चक्कर लगाते रहे और हमारी हैल्थ मिनिस्टर साहिबा खुद मेवात में दौरा करके आईं। वहां पर अफसरों की मीटिंग हुई जो हैल्थ के महकमे के थे। भारत सरकार के हैल्थ के महकमे की जो टीम आई उन्होंने 6-11-96 को गुड़गांव में अन्डर दि चेयरमैनशिप आफ हैल्थ मिनिस्टर हरियाणा मीटिंग की। इस मीटिंग में कौन कौन हाजिर थे मैं आपको बताना चाहूंगा। श्री शिवलाल, डायरेक्टर, नैशनल मलेरिया इरैडीकेशन प्रोग्राम, डा० वी०पी० शर्मा डायरेक्टर एन०सी०आर० दिल्ली, डॉ

[श्री बंसी लाल]
एम०एल०कालरा, कंसलटैंट एन्टामोलाजिस्ट, एम०आर०ई०पी०, डॉ० आर०एस० शर्मा, फौर्मर डायरैक्टर, एम०एम०ई०पी०, डॉ० आर०एन० शर्मा, डिप्टी डायरैटर, एस०आर०ई०पी० तथा जो हरियाणा सरकार के तीन औफिसर्ज इस मीटिंग में थे, वे हैं - डॉ० पी०एल० जिंदल, डायरैक्टर हैल्थ सर्विसज, डॉ० बी०एम० धमीजा डायरैक्टर तथा डॉ० आर०एस०सचदेवा। इस तरह से इस मीटिंग में आठ में से तीन हमारे औफिसर्ज थे और पांच औफिसर्ज भारत सरकार के थे। अध्यक्ष महोदय, उस मीटिंग की प्रोसिडिंग्ज़ मैं आपको पढ़कर सुना देता हूं —

"The team showed full satisfaction with the measures being undertaken by the department like surveillance, treatment etc."

उस मीटिंग में डायरैक्टर, गवर्नमैंट आफ इंडिया, मलेरिया इरैडीकेशन ने यह कहा कि हरियाणा सरकार के हैल्थ डिपार्टमैंट ने यदि ट्रीटमैंट पहले से न बदला होता तो तीन हजार जानें और चली जातीं यानी इन्होंने पहले से ही सही काम किया और सही कदम उठाया। यह उन्होंने उस मीटिंग में कहा। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा चौधरी भजनलाल जी को तो यही नहीं पता कि डेंगू और मलेरिया में क्या अंतर है। हम मेवात की बात कर कहे हैं और वे डेंगू की बात कर रहे हैं। मेवात में मलेरिया और फैल्सीफर्म से लोग मरे हैं न कि डेंगू से। डेंगू से जो मरे हैं वे तो फरीदाबाद या दूसरी जगहों पर मरे हैं और वैसे भी डेंगू के केसिज के बारे में हैल्थ मिनिस्टर पहले ही बता चुकी हैं। अध्यक्ष महोदय, जो वह मीटिंग हुई थी तो उसमें हाजिर उन सभी भारत सरकार और हरियाणा सरकार के औफिसर्ज के दस्तखत हैं जो कि इस प्रोसिडिंग में दिये हुए हैं। उन्होंने अपनी फुल सैटिसफैक्शन शो की है on the action taken by the Health Department of Haryana. अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से खुर्शीद अहमद साहब ने कहा कि उगाही चल रही है। अगर किसी ने चलायी है तो वह गलती की है और वह आज से बंद हो जाएगी।

**श्री खुर्शीद अहमद :** क्या आप मीडियम तथा शोर्ट टर्म लोन की बात कह रहे हैं जो पी०एल०डी०बी० ने दिए हैं या फिर जो भारत सरकार के बैंको ने लोन दिए हुए हैं, उनकी बात कर रहे हैं ?

**श्री बंसी लाल :** जो कोआप्रेटिव सैक्टर के बैंक्स ने लोन दे रखे हैं, मैं उनके लिये कह रहा हूं। अध्यक्ष महोदय, पैसा तो हम और बहुत खर्च करते लेकिन पिछले साल चौधरी भजन लाल जी बड़ी शान से और बड़े जोर से आवाज लगाकर भारत सरकार से पैसा लाए थे जिसको इन्होंने कहा था कि मैं वहां से पौने छः सौ करोड़ रुपया सहायता के रूप में लाया हूं। लेकिन सहायता मिली हमको केवल चालीस करोड़ रुपयों से भी कम और बाकी सारा इंस्टीच्यूशंज का कर्जा था। भारत सरकार ने 300 करोड़ रुपया हरियाणा सरकार को दिया जिसका हमको 13 परसैंट ब्याज हर साल देना पड़ेगा और उसमें एक दिन की भी मौरेटोरियम नहीं है । इसी साल से हमको 100 करोड़ रुपया हर साल असल का और 39 करोड़ रुपया ब्याज का चुकाना पड़ेगा।

**श्री भजन लाल :** क्या वह दे दिया ?

**श्री बंसी लाल :** देंगे । देते आए हैं। वह तो भारत सरकार वहीं काट लेती है।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो आंकड़े दिये हैं वे ठीक नहीं हैं। भारत सरकार का एक नार्म बना हुआ है और उस नार्म के मुताबिक ही अगर किसी वक्त आपदा आ जाती है तो वह

मदद करते हैं। अध्यक्ष महोदय, अगर ऐसे समय में कोई किसी भी रूप में मदद कर दे तो क्या वह थोड़ी बात है ? वह बहुत भारी बात होती है। जितनी मदद उस समय मैं ले आया, उतनी मदद आज तक नहीं आयी। कर्जा भी तो किसी की रैपुटेशन पर या गुडविल पर ही मिलता है, कर्जा वैसे ही नहीं मिलता। वह कर्जा भी आप अभी तक लौटा नहीं पाए जिसकी वजह से स्टेट की बदनामी हो रही है।

**श्री अध्यक्ष :** भजन लाल जी, आप पहले यह बता दें कि वह कर्जा था या ग्रांट थी ?

**श्री भजन लाल :** इसमें क्रैडिट भी है, ग्रान्ट भी है, अलग अलग स्कीमें हैं और उन स्कीमों के लिए भारत सरकार ने पैसा दिया हुआ है।

**श्री बंसी लाल :** ग्रांट कितनी थी, वह बता दें ?

**श्री भजन लाल :** चीफ सैक्रेटरी से फाइल मंगाकर देख लेना। चीफ सैक्रेटरी और फाइनैंस सैक्रेटरी आपको इस बारे में बता देंगे। (शोर एवं व्यवधान )

**श्री मनी राम गोदारा :** कौन-कौन सी ग्रान्ट थी, जरा उनके नाम बता दें अंग्रेजी में।

**श्री भजन लाल :** गोदारा साहब, जहां आप पढ़ा करते थे वहां भजन लाल मास्टर था और अब भी आपको भजन लाल पढ़ा सकता है। कैसी बात आप करते हो। (शोर एवं व्यवधान) अब आप स्कीमों के नाम सुनें। 1. ग्रामीण विकास योजना, 2. डी०आर०डी०ए० प्रोग्राम, 3. नहरों की सफाई का प्रोग्राम, 4. पानी निकालने के लिए सड़कों की मरम्मत, पीने का पानी, 5. लोगों की मदद करने के लिए अन्य प्रोग्राम । इस प्रकार हर तरह से भारत सरकार ने पैसा दिया।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, चौधरी भजन लाल बे-बुनियाद बातें कर रहे हैं। जो नौमर्ल ग्रान्ट भारत सरकार से आती है वह तो आती है उसके अलावा 39 करोड़ कुछ लाख रुपया भारत सरकार से ग्रांट का आया था बाकी सारा उधार था। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, एक ताज्जुब की बात यह है कि चौटाला साहब और भजन लाल बार-बार यह कहें कि मुसलमानों को इसलिये मारा जा रहा है क्योंकि यह सरकार भारतीय जनता पार्टी और विकास पार्टी के मेल-जोल की सरकार है। ये कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी को खुश करने के लिए मैं मुसलमानों को मार रहा हूं। अपनी हर स्टेटमैंट में इन दोनों ने यह कहा है। अध्यक्ष महोदय, इससे गिरी हुई बात और कोई हो नहीं सकती। मैं तो जात-पात में विश्वास ही नहीं करता। मैं तो हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई व पारसी सबको एक जैसा समझता हूं। (विघ्न)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, हमने यह नहीं कहा। हमने यह कहा है कि बी०जे०पी० के साथ इनकी गठजोड़ सरकार है, इसलिये हो सकता है कि वहां जितनी मदद जिस तरीके से होनी चाहिए, वह नहीं हुई।

**श्री बंसी लाल :** स्पीकर साहब, इसका मतलब क्या है जो ये कह रहे हैं। (विघ्न)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर साहब, चौधरी बंसी लाल जी बड़े मुतवर आदमी हैं, इनको सोच समझकर बात करनी चाहिए। ये हर मामले में हाउस को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। मैंने यह भी कहा था कि लोग इतने ज्यादा बीमार थे। जो मर चुके थे उनके परिवार में से एक बूढ़े आदमी ने निराश होकर यह कहा कि अब तो अल्लाह के अख्तियार है, वह चाहेगा तो बुला लेगा वह चाहेगा तो बचा लेगा। पहले ये मुख्यमंत्री आए थे तो पैदाइश रोक दी थी नसबंदी से पैदा होना बंद करा दिया था जो हम बच रहे हैं ये हमने सबनै मारेगा। (विघ्न)

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, जैसी इनकी क्रेडिबिलिटी है, वैसी ही ये बात कर रहे है। मैं तो किसी जात-पात या धर्म में विश्वास ही नहीं करता। (विघ्न) इनकी तरह से नारा नहीं देता फिरता कि दादा, बेटा और पोता लोगों से कहते फिर रहे थे कि इस बार मेरी इज्जत रख लो। घर घर जाकर देवी लाल बोल रहे थे कि एक जाट की इज्जत रख लो। मैंने तो झज्जर में जाकर यह कहा कि मैं जाट बनकर वोट नहीं मांगता, जो जाट बनकर वोट देना चाहे वह मेरी पार्टी को वोट मत दे। ये घर घर जाकर कहते रहे कि जाट की इज्जत बचा लो, जाट ने ऐसी इज्जत बचाई कि याद रखेंगे।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, जो आदमी हाउस का सदस्य नहीं है, उसके बारे में

0.00 बजे ये यहां पर इस प्रकार की बातें न करें। आप विपक्ष के साथियों के बोलने पर तो अंकुश लगा देते हो। जो हाउस का सदस्य नहीं है, किसी को उसके मुताल्लिक बोलने का अधिकार नहीं है। आखिर कोई सीमा तो होती होगी वरना हम सीमा का उल्लंघन कर जाएंगे तो कैसा लगेगा। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** आप मेरी बात सुनिए। आपने अच्छी तरह से मोशन रखे हैं और हमने उन पर बोलने की खुली छूट दी है। फिर आप यह आरोप क्यों लगा रहे हो कि आपको बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा (शोर एवं व्यवधान)

**श्री बंसी लाल :** स्पीकर साहब, इनके समय में पांच साल तक जब भी कोई बोलने के लिए शोर मचाता था तो उसको बाहर फेंक दिया जाता था।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके ध्यान में एक बात लाना चाहता हूं कि जो आदमी हाउस का सदस्य नहीं है उसके मुताल्लिक जिक्र इस सदन में नहीं आना चाहिए। यह नहीं कि जो जी में आया अनर्गल बात करते रहो। ऐसी बात को कहने के लिये भी कुछ समय होता है।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, हमने 868 यूनिटें खून की दीं जिनकी बीमार लोगों को वहां पर आवश्यकता थी। होमोग्लोबिन 2.3 ग्राम 17 प्रतिशत लोगों का, 3.4 ग्राम सवा तैंतीस प्रतिशत आदमियों का था और 4 ग्राम 50 प्रतिशत से ज्यादा लोगों का नहीं था। 4.5 ग्राम होमोग्लोबिन सवा अठारह प्रतिशत लोगों का था, 5.6 ग्राम के साढ़े नौ प्रतिशत लोग थे और छः ग्राम होमोग्लोबिन के सवा पांच प्रतिशत लोग थे। यानि 83 प्रतिशत आदमियों का होमोग्लोबिन 6 ग्राम से कम था। टोटल मिलाकर 6 ग्राम होमोग्लोबिन से अधिक साढ़े सत्तरह प्रतिशत लोग थे। यह सब डाक्टरों ने और एक्सपर्टस ने बताया है कि एक दिन में या दो महीने में या 6 महीने में यह होमोग्लोबिन इतना कम नहीं होता। यह तो पिछले कुछ सालों का परिणाम है। माल न्यूट्रेशन का सवाल तो छः महीने से ही आया है। छः महीने में होमोग्लोबिन 3.4 ग्राम पर नहीं पहुंचता। अध्यक्ष महोदय, यह जवाब तो चौधरी भजन लाल जी को देना चाहिये क्योंकि पिछले पांच सालों में तो उनकी सरकार रही है। वे पहले बड़े जोर से कहते थे कि प्रधानमंत्री के बाद पूरे देश में नम्बर दो की कुर्सी मेरी है। क्योंकि सरकार बचाने के लिये मैं ही एम०पीज०को तोड़कर लाया था। अब सी०बी०आई० के सदस्यों के सामने क्यों नहीं कहते। (व्यवधान)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष :** भजन लाल जी आप बैठिये।

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, मैंने सरकार बचाई है या नहीं बचाई ? एक सीनीयर लीडर होने के नाते मेरा सरकार बचाने का धर्म है। (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं प्वायंट आफ आर्डर पर बोल

रहा हूं। यह रिकार्ड किया जाये।

**श्री बंसी लाल** : आप कितने एम० पी० तोड़कर लाये थे ?

**श्री भजन लाल** : मैंने कोई एम० पी० नहीं तोड़े। सरकार बचाने का काम हम जरूर करेंगे। हम डरते नहीं हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री मनी राम गोदारा** : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। (शोर) भजन लाल जी नम्बर दो की कुर्सी नहीं कहते थे बल्कि ये कहते थे कि मैं हिन्दुस्तान के अन्दर नम्बर दो का आदमी हूं।

## बैठक का समय बढ़ाना

**श्री अध्यक्ष** : अगर हाऊस की सहमति हो तो बैठक का समय आधे घंटे के लिये और बढ़ा दिया जाए।

**आवाजें** : ठीक है जी।

**श्री अध्यक्ष** : बैठक का समय आधे घंटे के लिये और बढ़ाया जाता है।

## मेवात क्षेत्र में डेंगू तथा मलेरिया बुखार के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के संबंध में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति (पुनरारम्भ)

**श्री भजन लाल** : अध्यक्ष महोदय, जैसे कि अभी इन्होंने कहा कि मैं नम्बर-2 का हूं। ठीक है मैं नम्बर -2 का हूं और गोदारा साहब नम्बर -4 के हैं या नम्बर -5 के हैं, यह तो मैं नहीं कह सकता लेकिन इतनी बात जरूर कह सकता हूं कि गोदारा का मैं गुरू हूं (हंसी) और ऐसी घटिया बात मैं नहीं करता वरना मैं इनके बारे में बहुत कुछ कह सकता हूं।

**श्री बंसी लाल** : अध्यक्ष महोदय, इनकी बात का जवाब मैं दे देता हूं, गोदारा साहब ने ही इनको गांव की पंचायत का मैंबर बनवाया था। ये उनके ही पाले हुये हैं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, फिर इसके बाद ये कहते थे कि मैं राजस्थान का पी० एच० डी० हूं। जयपुर गये और जयपुर में जाकर जब अखबार वालों ने इनसे पूछा कि चौधरी भजन लाल जी आप जयपुर में कब तक ठहरेंगे तो चौधरी भजन लाल जी ने कहा कि जब तक राजस्थान में कांग्रेस की सरकार नहीं बन जाती तब तक। उस समय मैं और दहिया जी रिवाड़ी में थे । मैंने वहां लोगों से कहा कि अब तो हरियाणा का पीछा 5 साल के लिये छूट गया। क्योंकि सरकार तो भैरो सिंह शेखावत की ही बननी थी और ये वहां से आएंगे नहीं। भैरो सिंह शेखावत ने इनको पी०एच०डी० की डिग्री दी होगी और फिर छीन ली।

**श्री भजन लाल** : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मैंने पी०एच०डी० की डिग्री की बात नहीं की है।

**श्री वीरेन्द्र सिंह** : अध्यक्ष महोदय, मेरी सबमिशन है कि श्री ओ०पी०चौटाला, श्री भजन लाल व श्री बंसी लाल इस प्रकार से क्यों हरियाणा का पैसा बर्बाद करें। तनिक हमारी बात भी सुन लें।

**श्री भजन लाल** : अध्यक्ष महोदय, मैं चुनावों के दौरान राजस्थान का इंचार्ज था। मैंने सोचा कि कोशिश करें कि यहां पर कांग्रेस की सरकार बने। यह हमारा धर्म भी बन जाता है कि जब कोई हमें

[श्री भजन लाल]

जिम्मेवारी सौंपता है तो कोशिश जरूर करनी चाहिए। चाहे बने या न बने, यह अलग बात है।

**श्री अध्यक्ष :** भजन लाल जी, कृपया अब आप बैठिये।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, श्री भैरो सिंह शेखावत ने चौधरी भजन लाल जी को पी०एच०डी० की डिग्री दी और फिर छीन ली और कहा "पुनः मूषको भवः"। उसके बाद ये डेरा उठाकर के वापिस आ गये। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि चौधरी भजन लाल जी एक बात और कहा करते थे कि अगर मैं अकेला एम०एल०ए० भी बन जाऊं तो मुख्यमंत्री बन जाऊंगा। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि इनकी बारात में 8 और बाराती बैठे हैं, अब ये मुख्यमंत्री बनकर दिखा दें। अध्यक्ष महोदय, इनके बारे में क्या-क्या बताऊं, बताते-बताते दिन निकल आएगा। (विघ्न) हां तो अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि हमने मेवात में 868 यूनिटस ब्लड दिया। एक आदमी को एक यूनिट दिया गया, कुछ केसिज़ में एक यूनिट से ज्यादा भी दिया गया, अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जब हम 850 आदमियों को खून दे रहे हैं तो क्या हम सोए हुए थे। क्या वह अपने आप ही लग गया। क्या सरकार ने कोई प्रबन्ध नहीं किया। मैं बताना चाहता हूं कि हमने मलेरिया के केसिज़ में 2 लाख 19 हजार स्लाइड्ज़ लिये और 1,71,187 को एग्जामिन किया। We were aware of the situation and we were doing our best. जैसे कि श्री खुर्शीद अहमद जी कह रहे थे या किसी और साथी ने कहा कि ड्रेंज का इंस्पैक्शन भी जून में हो जाना चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि जून नहीं फरवरी में हो जाएगा और जून से पहले ड्रेंज की सफाई करवा कर 15 जून को मीटिंग भी बुला लेंगे। (थंपिंग)

**श्री खुर्शीद अहमद :** इस साल बाढ़ का जो पानी आया है वह भी नहीं खड़ा रहना चाहिए।

**श्री बंसी लाल :** वह भी ड्रेन आउट कर दिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, चौधरी खुर्शीद जी ने मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड के बारे में बात कही। यह बात ठीक है कि मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड चौधरी भजन लाल जी ने बनाया था लेकिन वह बोर्ड बनाने के बाद इन्होंने उसको ऐसा दे दिया जैसे टूक दिखाता जा और चालता जा।

**श्री भजन लाल :** आप यह भी बता दें कि मेरे टाईम में उस बोर्ड के द्वारा कितना पैसा खर्च किया गया है ?

**श्री बंसी लाल :** इस साल मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड के जरिए हम 16 करोड़ 73 लाख रुपये खर्च करेंगे। अध्यक्ष महोदय, हमने भारत सरकार से 11 करोड़ रुपए की मांग की है। वह 11 करोड़ रुपया हमने इसी साल में मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड के लिए मांगा है। वह पैसा हम मेवात में बीमारी की रोकथाम पर खर्च करेंगे। उस पैसे की मंजूरी के लिए भारत सरकार के हैल्थ मिनिस्टर ने ऊपर रिकमैंडेशन कर दी है लेकिन अभी तक वह पैसा ऊपर से मंजूर हो कर नहीं आया है। अध्यक्ष महोदय, अगले साल के लिए हमारा ईरादा है कि हम मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड के लिए 40 करोड़ रुपये का प्राबधान करेंगे जिसमें से 20 करोड़ रुपया स्टेट का होगा और 20 करोड़ रुपया भारत सरकार का होगा। वहां पर बीमारी की रोकथाम के लिये गुड़गांव और फरीदाबाद में हमारे हैल्थ सर्विसज के दो डायरेक्टर बैठे हैं जो डे-टू-डे मोनेटरिंग करते हैं और डे-टू-डे सुपरवाइज करते हैं। इससे ज्यादा कोई सरकार और क्या कर सकती है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक डैथस का सवाल है, हम कहते हैं कि मलेरिया के कारण 2 हजार 47 डैथस हुई हैं लेकिन यह फिग्गर मिलेगी 1200 से ले कर 2 हजार 47 के बीच में 2 हजार 47 पूरी नहीं मिलेगी इससे कम मिलेंगी। मैं यह हायर साइड में बता रहा हूं ताकि कोई बात छिपाई न जा सके। रही बात

मुआवजे की। मुआवजे के लिए भारत सरकार ने जो नार्म्ज तय कर रखे है हम उससे ज्यादा ही मुआवजा देंगे। जो मौतें हुई हैं उनका मुआवजा हम देंगे। जो मवेशी मरे हैं उनका मुआवजा भी हम देंगे। जो जायज मुआवजा है वह हम जरूर देंगे। मेवात के एरिया में जो बाढ़ का पानी खड़ा है वह निकलवा देंगे। वहां पर जो एक ही फसल होती है वह हो जाएगी।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** चौधरी साहब, मेवात में दो तरह की समस्याएं लोगों के सामने हैं। एक तो यह है कि वहां पर साल में एक ही फसल होती है। उसके लिये कोई ऐसा प्रावधान किया जाए जिसके जरिए मेवात के लोगों को नहर का पानी मिल सके या कोई ऐसा बीज तैयार किया जाए जिससे वे लोग साल में दो फसल ले सकें। दूसरी बात यह है कि मेवात के लोगों का पेट पालने का जरिया दूध बेचने का है। मेवात के अन्दर देश के टोप के दो तीन दूध के व्यापारी हैं जो मेवात के लोगों को दूध का थोड़ा थोड़ा एडवांस पैसा दे देते हैं और उनसे सस्ते रेट पर दूध ले लेते हैं। आप इस बात को मानेंगे कि वे व्यापारी मेवात के लोगों को पूरी तरह से एक्सप्लायट करते हैं। वे व्यापारी मेवात के लोगों से बाजार भाव से सस्ते रेट पर दूध खरीदते हैं जिससे वहां के लोगों को कोई बचत नहीं होती है। यह उनका एक तरह से शोषण है।

**श्री बंसी लाल :** इस बात को भी एग्जामिन कर लेंगे। अध्यक्ष महोदय, मेवात के एरिया में साल में दो फसलें पैदा कराने का काम वाईस चांसलर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार के जिम्मे लगा देंगे और इस बारे में जो कोई रास्ता निकल सकता है वह जरूर निकालेंगे। हमने इस साल सहायता के लिये प्राइम मिनिस्टर को भी लिखा है और डिप्टी चेयरमैन प्लानिंग कमिशन को भी लिखा है। जो 2 हजार 47 फीवर रिलेटिड मौतें हुई बताई हैं, वे इस फिग्गर से कम हैं इससे ज्यादा नहीं हैं।

**श्री खुर्शीद अहमद :** क्या आप इस बारे में जांच करने के लिए कोई कमेटी मुकर्रर करेंगे ?

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, चौधरी खुर्शीद अहमद जी ने एक बात बड़े काम की कही है। उन्होंने कहा है कि एक मीनिंगफुल कमेटी बनाई जाए जो पावरफुल हो जिसको कुछ करने का अख्त्यार हो। अध्यक्ष महोदय, मैं कमेटी बना देता हूं। मेरी चेयरमैनशिप में सरकार की एक कमेटी बना देंगे जिसके मैम्बर मेवात क्षेत्र के विधायक और वहां के एम०पी० होंगे। कमेटी बना देंगे कोई दिक्कत नहीं। वह कमेटी एक एक चीज की जांच कर लेगी। We will take care of the entire suggestions of Ch. Khurshid Ahmed.

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** हम इस कमेटी को नहीं मानते हम चाहते हैं कि हाउस की कमेटी बनाई जाये।

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, जिस कमेटी का मैं चेयरमैन हूं उससे पावरफुल और कमेटी क्या हो सकती है और इस कमेटी में मैं वहां के एम०पी० और एम०एल०एज० को भी शामिल कर रहा हूं।

**श्री भजन लाल :** आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर। मैं चाहता हूं कि हाउस की एक कमेटी बनाई जाये क्योंकि ये कह रहे हैं कि वहां पर 904 आदमी ही मरे हैं जबकि वहां पर बहुत अधिक मरे हैं।

**श्री अध्यक्ष :** भजन लाल जी आप बहुत सीनियर आदमी है। आप न तो प्वांयट आफ आर्डर पर बोल रहे हैं और न ही चेयर को संबोधित कर रहे हैं।

**श्री भजन लाल :** यह तो रिकार्ड में है। मैं प्वायंट आफ आर्डर पर बोल रहा हूं।

**Mr. Speaker :** Nothing to be recorded. There should not be a running commentary.

**श्री राम बिलास शर्मा :** अध्यक्ष महोदय, जिस कमेटी के चेयरमैन खुद चीफ मिनिस्टर हों और उस कमेटी में खुर्शीद अहमद जी और मेवात क्षेत्र के बाकी एम०एल०एज० और उस क्षेत्र के एम०पी० हों तो उससे ज्यादा पावरफुल कमेटी क्या हो सकती है। एक कमेटी बनाने के लिये खुर्शीद अहमद जी ने कहा था और बीरेन्द्र सिंह जी ने उसको कन्फर्म भी किया था। यह सुझाव बहुत अच्छा है और इसको सभी को मानना चाहिए।

**श्री भजन लाल :** हम इस कमेटी को कमेटी नहीं मानते। सभी पार्टीज के मैम्बरों की कमेटी होनी चाहिए।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** आन ए प्वायंट आफ आर्डर। अध्यक्ष महोदय, मैं इस प्वायंट पर एक क्लैरिफिकेशन चाहता हूं कि जिस कमेटी के चेयरमैन स्वयं मुख्यमंत्री हों और उस कमेटी में उस क्षेत्र के एम०एल०एज० और वहां के एम०पी० मैम्बर हों, अलग बात है। लेकिन असल बात यह है कि स्वयं मुख्यमंत्री को तो रोजमर्रा के ही बहुत अधिक काम होते हैं क्या ये इसके लिए समय निकाल पाएंगे, इसमें संदेह है। ये फिर अधिकारियों से बात करके बात करते रहेंगे। इनके पास समय नहीं होगा।

**श्री बंसी लाल :** मैं अब भी खुद इस मामले को देख रहा हूं।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** मैं फिर कहता हूं कि क्या आप समय दे पायेंगे । आप तो सरकार के दूसरे कामों में व्यस्त रहेंगे।

**श्री अध्यक्ष :** जब मुख्यमंत्री जी खुद चेयरमैन होंगे और वे समय देने के लिए कह रहे हैं, तो फिर वे समय देंगे ही।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर साहब, मेवात में जो घटना घटी है उस बारे में बहस के दौरान सभी पार्टियों की तरफ से सुझाव आया था कि इस मामले पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम किया जाये और यहां पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चर्चा हुई। आपने सभी को बोलने का पूरा पूरा मौका दिया इसके लिए हम सभी आपके आभारी हैं। मेवात में सरकार की नैगलीजैंसी की वजह से 7-8 हजार लोग मर चुके हैं। हर घर में बीमारी से 3-4 आदमी प्रभावित हुए हैं। सरकार ने कोई प्रयास नहीं किये जिस कारण यह सब कुछ हुआ। मैं चाहता हूं कि जो मर गए वो तो बेचारे चले गए लेकिन जो बीमार हैं उनको बचाने के लिए तो प्रयास किए जाएं। यह पता लगाया जाये कि किसकी नैगलीजैंस की वजह से यह हुआ, इसलिए सभी का सुझाव है कि हाउस की एक कमेटी बनाई जाये।

**श्री अध्यक्ष :** मैम्बर साहेबान, इस एडजर्नमेंट मोशन पर बहुत बहस हो चुकी है। अपोजीशन के मैम्बर भी बैठे हैं और रूलिंग पार्टी के भी बैठे हैं। अब लास्ट में वोटिंग करवा दी जाए। (विघ्न एवं शोर)

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, वोटिंग तो जरूर होनी चाहिए ताकि पता तो चले। (विघ्न एवं शोर)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, इस पर वोटिंग की क्या आवश्यकता है। (विघ्न)

**Shri Khurshid Ahmed :** I request that this should not be made a controversial thing. It should be taken unanimously.

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, इस पर वोटिंग जरूर होनी चाहिए, हम वोटिंग के लिए तैयार हैं, आगे इनकी मर्जी। (विघ्न)

---

## वाक आउट

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर साहब, सरकार की नैगलीजैंसी की वजह से इतने लोग मरे हैं। आप हाउस की एक कमेटी अब बना दें। अगर इस बात के लिए सत्ता पक्ष तैयार है तो ठीक है। यह कमेटी इस बात की इन्क्वायरी करे। अगर सत्ता पक्ष इस प्रकार की कमेटी के लिए तैयार है तो ठीक है वरना हम इस प्रकार की कमेटी को नहीं मानते हैं जैसे कि इन्होंने गठित करने का प्रस्ताव किया है। (विघ्न एवं शोर)

**श्री बंसी लाल :** अध्यक्ष महोदय, इसमें सरकार की क्या नैगलीजैंसी है। (विघ्न)

**श्री भजन लाल :** अध्यक्ष महोदय, अगर सत्ता पक्ष हाउस की कमेटी बनाने के लिए तैयार नहीं है तो हम इस प्रकार की कमेटी के लिए तैयार नहीं है और इसके विरोध स्वरूप हाउस से वाकआउट करते हैं। (विघ्न एवं शोर)

**श्री ओम प्रकास चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, इस ईशू पर विरोध स्वरूप हम भी वाकआउट करते हैं। (इस समय विपक्ष के सभी उपस्थित सदस्य हाउस से वाकआउट कर गए।)

---

## बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की पहली रिपोर्ट पेश करना

**Mr. Speaker :** Hon'ble members, now I report the time table fixed by the Business Advisory Committee in regard to various business.

"The Committee met at 10.00 A.M. on Monday, the 18th November, 1996 in the Chamber of the Hon'ble Speaker.

The Committee recommends that unless the Speaker otherwise directs the Assembly, whilst in session, shall meet on Monday at 2.00 P.M. and adjourn at 6.30 P.M. and on Tuesday, Wednesday and Thursday at 9.30 A.M. and adjourn at 1.30 P.M. without question being put.

The Committee also recommends that on Friday, the 22nd November, 1996, the Assembly shall meet at 9.30 A.M. and adjourn after the conclusion of the Business entered in the list of Business for the day.

The Committee, after some discussion, further recommends that the business from the 18th Novenber, 1996 to 22nd November, 1996 be transacted by the Sabha as under :-

**Monday, the 18th November, 1996 (2.00 P.M.)**

1. Obituary references.
2. Questions Hour.

[Mr. Speaker]

3. Presentation and adoption of First Report of the Business Advisory Committee.
4. Paper to be laid/relaid on the Table of the House.
5. Presentation of Excess Demands over Grants and Appropriations for the year 1990-91 and 1991-92.

**Tuesday, the 19th November, 1996 (9.30 A.M.)**

1. Questions Hour.
2. Discussion and Voting on the Excess Demands over Grants and Appropriations for the years 1990-91and 1991-92.
3. Legislative Business.

**Wednesday, the 20th November, 1996 (9.30 A.M.)**

1. Questions Hour.
2. The Haryana Appropriation Bill in respect of Excess Demands over Grants and Appropriations for the year 1990-91.
3. The Haryana Appropriation Bill in respect of Excess Demands over Grants and Appropriations for the year 1991-92.
4. Legislative Business.

**Thursday, the 21st November, 1996 (9.30 A.M.)**

1. Questions Hour.
2. Non-official Business.
3. Any other Busuness.

**Friday, the 22st November, 1996 (9.30 A.M.)**

1. Question Hour.
2. Motion under Rule 15 regarding non-stop sitting.
3. Motion under Rule 16 regarding adjournment of the Sabha sine-die.
4. Legislative Business.
5. Any other Business.

**Mr. Speaker :** Now the Parliamentary Affairs Minister will move the motion that this House agrees with the recommendations contained in the First Report of the Business Advisory Committee.

**Development & Panchayats Minister** (Shri Jagan Nath ) : Sir, I beg to move-

That this House agrees with the recommendations contained in the First Report of the Business Advisory Committee.

**Mr. Speaker :** Motion moved-

That this House agrees with the recommendations contained in the First

Report of the Business Advisory Committee.

**Mr. Speaker :** Question is-

That this House agrees with the recommendations contained in the First Report of the Business Advisory Committee.

The motion was carried.

---

## सदन की मेज़ पर रखे गए/पुनः रखे गए कागज़ पत्र

**Mr. Speaker :** Now a Minister will lay/re-lay papers on the Table of the House.

**Development & Panchayats Minister** (Shri Jagan Nath ) : Sir, I beg to lay on the Table-

The Punjab Excise (Haryana Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No. 1 of 1996.)

Guru Jambheshwar University Hisar (Second Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No. 2 of 1996).

Guru Jambheshwar University Hisar (Third Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No. 3 of 1996).

The Kurukshetra University ( Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No. 4 of 1996).

The Maharshi Dayanand University ( Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No. 5 of 1996).

The Registration (Haryana Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No.6 of 1996).

The Haryana Municipal Corporation (Second Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No. 7 of 1996).

The Haryana Municipal Corporation (Second Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No. 8 of 1996).

The Punjab Excise (Haryana Second Amendment) Ordinance, 1996 (Haryana Ordinance No. 9 of 1996).

Sir, I beg to re-lay on the Table-

The Excise and Taxation Department Notification No. G.S.R.91/H.A.20/73/S.64/95, Dated the 6th December, 1995 regarding the Haryana General Sales Tax (Fourth Amendment) Rules, 1995 as required under Section 64(3) of the Haryana General Sales Tax Act, 1973.

[Shri Jagan Nath]

The Excise and Taxation Notification No. G.S.R.5/H.A.20/73/S. 64/96, dated the 16th January, 1996 regarding the Haryana General Sales Tax (First Amendment) Rules, 1996 as required under Section 64(3) of the Haryana General Sales Tax Act, 1973.

The General Administration Department (General Services) Notification No. G.S.R.9/Const./Art. 320/Amd.(1)/96, dated the 9th February, 1996 regarding the Haryana Public Service Commission (Limitation of Functions) First Amendment Regulations, 1996 as required under Article 320(5) of the Constitution of India.

The General Administration Department (General Services) Notification No. G.S.R.10/Const./Art. 320/Amd.(2)/96, dated the 9th February, 1996 regarding the Haryana Public Service Commission (Limitation of Functions) Second Amendment Regulations, 1996 as required under Article 320(5) of the Constitution of India.

Sir, I beg to lay on the Table-

The General Administration Department (General services) Notification No.G.S.R.25/Const./Art.320/Amd.(3)/96, dated the 4th April, 1996 regarding the Haryana Public Service Commission (Limitation of Functions) Third Amendment Regulations, 1996 as required under Article 320(5) of the Constitution of India.

The Administration of Justice Department Notification No. G.S.R.16/C.A.39/1987/S.28/96, dated the 27th February/26th April, 1996 regarding the Haryana State Legal Service Authority Rules, 1996 as required under Section 30(2) of the Legal Services Authorities Act, 1987.

The Commercial Taxes Department Notification No. G.S.R. 100/H.A.20/73/S. 64/96, dated the 8th November, 1996 regarding the Haryana General Sales Tax (Third Amendment) Rules, 1996 as required under Section 64(3) of the Haryana General Sales Tax Act, 1973.

The Prohibition, Excise and Taxation Department Notification No. G.S.R. 47/H.A. 20/73/S. 64/96, dated the 5th July, 1996 regarding the Haryana General Sales Tax (Second Amendment) Rules, 1996 as required under section 64(3) of the Haryana General Sales Tax Act, 1973.

The 16th Annual Report and Balance Sheet of Haryana State Handloom & Handicrafts Corporation Limited for the year 1991-92 as required under Section 619-A(3) of the Companies Act, 1956.

The Annual Report of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar for the year 1993-94 as required under Section 39 (3) of the Haryana and Punjab Agricultural Universities Act, 1970.

The Grant Utilisation Certificate and Audit Report for the year 1993-94 of the Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar as required under Section 34(5) of the Haryana and Punjab Agricultural Universities Act, 1970.

The 22nd Annual Report of Haryana Tanneries Limited for the year 1993-94 as required under Section 619-A(3) of the Companies Act, 1956.

The 27th Annual Report of the Haryana Warehousing Corporation for the year 1994-95 as required under Section 31(11) of the Warehousing Corporation Act, 1962.

The 28th Annual Report of the Haryana Warehousing Corporation for the year 1994-95 as required under Section 31(11) of the Warehousing Corporation Act, 1962.

The 28th Annual Report and Accounts of Haryana Agro-Industries Corporation Limited for the year 1994-95 as required under Section 619-A(3) of the Companies Act, 1956.

The 28th Annual Report of the Haryana State Industrial Development Corporation Limited for the year 1994-95 as required under Section 619-A(3) of the Companies Act, 1956.

The 21st Annual Report of the Haryana Seeds Development Corporation Limited for the year 1994-95 as required under Section 619-A(3) of the Companies Act, 1956.

The Administrative Report of Haryana State Electricity Board for the year 1993-94 as required under Section 75(1) of the Electricity (Supply) Act, 1948.

The 28th Annual Statement of Accounts of the Haryana State Electricity Board for the year 1994-95 as required under Section 69(5) (a) of the Electricity (Supply) Act, 1948.

The Statement showing the Loans raised by the Haryana State Electricity Board upto 15-1-1996 as required under Section 66 of the Electricity (Supply) Act, 1948.

The Annaul Financial Statement of the Haryana State Electricity Board for the year 1996-97 and revised Estimates for the year 1995-96 as required under Section 61(3) of the Electricity (Supply) Act, 1948.

**Finance Minister** (Seth Siri Kishan Dass) : Sir, I beg to lay on the Table the Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year ended 31st March, 1996 No. 1 (Revenue Receipts) of the Government of Haryana in pursuance of the provisions of Clause (2) of Article 151 of the Constitution of India.

## वर्ष 1990-91 तथा 1991-92 के लिए अनुदानों तथा विनियोजनों से अधिक मांगें प्रस्तुत करना।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the Finance Minister will present the excess demands over grants and Appropriations for the years 1990-91 and 1991-92.

**वित्त मंत्री (सेठ सिरी किशन दास) :** श्रीमान जी, मैं वर्ष, 1990-91 तथा 1991-92 के लिए अनुदानों और विनियोजनों से अधिक मांगे प्रस्तुत करने के लिए अनुमति चाहता हूं। इनमें की गई मांगे राज्यपाल महोदय की सिफारिशों पर की गई हैं।

**Mr. Speaker :** Now the House is adjourned till 9.30 A.M. tomorrow.

***20.23 hrs.** (The Sabha then *adjourned till 9.30 a.m on Tuesday, the 19th November, 1996).

Haryana Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY Chandigarh